बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 159, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





भारत से व्यापार शुरू करे पाकिस्तान, उद्यमियों की मांग 16

पुष्पा द रूल का प्रोमो गाना रिलीज 15


### आंवला के आलमपुर जाफराबाद और शाहजहांपुर में प्रधानमंत्री ने किया सभाओं को संबोधित

# ओबीसी का हक छीनना चाहते हैं दो शहजादे

संवाददाता, बरेली/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** ओबीसी बाहुल्य आंवला लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोकस ओबीसी से जुड़े मुद्दों पर ही रहा। आलमपुर जाफराबाद में बृहस्पतिवार को उन्होंने चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में दो शहजादे की जोड़ी ओबीसी का हक छीनना चाहती है। दोनों की दोस्ती तुष्टीकरण की राजनीति की वजह से है। वे भाषणों में तो ओबीसी को हक देने की बात कहते हैं लेकिन पिछले दरवाजे से उनका हक दूसरों को देना चाहते हैं। सपा पर परिवारवाद का भी आरोप लगाया।

आंवला और बदायूं लोकसभा क्षेत्र की संयुक्त जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन तुष्टीकरण के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। कांग्रेस का खतरनाक पंजा आपका हक छीनने वाला है। कांग्रेस का इरादा ओबीसी को मिलने वाला आरक्षण छीनकर उसका हिस्सा अपनी खास पसंद की वोट बैंक को देने का है। ओबीसी का यह हक को छीनकर उसे वोट बैंक की राजनीति को मजबूत करने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। कांग्रेस के इस इरादे पर सपा के शहजादे ने चुप्पी साध ली है। प्रधानमंत्री ने कहा, याद करिए उत्तर प्रदेश में 2012 में हुए विधानसभा चुनाव के पहले यूपीए सरकार ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने का काम किया था। उस समय वे सफल नहीं हुए, लेकिन अब फिर मिलकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने में जुट गए हैं। बोले, मैं ओबीसी का आरक्षण कांग्रेस को छीनने नहीं दूंगा। सपा पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि सपा को अपने परिवार के बाहर कोई ऐसा यादव नहीं मिला, जिसे वह टिकट दे सके। प्रधानमंत्री के साथ मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, सांसद संतोष गंगवार, बदायूं की सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, आंवला के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप, बदायूं के प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य, मंत्री धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



आलमपुर जाफराबाद स्थित सैनिक पड़ाव मैदान में संयुक्त जनसभा को समबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंवला लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप और बदायूं लोकसभा प्रत्याशी दुग्विजय शाक्य की जिताने की अपील।

### पीठ थपथपाकर बढ़ाया धर्मेंद्र का हौसला दुर्विजय के लिए भी की वोट की अपील

पीएम ने संबोधन से पहले आंवला के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप से पूछा कि चुनाव कैसा चल रहा है। कौन- कौन से क्षेत्र हैं और बाकी जगह क्या समीकरण हैं। इसके बाद पीठ थपथपाकर उनकी हौसला अफजाई की और फिर भीड़ देखकर बोले, इस बार आपकी हैट्रिक है। लोगों का उत्साह देखकर लग रहा है कि वे सरकार के काम से काफी खुश है। संबोधन के दौरान लोगों से भी कहा कि आंवला से प्रत्याशी हमारे पुराने साथी धर्मेंद्र कश्यप और बदायूं से दुर्विजय शाक्य को आपका दिया वोट मोदी को ही जाएगा।

### नए अवसरों की धरती बन रहा यूपी

प्रधानमंत्री ने योगी आदित्यनाथ की भी प्रशंसा की। कहा, योगी और उनकी टीम जो मेहनत कर रही है, उससे यूपी की पहचान नए अवसरों की धरती के तौर पर बन रही है। योगी के नेतृत्व मे यूपी का भाग्य बदल रहा है। यूपी का सांसद होने के नाते उनके लिए यह गर्व की बात है। आंवला में नैनो यूरिया की फैक्ट्री है। ऐसे अनेक कारखाने उत्तर प्रदेश में लग रहे हैं। पहले जनता के हक का पैसा भ्रष्टाचारी लूट लेते थे लेकिन अब बरेली और बदायूं में विकास हो रहा है।

## कांग्रेस हो जाएगी विलुप्त सपा होगी समाप्त पार्टी




जनसभा को संबोधित करते राजनाथ सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **खीरी में सपा, कांग्रेस पर जमकर बरसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह**

**अमृत विचारः** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि जिस तरह डायनसोर धरती से विलुप्त हो गया, उसी तरह कांग्रेस विलुप्त हो जाएगी। इस चुनाव के बाद यही हाल सपा को होने वाला है। रक्षा मंत्री ने बृहस्पतिवार को भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी और धौरहरा से प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र के बारे में कहा कि वह सांसदों के सवालों का बहुत ही खूबसूरती से जवाब देते हैं। वहीं रेखा वर्मा को उत्तर प्रदेश की आवाज उठाने वाली बताया। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा प्रदेश होने के बाद उत्तर प्रदेश को जिस ऊंचाई पर चाहिए, उस ऊंचाई तक नहीं पहुंचाया गया, लेकिन गर्व से कहना चाहता हूं कि जब से भाजपा की सरकार बनी, तबसे उत्तर प्रदेश का कद बढ़ा है। कानून और व्यवस्था चुस्त, दुरुस्त हुई हुई है।












## दूसरे चरण का मतदान आज

**नई दिल्ली।** आम चुनाव के दूसरे चरण में 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान कराने के लिये सभी आवश्यक तैयारी कर ली गयी हैं। इस दौरान कई दिग्गजों की साख दांव पर होगी।

इस चरण में जिन उम्मीदवारों का भविष्य ईवीएम मशीनों में दर्ज होना है उनमें कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राजीव चंद्र शेखर, पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी भी शाामिल हैं।

प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों के लिए मतदान होगा। मतदान के लिए सभी क्षेत्रों में पोलिंग पार्टियां पहुंच गईं हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदान की पूर्व संध्या पर मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील की। उन्होंने बताया कि इस चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## चुनाव आयोग ने कांग्रेस भाजपा को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री और भाजपा के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक वक्तव्यों के जरिये आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने के खिलाफ विभिन्न शिकायतों पर दोनों पार्टियों को गुरुवार को नोटिस जारी किया। चुनाव आयोग ने मोदी की विभिन्न चुनाव रैलियों में उनकी कुछ टिप्पणियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से दर्ज़ कराई गयी शिकायतों पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी किया है।

## कन्नौज से अखिलेश ने भरा पर्चा



जिला निर्वाचन अधिकारी को नामांकन पत्र सौंपते अखिलेश यादव।

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचारः** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कन्नौज कलेक्ट्रेट पहुंचकर पर्चा दाखिल कर दिया।

उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान से ही भाजपा की हार का सिलसिला शुरू हो गया है, इसलिए भाजपा के बड़े नेताओं की भाषा बदल गई है। अपनी कमियां छिपाने के लिए सरकार तरह-तरह के बहाने कर रही है। उन्होंने कहा कि कन्नौज के विकास की आधारशिला समाजवादियों ने रखी थी। भाजपा सरकार ने केवल नकारात्मकता और नफरत की राजनीति की है जिसे अब जनता जान चुकी है। गुरुवार को उन्होंने दोपहर 12 बजे राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे व अन्य के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर रिटर्निंग अफसर शुभ्रांत कुमार शुक्ल के समक्ष नामांकन किया।




## शहर में आज

- शहर में विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा जागरूकता रैली निकाली जाएगी।
- जिला पंचायत सभागार में प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टर चेक होंगे सुबह 10 बजे।

## एक नजर

### निर्धन व मेधावी छात्र नुकुल को दी गईं मुफ्त पुस्तकें

**बिसौली।** क्षेत्र के सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में निर्धन व मेधावी छात्र नुकुल को चित्रा पब्लिकेशन मेरठ के चौधरी तेजपाल सिंह ने नि :शुल्क पुस्तकें भेंट कीं। सेवा निवृत प्रबंधक सुरेश सिंह द्वारा ग्यारह सौ रुपये देकर सम्मानित किया गया। उसकी उच्च पढ़ाई में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। नकुल ने कक्षा दस में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। रिटायर्ड शिक्षक ने कहा कि इस तरह मेहनत करने वाले छात्र जीवन में कामयाब होते हैं। उन्हें कोई कार्य मुश्किल नहीं होता। छात्र नकुल ने यह सिद्ध कर दिया है। इस छात्र से अन्य छात्र छात्राओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर शहादत बख्श, राजकुमार शर्मा, नीरज चौहान, प्रवीण मिश्रा, अश्वनी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### अर्पिता को मिला बेस्ट परफॉर्मेंस का इनाम

**बदायूं।** गुरु नानक जूनियर हाई स्कूल में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डांस प्रतियोगिता में विजेता रहने वाली अर्पिता कश्यप को सम्मानित किया गया। उन्हें डांस में अच्छा प्रदर्शन करने पर फन किड्स इंडिया के सीईओ गगन राणा ने 25 हजार रुपये का चेक देकर सम्मानित किया। स्कूल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरदीप सिंह ने कहा-अर्पिता को बचपन से ही डांस का शौक था। उसकी मेहनत का फल उसे मिला है। छात्रा इंटरनेशनल लेवल पर विनर रही है। अर्पिता ने अपने मेंटोर गगन राणा, आर .के राणा और कोरियोग्राफर राहुल आर्या के साथ ही परिनों और स्कूल का मान बढ़ाया। प्रधानाचार्या नीलम अग्रवाल, वीना कोचर, रंजीत सिंह, संजय मलिक आदि बधाई दी।

# खरपतवार नाशक दवा से नष्ट हुई शिवालिक की 12 बीघा फसल

संवाददाता, ककराला

**अमृत विचार :** एक किसान ने अपने शिवालिक की फसल में घास और खरपतवार खत्म कराने की दवा कृषि सेवा केन्द्र से लाकर लगा दी, जिससे घास खत्म नहीं हुई, शिवालिक पूरी तरह नष्ट हो गया। शिकायत करने पर कृषि सेवा केन्द्र संचालक ने किसान के साथ गाली गलौज कर जान से मार देने की धमकी देकर भगा दिया। पीड़ित ने चौकी पर पुलिस को तहरीर दी है।

कादरचौक क्षेत्र के ग्राम कुंडेली बादुल्लागंज निवासी किसान नत्थूलाल ने अपने 12 बीघा खेत में शिवालिक किया है। शिवालिक में घास और खरपतवार हो गया । किसान नत्थूलाल गांव के ही किसान सेवा केन्द्र पर पहुंचा। नत्थूलाल ने कृषि सेवा केंद्र से घास खत्म करने वाली दवा ली और अपने खेत में स्प्रे कर दिया। आरोप है कि स्प्रे करने के बाद किसान के खेत में खड़ा शिवालिक नष्ट हो गया। जबकि घास खत्म नहीं हुई। स्प्रे करने पर शिवालिक खत्म होने की शिकायत करने पहुंचे किसान के साथ कृषि सेवा केंद्र संचालक ने गाली गलौज की और जाने से मार देने की धमकी दी। आरोप है कि दुकानदार ने उस पर हमला कर दिया, जिससे चीख पुकार मच गयी। गांव के लोगों ने दौड़ कर उसे बचाया। पीड़ित किसान ने पुलिस चौकी में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है।

## सड़क पर आया नाले का पानी तो बह गई बजरी, लोगों ने की जांच की मांग

# दस दिन पहले हुई मरम्मत, अब नाली में दिखने लगे गड्ढे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर के खंडसारी मोहल्ले में नगर पालिका द्वारा बनाई गई सड़क में ठेकेदार ने खेल कर दिया। सड़क में रेता बजरी डाल दी गई। सीमेंट नहीं होने के कारण सड़क नाली के पानी से धुल गई। सड़क की दुर्दशा के चलते मोहल्ले के लोगों में भारी रोष है।

शहर के मोहल्ला खंडसारी में नगर पालिका द्वारा करीब पचास मीटर से अधिक लंबाई वाली एक सड़क की मरम्मत कराई गयी। करीब तीन लाख रुपए से कराई गई मरम्मत का कार्य शहर के ही एक


दस दिन पहले बनी सड़क की जर्जर हालत।

ठेकेदार ने दस दिन पूर्व कराया था। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि सड़क में रेत डाला गया। सीमेंट बहुत कम डाला गया। इसलिए नाली के पानी से सड़क धुल गयी।

- **मोहल्ला खंडसारी में बनाई गई थी सड़क, लोगों में रोष**

सीमेंट न लगने के कारण रेत पानी में घुलकर बह गया। नाली के पानी से सड़क के धूल जाने से सड़क कई जगह पर पुरानी वाली बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। लोगों ने कहा है कि ठेकेदार ने मानक के अनुसार कार्य नहीं कराया। लोगों का कहना है कि अभी तक नाली के पानी से सड़क के दोनो किनारे बह गए हैं मगर जब बारिश होगी तो पूरी सड़क पानी में धुल जाएगी। सड़क पर मोहल्ले के लोगों का निकलना दुश्वार हो जाएगा।

इस सड़क का निरीक्षण भी नहीं किया गया। जब सड़क की मरम्मत कराई जा रही थी तभी लोगों ने विरोध किया और सीमेंट लगाने को कहा मगर ठेकेदार ने किसी की नहीं सुनी। मोहल्ले के ही शादाब और अशरफ ने नगर पालिका प्रशासन के समक्ष यह मामला रखा और जांच कराने की मांग की। नगर पालिका प्रशासन की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की गयी। खंडसारी मोहल्ले की जर्जर सड़क की मरम्मत को काफी समय से मांग की जा रही थी। सभासद ने भी सड़क की मरम्मत का प्रस्ताव रखा मगर मरम्मत को धन स्वीकृत नहीं हो सका। इस बाद सड़क मरम्मत को तीन लाख की धनराशि स्वीकृत होने पर सड़क की मरम्मत कराई गई है जिसमें सीमेंट नहीं लगाए जाने का आरोप लगाया गया है। मोहल्ले के लोगों ने कहा है कि अब वह लोग जिलाधिकारी से मिलेंगे और सड़क की जांच कराए जाने की मांग करेंगे।वहीं इस संबंध में नगर पालिका परिषद की चेयरमैन फात्मा रजा ने कहा कि खंडसारी मोहल्ले के लोगों ने सड़क की मरम्मत मे सीमेंट नहीं लगाए जाने का आरोप लगाया है। उसकी जांच कराई जाएगी। यदि आरोप सही है तो फिर से मरम्मत कराई जाएगी। सड़क को दुरूस्त कराया जाएगा जिससे लोगों को परेशानी न हो।

# गंदगी से भरे नाले बीमारियों को दे रहे दावत

## सफाई के नाम पर हो रही खानापूर्ति, गर्मी के साथ बढ़ रही है गंदगी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन का किस तरह तरह मखौल उड़ाया जा रहा है। यह यहां पर हर जगह देखने को मिल जाएगा। जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर और नालों में भरा कचरा बीमारियों को दावत दे रहा है। गर्मियों में गंदगी की भरमार होने से संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना हुआ है। फिर भी जिम्मेदारों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। शहर के सभी बड़े नालों में कई महीनों से कूड़ा कचरा जमा है। जिससे पानी का निकास बंद हो चुका है। भारी गंदगी के चलते मच्छरों का प्रकोप भी शुरू हो चुका है। शहर में सफाई के नाम पर अभी तक कुछ भी नहीं किया गया है।

स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां उडाई जा रही है। जिसका जीता जागता सबूत मोहल्ला कादरी है वार्ड 28 है।यहां पर बडे बडे कूड़े के ढेर लगे हैं। यहां के लोगों


नई सराय के नाले में भरा कचरा और गंदगी।

का आरोप है कि यहां कोई सफाई कर्मचारी कूड़ा उठाने नहीं आता है। जिसकी वजह से यहां दुर्गन्ध आती है, जिससे लोगों में बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। लोगों का कहना है कि निकाय चुनाव से पहले कभी कभार कूड़े उठाने वाली गाड़ियां आती थीं। लेकिन निकाय चुनाव के बाद से यहां वह कूड़ा उठाने वाली गाड़ी भी नहीं आती है। और वार्ड के सभासद

- **कई नालों में रुका है पानी का बहाव, आ रही दुर्गंध**

> शहर में जल्द ही सफाई अभियान चलाया जाएगा। पहले चरण में बड़े नालों की सफाई की जाएगी, उसके बाद दूसरे चरण में छोटे नाले और कचरे के ढेर को साफ किया जाएगा। वैसे कई जगहों पर सफाई कराई गई है। बरसात से पहले सभी नालों को जेसीबी से साफ करा दिया जाएगा। जिन स्थानों पर कचरे के ढेर बताए जा रहे हैं, वहां पर सबसे पहले सफाई कराई जाएगी। **-फात्मा रजा,** चेयरमैन, नगर पालिका परिषद।

का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। वार्ड 28 कादरी कॉलोनी के लोगों में गंदगी को लेकर भारी रोष है। लोगों का कहना है कि मोहल्ले में इतनी गंदगी है कि गंदगी में रहना दुश्वार हो गया है। मच्छर बढ़ते ही जा रहे हैं। कुछ यही हाल वार्ड 25 का है। जहां सफाई कर्मी के कभी कभार ही दर्शन होते हैं। नालियां गंदगी से भरी रहती हैं। सड़कों पर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं।

शहर के नई सराय का नाला गंदगी से भरा पड़ा है। इस नाले के पानी का बहाव भी रुका हुआ है। जिससे गंदगी और बढ़ती जा रही है। मच्छर बढ़ने से रात को लोग सो भी नहीं पा रहे हैं। नगर पालिका प्रशासन को कई बार सफाई कराने को कहा गया मगर अभी तक सफाई नहीं कराई गई है। मोहल्ला लोटन नगर के नाले के आस पास रहने वाले लोग नरकीय जीवन जी रहे हैं। नाले में कई महीने से सफाई नहीं की गई है जिससे कूड़ा सड़ रहा है उससे दुर्गंध उठ रही है। वहीं सफाई कर्मियों का कहना है कि इस नाले की सफाई जेसीबी से कराई जाए तभी नाला साफ हो सकेगा।शहर के जवाहरपुरी में कुम्हारों के मकानों के पास से गुजरने वाले नाले की दशा दयनीय है। इस नाले की कभी सफाई नहीं की गयी है। जिससे स्थानीय लोगों को हर समय दुर्गन्ध में सांस लेनी पड़ रही है।

## छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी के आरोपी को सजा

**बदायूं,अमृत विचार :** छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने के तीन साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सौरभ सक्सेना ने आरोपी को दोषी माना है। दोषी को पांच साल का कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जिसकी 90 प्रतिशत धनराशि पीड़िता को दी जाएगी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव पीवारी निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया था कि 16 जुलाई 2021 दोपहर 12 बजे वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ गांव के पास खेत पर काम करके वापस आ रही थीं। एक तालाब के पास गांव निवासी मलखान पुत्र ओमपाल मिला। वह छेड़छाड़ करने लगा और अश्लील हरकत की। विरोध करने पर आरोपी गाली देने लगा। लात-घूसों से पिटाई लगा दी। घर पर बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी।

# अवकाश के दिन खुलेंगे क्रय केंद्र, गेहूं की होगी खरीद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** गेहूं खरीद की रफ्तार बढ़ाने और किसानों की सुविधा को देखते हुए अब अवकाश के दिन भी क्रय केंद्र खोले जाएंगे। छुट्टी के दिन क्रय केंद्र बंद रहने से नौकरीपेशा किसानों को काफी परेशानी होती थी। उन्हें गेहूं लेकर वापस लौटना पड़ता था या फिर आढ़तियों के हाथों फसल की बिक्री करनी पड़ती थी। लेकिन अब नई व्यवस्था शुरू होने उन्हें सहूलियत मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि जिले में संचालित 136 केंद्रों पर अब तक चार हजार 28 हजार क्विवंटल के करीब गेहूं की खरीद हो चुकी है। जिसमें से करीब 80 फीसदी भुगतान हो चुका है। जिले में गेहूं खरीद के लिए 136 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। अक्सर छुट्टियों के दिन भी किसान अपनी उपज बेचने के लिए क्रय केंद्रों पर पहुंच

- **क्रय केंद्र बंद रहने से नौकरीपेशा किसानों को होती है परेशानी**
- **जिलेभर के 136 क्रय केंद्रों पर हो रही है गेहूं खरीद**

जाते हैं।

zकेंद्र बंद होने से उन्हें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन किसानों को ज्यादा समस्याएं होती हैं जो कहीं नौकरी करते हैं।

ऐसे में छुट्टी के दिन क्रय केंद्र बंद होने से किसान गेहूं क्रय केंद्र पर नहीं पहुंच पाते हैं। इसलिए अब अवकाश के दिन भी केंद्र खुले रखने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए शासन की ओर से जिले के केंद्र प्रभारियों को निर्देश भी जारी किया गया है। इस संबंध में जिला विपणन अधिकारी अतुल कुमार वशिष्ठ ने बताया कि आदेश प्राप्त हो गया है। सभी क्रय केंद्र प्रभारियों को छुट्टी के दिन केंद्र खोलने के आदेश दे दिए गए हैं।

# हीट स्ट्रोक से बचाव को करें छाता व चश्मे का प्रयोग


न्यायालय कर्मियों और अधिवक्ताओं को जागरुक करते वक्ता।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जनपद न्यायालय परिसर में हीट स्ट्रोक से बचाव को शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद न्यायाधीश व चिकित्सकों ने न्यायालय कर्मचारियों से हीट स्ट्रोक से बचाव करने को लेकर अपील की। कहा कि गर्म हवा और धूप से बचने के लिए छाते के साथ रंगीन चश्में का प्रयोग करें। खूब पेय पदार्थों का प्रयोग करें।

शिविर में मौजूद रहे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पंकज कुमार अग्रवाल तथा डॉ. जावेद हुसैन, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. शिवमोहन कमल, डॉ. श्रीपाल,

- **न्यायाधीशों व चिकित्सकों ने कर्मियों से गर्मी के मौसम में बचाव रखने का किया आह्वान**

डॉ. मोहम्मद वसीम, मोहम्मद इलियास ने न्यायालय कर्मियों को हीट स्ट्रोक से बचाव के उपाय बताए। विधिक सचिव ने कहा कि गर्म हवा और धूप से बचाव को छाता का प्रयोग करें। रंगीन चश्मे का प्रयोग करना चाहिए, तथा पानी अधिक मात्रा में पीना चाहिए, क्योंकि पानी की कमी से शरीर की त्वचा शुष्क हो जाती है जिससे व्यक्ति के शरीर में विभिन्न प्रकार की गंभीर बीमारियां उत्पन्न हो जाती हैं।

# हनुमान जयंती पर निकाली शोभायात्रा

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** गुरुवार को कस्बे में हनुमान जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर के अलग-अलग हिस्सों में सुंदरकांड पाठ किया गया। हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में भव्य सजावट की गई। मुख्य मार्गो पर शोभायात्रा निकाली गई। मंदिरों में सुंदरकांड के पाठ के साथ ही अन्य धार्मिक आयोजन किए गए। शहर में कई जगह भंडारे भी लगाए गए।

बुधवार को नगर के अग्रवाल धर्मशाला में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। झाझरा के श्री बालाजी धाम में सवा 11 मन का लड्डू बनाकर भोग लगाया गया। इसके साथ ही यहां हनुमानजी को चाँदी का चोला चढ़ाया गया। इसके अलावा मंदिर में विराजमान पंचमुखी सिंदुरिया हनुमान जी को चांदी का चोला चढ़ाया गया। यहां हनुमान जी को 51 किलो तिरंगा लड्डू का भोग लगाया गया। वहीं बड़े मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमान मंदिर के पुजारी की अगुवाई में पूजा अर्चना कर कीर्तन भजन किए गए। नगर में भी हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर झांकियों के साथ


शोभायात्रा में शामिल मनमोहक झांकी।

- **ग्यारह मन लड्डू से लगाया गया भोग और सुंदरकांड का पाठ कर बांटा गया प्रसाद**

नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए बुध बाजार रोड, साहूकारा, बड़े मंदिर, बीच कुआं, सराय अग्रवाल धर्मशाला होते हुए शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर मनोज अग्रवाल लल्लन ,लवकुश ,मनोज टाटा ,युवराज भदौरिया, शिव शंकर रस्तोगी, पवन शर्मा ,शोभित वार्ष्णेय, मितांश पाराशरी ,ऋषभ पाराशरी ,साहू सर्वेंद्र गुप्ता, आशीष शर्मा, डॉक्टर मनोज महेश्वरी, डॉक्टर प्रवीण शर्मा, दुर्गेश, योगेश भारद्वाज, राजेश भारद्वाज, अनुपम गुप्ता, चितरंजन गुप्ता आदि राम भक्त मौजूद रहे।

### शहर में निकाली गई खाटू श्याम की शोभायात्रा

**बदायूं।** नगर में नवनिर्मित खाटू श्याम मंदिर के पूजन के अवसर पर एक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्याम प्रेमियों के साथ भगवान की प्रतिमाओं को नगर का भ्रमण कराया। साथ ही बाबा की निशान यात्रा भी निकाली। जो की बिरू आबाडी मंदिर से होकर टिकट गंज, सर्राफा बाजार, शिव चौक, इंदिरा चौक, नगला मंदिर से खाटू श्याम मंदिर आवास विकास के निकट ओम श्याम एंक्लेव पर समापन हुआ। शोभा यात्रा का हरश्यामल ज्वैलर्स, टीकाराम ज्वेलर्स, गुप्ता क्लीनिक, के साथ कई व्यापारियों ने प्रतिमाओं का पूजन किया। उसके बाद शाम 7 बजे से विशाल भंडारा व खाटू श्याम बाबा कीर्तन का आयोजन भी किया गया। जिसमें गाजियाबाद की गायत्री अनामिका शर्मा व वृंदावन के अमन मिश्री बाबा के भजनों से श्याम प्रेमियों को भक्तिमय कर दिया । बाबा के कीर्तन में आरएसएस के विभाग प्रचारक विशाल, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राममानोहर, कोतवाल गौरव विशनोई, बसपा नेता रचित गुप्ता, सचित वैश्य , अमित वार्ष्णेय, रचित बंसल, पुष्पांशु मोना शर्मा, भाजपा नेता रजनी मिश्रा, भाजपा की मोनिका गंगवार, भाजपा नेता अंकित मौर्य और हजारों की संख्या में खाटू श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

# बिल्सी क्षेत्र में नुक्कड़ सभा करके दुर्विजय ने मांगे वोट


दुर्विजय सिंह शाक्य का फूल-माला पहना कर स्वागत करते लोग।

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य ने बुधवार रात क्षेत्र में जनसंपर्क कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया। उन्होंने आधा दर्जन स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं कीं। भाजपा सरकार किसानों के हितों के लिए काम कर रही है। विकास हो रहा है। प्रदेश में जो विकास 70 साल में नहीं हुआ, वह विकास कार्य भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार

- **भाजपा प्रत्याशी ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का लोगों से किया आह्वान**

में हो रहा है। किसानों, मजदूरों, व्यापारियों, महिलाओं को सम्मान मिल रहा है। हर जिले में भेदभाव रहित विकास दिख रहा है।

विधायक हरीश शाक्य, विवेक राठी, पूर्व पालिकाध्यक्ष ओमप्रकाश सागर, मनोज मसीह, संजीव असावा, डॉ. उमेंद्र गुप्ता, मनीष असावा आदि मौजूद रहे।

## नेत्र चिकित्सकों ने 20 बच्चों की आंखों का किया परीक्षण

**बदायूं,अमृत विचार:** प्रोजेक्ट प्रकाश के अंतर्गत सर्व शिक्षा अभियान सभागार में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बीएसए की मौजूदगी में दिल्ली से आए नेत्र चिकित्सकों ने बीस बच्चों की आंखों का परीक्षण किया। इस दौरान बीएसए ने बच्चों को फल और चॉकलेट देकर स्कूल आने के लिए प्रेरित किया।

डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल दिल्ली की बाल नेत्र विशेषज्ञ डॉ पूजा पटेल ने परीक्षण के बाद सर्जरी के लिए 5 बच्चों को चिन्हित किया। प्रोजेक्ट प्रकाश के सहायक प्रोग्राम प्रबंधक राकेश कुमार ने बताया कि चिन्हित बच्चों की आंखों का इलाज निशुल्क किया जाएगा। आने जाने की व्यवस्था भी निशुल्क रहेगी।

शिविर में मौजूद रहीं बेसिक शिक्षा अधिकारी स्वाति भारती ने बताया कि नेत्र परीक्षण कैम्प कुल 20 बच्चे उपस्थित हुए। इनमें से पांच का दिल्ली में इलाज कराया जाएगा। इस दौरान जिला समन्वयक एम आई एस प्रगति सक्सेना, विशेष शिक्षक रज्जन सिंह, राजेश कुमार मौर्य आदि मौजूद रहे।

**सख्ती** प्रेक्षक व डीईओ ने किया अतिसंवेदनशील बूथों का निरीक्षण, कहा-मतदाता निर्भीक होकर मताधिकार का करें प्रयोग

# मतदान केंद्र की अव्यवस्थाओं में सुधार करने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव व जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने गुरुवार को विकासखंड क्षेत्र दहगवां के संविलियन विद्यालय करियावैन में बने अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। वहां उनके द्वारा मतदाताओं से वार्ता कर निर्भीक होकर मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। साथ ही बूथ पर व्याप्त अव्यवस्थाओं में सुधार कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

सामान्य प्रेक्षक कहा कि निर्वाचन को निष्पक्ष, सकुशल, पारदर्शी व निर्विघ्न रूप से संपन्न करना है सभी की जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन अपने स्तर से तैयारी कर रहा है, लेकिन इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने उपस्थित


बूथ का निरीक्षण करते प्रेक्षक।

ग्रामवासियों से सात मई को मतदान करने की अपील की।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि आवश्यकता पड़ने वह उनके नंबर पर संपर्क कर सकते हैं, अथवा क्षेत्र के उप जिला अधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकार के नंबर पर भी संपर्क कर अपनी निर्वाचन संबंधी समस्या का निस्तारण करा सकते हैं।

- **निर्वाचन संबंधी समस्या के निस्तारण के लिए संपर्क करने की लोगों को दी सलाह**

### प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे 27 कार्मिको को मिला नोटिस

**बदायूं।** डायट स्थित ऑडिटोरियम में चुनाव ड्यूटी करने वाले कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें 27 कार्मिक अनुपस्थित रहे हैं। इनमें तीन पीठासीन, छह प्रथम और आठ द्वितीय तथा दस तृतीय मतदान अधिकारी शामिल हैं। इन सभी को कार्मिक अधिकारी ने नोटिस जारी किया है। साथ ही जवाब न देने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

सामान्य प्रेक्षक ने 23 बदायूं संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के जनपद सम्भल की विधानसभा गुन्नौर में बनाए गए बूथ कंपोजिट विद्यालय मेउआ हसनगंज, प्राथमिक विद्यालय कैल गुन्नौर आदि बूथों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सहसवान प्रेमपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी व ग्रामवासी मौजूद रहे।

### रैली निकाल मतदान करने की दिलाई शपथ

**बदायूं।** जिले में तीसरे चरण सात मई को मतदान होना है। प्रथम चरण की वोटिंग हो चुकी है। जिसमें मतदान प्रतिशत पिछलीवार की तुलना में काफी कम रहा। इसी को देखते हुए प्रशासन मतदान प्रतिशत बढ़ाने की पुरजोर कोशिश में जुटा हुआ है। गुरुवार को शहर में ई-रिक्शा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस्लामिया इंटर कॉलेज से शुरू हुई रैली को प्रेक्षक और डीएम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके अलावा उनके द्वारा सेल्फी प्वांट से सेल्फी ली गई। साथ ही हस्ताक्षर अभियान का भी शुभारंभ किया गया। जागरूकता रैली रवाना करने से पूर्व सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा ने लोगों को मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि देश के लोकतंत्र ने आपको अपने मताधिकार के प्रयोग करने का अमूल्य उपहार दिया है इसलिए निष्पक्ष, निडर होकर तथा लालच या लोभ, प्रलोभन रहित अपने मत का प्रयोग जरूर करें और इस लोकतंत्र के पर्व के भागीदार बने। जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि सभी मतदाता आगामी 07 मई को आयोजित होने वाले मतदान के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के लोकतंत्र को मजबूत करें। इस्लामिया कॉलेज से शुरू हुई ई-रिक्शा मतदाता जागरूकता शहर के प्रमुख मार्गों पर घूमी। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, अपर जिलाधिकारी (प्र) रेनू सिंह, वित्त वैभव शर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. प्रवेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# पौधरोपण को तैयार हो रहे 76 लाख पौधे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** धरती को हरा भरा बनाने के लिए वन विभाग की पौधशालाओं में विभिन्न प्रकार के 76 लाख पौधे तैयार हो रहे हैं। वन विभाग को इस साल 13 लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य मिला है। जबकि पूरे जिले में 53 लाख पौधे रोपे जाएंगे। जुलाई में बारिश शुरू होने पर सभी विभागों को पौधारोपण अभियान में लगाया जाएगा।

वन विभाग की जनपद में 30 पौधशालाएं हैं। इन पौधशालाओं में 75 लाख 94 हजार पौधे तैयार किए जा रहे हैं। यह पौधे इस समय दो से चार फुट के हो चुके हैं। पौधशालाओं में वन विभाग द्वारा तैयार कराए जा रहे पौधों में शीशम के पांच लाख, सागौन के पांच लाख, औषधियों के पांच लाख पौधे तैयार कराए जा रहे हैं। इनके साथ ही तीस

- **शीशम, सागौन और फलदार पौधों की नई नस्ल तैयार**
- **जुलाई में होगा पौधरोपण, विभाग को मिला 13 लाख का लक्ष्य**

> इस बार जहां पौधे लगाए जाएंगे उन पौधों की देखभाल स्थानीय लोगों से कराई जाएगी। उनको देखभाल करने की जिम्मेदारी दी जाएगी। पौधों की देखभाल को किसी तरह का बजट नहीं आता है। विभाग कहीं कहीं खुद ही पोषण करता है। कहीं पर ग्राम पंचायतों का सहयोग लिया जाता है। पौधा रोपण अभियान के साथ ही लोगों को पौधों का महत्व बताया जाएगा और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। **-प्रदीप कुमार** -डीएफओ।

लाख पौधे फलदार तैयार कराए जा रहे हैं। जामुन के पांच लाख पौधों के अलावा कई लाख पौधे यूकेलिप्टस के पौधे हैं जो जुलाई में तैयार हो जाएंगे। वन विभाग को 13 लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य मिला है जबकि 40 लाख पौधे अन्य विभागों द्वारा रोपित किए जाएंगे। पौधा रोपण अभियान के लिए जून में स्थान चयनित करने का काम किया जाएगा। उसके बाद बारिश शुरू होते ही जुलाई में पौधरोपण अभियान शुरू कर दिया जाएगा। वन विभाग के अधिकार ने बताया कि पौधरोपण अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण करने का है।

बता दें कि वन विभाग हर साल 13 से 15 लाख पौधे रोपित करता है । मगर उन पौधों का संरक्षण न हो पाने के कारण पौधे नष्ट हो जाते हैं। रोड किनारे, खाली पड़ी जमीनों पर हर साल लाखों पौधे रोपित किए जाते हैं। लेकिन अगले साल तक वह पौधे नष्ट हो जाते हैं। विभाग न तो उनकी देखभाल कर पाता है और न ही स्थानीय लोगों को उसकी जिम्मेदारी दी जाती है। जिससे सरकार का हर साल करोड़ों का खर्च पौधा रोपण पर होता है। फिर भी धरती बंजर दिख रही है।





# और बीमार कर रहीं हैं अस्पताल की चादरें

## जिला महिला अस्पताल में भर्ती प्रसूताओं की पिछले दस दिन से नहीं बदली गई चादर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में प्रसूताओं को भारी गंदगी से परेशान होना पड़ रहा है। वहीं चार चार दिन तक वेड की चादर नहीं बदली जा रहीं हैं। बेड की गंदी चादर से दुर्गंध आने से बेड पर लेटने में उन्हें मुश्किल हो रही है। वहीं अस्पताल प्रशासन सफाई के नाम पर प्रसूताओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा है।

जिला महिला अस्पताल में कुछ गर्भवती महिलाओं का ऑपरेशन करके प्रसव कराया जाता है। ऑपरेशन कराने वाली प्रसूताएं दूसरे मंजिल पर भर्ती हैं। करीब आधा दर्जन महिलाएं चार से छह दिन पहले भर्ती हुई हैं। उनको ऑपरेशन करने के बाद यहां रखा गया है। महिलाओं ने बताया कि कई-कई दिन से उनके बेड की चादरें नहीं बदली गईं हैं। जिससे चादरों से दुर्गंध आ रही है। गंदी चादरों पर भर्ती महिलाएं बेहद परेशान हैं। उन्हें भय है कि कहीं बड़ी बीमारी की चपेट में न आ जाएं। कुछ प्रसूताओं के तीमारदार अपने घर से चादर लाए हैं। ऐसे में


दिक्कत के बारे में जानकारी देती मीना।

उन्होंने अस्पताल की गंदी चादर लेने से इनकार कर दिया है। ग्राम घिलौर निवासी प्रसूता मंजू ने बताया कि दस दिन पहले उसके ऑपरेशन किया गया था। उसके शिशु की तबियत ठीक नहीं होने से वह भर्ती है। मंजू ने बताया कि दस दिन से उसके बेड की चादर नहीं बदली गई है। गर्मी होने के कारण पसीना बहता है इसलिए चादर से दुर्गंध आती है। गंदी चादर के कारण अन्य बीमारी होने का खतरा बना हुआ है। स्टाफ नर्स से दूसरी चादर की मांग की गई मगर उसने ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण उसी चादर पर लेटी है। वहीं दूसरी


अस्पताल में हो रही परेशानी के बारे में जानकारी देती मंजू। ● अमृत विचार

महिला गंदरोली निवासी मीना ने बताया कि चार दिन पहले उसके ऑपरेशन किया गया था। उसी दिन वेड पर चादर बिछाई गई थी। जिससे चादर अब गंदी हो गई है। गंदी चादर में दुर्गंध आ रही है। उसके शिशु को भी खतरा बना हुआ है। गंदगी से स्किन को संक्रमण से बचाना मुश्किल काम है। लेकिन यहां पर कोई सुनने वाला नहीं है। शहर के कबूलपुरा निवासी फरीन ने बताया कि वह तीन दिन से यहां पर भर्ती है। यहां पर गंदी चादर दी गयी तो उसने नहीं ली। परिजन घर से चादर लाए हैं। अन्य कपड़े भी घर से मंगाए हैं। यहां तो हर तरह की गंदगी है। फर्श पर पोछा नहीं लगाया जाता है जिससे मक्खी मच्छर हो रहे हैं । जिला महिला अस्पताल में तीसरी मंजिल पर जो प्रसूताएं भर्ती हैं उनका कहना है कि यहां मक्खी-मच्छर गंदगी के कारण अधिक हैं। साथ ही बेड की चादर नहीं बदली जा रही हैं। प्रसव होने के बाद दो दिन तक भर्ती रहना पड़ रहा है लेकिन गंदगी के कारण यहां रुक पाना संभव नहीं है।

● मरीजों को हो रही परेशानी शिकायत पर भी नहीं सुनवाई

जिन महिलाओं के ऑपरेशन किए जाते हैं उन्हे कम से कम चार से पांच दिन तक भर्ती रखा जाता है। प्रसूताओं की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। कुछ बेड पर चादर नहीं बदली गयी होगी। वैसे गर्मियों में हर दूसरे दिन चादर बदली जाती है। यदि महिलाओं ने शिकायत की है तो इस पर जवाब मांगा जाएगा। कौन स्टाफ वार्ड में है। चादर क्यों नहीं बदली गई हैं। -डॉ. इंदु कांत वर्मा, सीएमएस।

### रसोई घर के पास से नहीं हटाया गया कूड़ा

जिला महिला अस्पताल में प्रेरणा रसोई घर के पास कूड़े का ढेर लगा रहता है। रसोईघर के निकट कूड़े की वजह से दुर्गंध उठ रही है। महिलाओं को भोजन बनाने वाली महिलाओं को गंदगी में खाना बनाना पड़ रहा है। जिस किचन में खाना बनाया जाता है वहां पर भी सफाई नहीं की जाती है। खाना बनाने वाली महिलाएं खुद ही सफाई करती हैं। यहां पर कुत्ते हर समय अंर बैठे रहते हैं। रसोईघर के मुख्य गेट पर ही गंदगी के ढेर को जला दिया गया है जिससे कीड़े मकोड़े इधर उधर रेंगते रहते हैं। सफाई कराने को कई बार कहा गया मगर किसी ने सफाई नहीं कराई और कूड़ा बढ़ा दिया गया है। कूड़े के ढेर के पास ही चाइल्ड हेल्प लाइन और महिला चौकी है। इन लोगों को भी दुर्गंध का सामना करना पड़ता है।

# मजदूरी करने बाहर गए दो भाई जमीन पर कब्जे की कोशिश

संवाददाता, ओरछी

● कोर्ट की शरण में गए पीड़ित मामले की जांच जारी

● आदेश पर पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** मजदूरी करने के लिए दो भाई जिले के बाहर गए। इसी दौरान चार लोगों ने उनकी जमीन का अवैध रूप से बैनामा करा लिया और जमीन पर कब्जे की कोशिश की गई। सूचना मिलने पर दोनों भाई गांव आए तो उन्हें गाली देते हुए हमला करने की कोशिश की गई। पीड़ित कोर्ट की शरण में गया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने चार नामजद समेत नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सिसरका निवासी जय सिंह ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव में गाटा संख्या 1513 पर उनका 0.374 हेक्टेयर खेत है। जो उनके और उनके भाई जब सिंह उर्फ जगत पाल के नाम पर दर्ज है। उनके खेत के पास से सड़क गुजर रही है। वह और उनके भाई खेती करने के बाद बाहर गए थे। सूचना मिली कि कस्बा ओरछी निवासी फारुख अली, गिलमान अली, अरशद अली उनके खेत में कस्बा करके अवैध रूप से निर्माण करा रहे हैं। तो उन्होंने एसडीएम बिसौली से पैमाइश कराकर अवैध कब्जा दिलाने की मांग की। एसडीएम के निर्देश पर 18 अगस्त 2023 को राजस्व विभाग की टीम पहुंची। जांच और पैमाइश में जमीन पर फारुख अली का कब्जा मिला। एसडीएम ने संबंधित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश दिया। 20 अगस्त को जय सिंह अपने खेत पर गए थे। कस्बा करने वाले तीनों लोग अन्य 4-5 लोगों के साथ डंडे और तमंचे लेकर खेत पर पहुंच गए। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। शोर सुनकर अन्य ग्रामीण आ गए। उन्होंने बीच बचाव कराया। आरोप है कि उन लोगों ने उनकी जमीन का कूटरचना करके अवैध रूप से बैनामा कराया है। 2 फरवरी 2024 दोपहर दो बजे वह और उनके भाई खेत पर गए थे। जहां पहले से मौजूद फारुख अली ने गाली दी हमला करने की कोशिश की। दोनों भाई खेत से भाग गए। वहीं कोर्ट के आदेश पर फारुख अली, गिलमान अली, अरशद अली, इरफान अली और पांच अज्ञात के खिलाफ बलवा, धमकाने, कूटरचना, धोखाधड़ी, एससीएसटी एक्ट आदि की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## एक नजर

### किशोरी को बहलाकर ले गया शादीशुदा युवक

**कुंवरगांव।** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के एक गांव निवासी परिवार खेत पर गेहूं की फसल काटने गया था। परिवार की किशोरी घर पर थी। रात दो बजे घर लौटे तो किशोरी घर पर नहीं मिली। परिजनों ने किशोरी को काफी तलाशने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। पीड़ित परिवार ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव निवासी शादीशुदा युवक किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया है।

### सफाई व्यवस्था पर सभासद ने जताई चिंता

**बिल्सी।** नगर पालिका परिषद के सभासद अजीत सिंह गूर्जर ने नगर की सफाई व्यवस्था चौपट होने पर एक ज्ञापन ईओ को सौंपा। सभासद ने बताया कि नगर के अधिकांश वार्डो में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। साथ ही नियमित सफाई न होने के कारण नालियां भी गंदगी से बजबजा रही हैं। गर्मी के कारण उनसे हर समय दुर्गंध आती रही है। उन्होने ईओ से नगर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

### ट्रैक्टर की बैटरी चोरी, तहरीर दी

**बदायूं।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के ग्राम नगला शर्की निवासी छत्रपाल का ट्रैक्टर बुधवार की रात को घर के बाहर खड़ा था। रात को किसी समय चोरों ने ट्रैक्टर की बैटरी चोरी कर ली।गुरुवार को जब छत्रपाल ने देखा तो बैटरी नहीं थी। पीड़ित किसान ने बैटरी चोरी की तहरीर जवाहरपुरी पुलिस चौकी को दी है।

### दो युवकों के मोबाइल चोरी

**दातागंज।** दातागंज कस्बा निवासी कृष्ण गोपाल और अनूप शर्मा कासपुर रोड स्थित मंगल बाजार में सब्जी की खरीदारी करने गए थे। इसी दौरान चोरों ने उनकी जेब से मोबाइल निकाल लिए। दोनों युवकों ने मोबाइल खोजे। सब्जी विक्रेताओं ने पूछा तो उन्होंने बताया कि हर बाजार में 10 से 20 लोगों के मोबाइल चोरी कर लिए जाते हैं। दोनों युवकों ने पुलिस को तहरीर दी है।

# गांव गुधनी के पास कब्रिस्तान के किनारे मिला वृद्ध का शव

संवाददाता, बिल्सी

● पुलिस ने कराया शव का पोस्टमार्टम, हार्टअटैक से मौत होने की हुई पुष्टि

**अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव गुधनी में धनौली जाने वाले मार्ग पर स्थित कब्रिस्तान के किनारे एक वृद्ध का शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची। आसपास के क्षेत्र के सोशल साइट्स के ग्रुप में फोटो भेजा। जिससे मृतक की शिनाख्त हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार उनकी मौत हार्टअटैक से हुई थी।

कब्रिस्तान के पास शव मिलने के बाद आसपास खेतों पर काम कर रहे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया। बिल्सी कोतवाल केके मिश्रा मौके पर पहुंचे। ग्रुप में फोटो भेजा। मृतक की शिनाख्त थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव नसरौल निवासी दिलदार (70) के रूप में हुई। पुलिस ने उनके परिजनों को सूचित किया। परिजन मौके पर पहुंची और दिलदार को बिल्सी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने उनकी मौत की पुष्टि की। परिजनों ने बताया कि दिलदार की गांव गुधनी में ननिहाल है। वह मंगलवार को ननिहाल जाने के लिए घर से निकले थे। वापस न लौटने पर परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। परिजनों ने मौत का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया। बिल्सी कोतवाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार दिलदार की मौत हार्टअटैक से हुई थी।

# जमीन खरीदने में धोखाधड़ी, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मीरा सराय निवासी जमुना प्रसाद ने एसपी सिटी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह मोहल्ला जोगीपुरा में बीज का व्यापार करते हैं। चंद्रप्रकाश ने जमीन खरीदने के लिए कुंवरसेन, गांव कोठा निवासी बबलू उर्फ रंजीत से मुलाकात कराई। कुंवरसेन ने 0.253 हेक्टेयर जमीन का 20 लाख रुपये में सौदा तय हुआ। कुंवरसेन ने उपनिबंधक कार्यालय में 9 नवंबर 2023 को इकरारनामा कराया। इस दौरान चेक से साढ़े 5 लाख रुपये दिए। तीन महीने में बैनामा कराने की बात तय हुई। जिसके बाद कुंवरसेन ने अन्य लोग और प्रलेखक के साथ मिलकर उनके साथ धोखा किया। उनके 23 लाख रुपये गबन कर हड़प लिये हैं। वहीं एसपी सिटी के आदेश पर चंद्रप्रकाश, कुंवरसेन, बबलू और प्रलेखक संजय यादव के खिलाफ धोखाधड़ी में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# ट्रेन पर चढ़ने की कोशिश में गिरकर महिला की मौत


महिला की मौत के बाद पहुंची पुलिस ने लोगों से ली जानकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, आसफपुर

● गुरुवार सुबह आसफपुर रेलवे स्टेशन पर हुआ हादसा

**अमृत विचार :** चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करने पर बुजुर्ग महिला नीचे गिर गई। महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हादसा थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के आसफपुर रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह हुआ। बरेली से अलीगढ़ जाने वाली पैसेंजर ट्रेन रेलवे स्टेशन पर पहुंची। ट्रेन में यात्री बैठे और ट्रेन चलने लगी। ट्रेन हल्की रफ्तार पकड़ चुकी थी। इसी दौरान एक बुजुर्ग महिला भागती हुई आई और उसने ट्रेन पर चढ़ने की कोशिश की लेकिन वह अनियंत्रित हो गई और रेल की पटरी पर चेहरे के बल जा गिरी। उसका एक हाथ आधा कट गया। उसके सिर और नाक पर चोट आई, जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर जीआरपी और थाना पुलिस पहुंची। रेलवे स्टेशन पर मौजूद लोगों से पहचान करने की कोशिश की लेकिन महिला के बारे में पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस की मोर्चरी में रखवाया है।

### दूसरे दिन हुई शिनाख्त, बिल्सी की निवासी थी आत्महत्या करने वाली युवती


मृतक रुचि।

**बदायूं।** कोतवाली सिविल लाइन में ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या करने वाली युवती की दूसरे दिन शिनाख्त हो गई है। वह कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के मोहल्ला पांच निवासी थी। शहर के एक कॉलेज में एमए द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है। बुधवार दोपहर एक युवती ने सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में पोस्टमार्टम हाउस के पीछे कासगंज से बरेली जा रही ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। ट्रेन रुकी। ट्रेन के चालक ने यात्रियों के सहयोग से शव ट्रेन में रखवाया और जीआरपी को सूचना देकर कुछ आगे बढ़कर नेकपुर रेलवे क्रासिंग के पास शव रख दिया। जीआरपी और पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया था। पुलिस युवती की शिनाख्त कर रही थी। युवती के फोटो सोशल साइट्स पर डाले। गुरुवार को युवती की शिनाख्त बिल्सी के मोहल्ला पांच निवासी रुचि पुत्री वीरपाल के रूप में हुई। परिजन पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे। जहां युवती के पिता ने बताया कि छात्रा एमए कर रही थी लेकिन उसने आत्महत्या क्यों की इसकी जानकारी नहीं है। बताया कि बुधवार को वह कॉलेज जाने की बात कहकर घर से गई थी। जिसके बाद वह घर नहीं लौटी। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि युवती की मौत हुई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया है। आत्महत्या करने के कारणों की जानकारी की जा रही है।

# कोटेदार को धमकी देने पर युवक के खिलाफ दर्ज की गई रिपोर्ट

संवाददाता, कुंवरगांव

● युवक ने खुद को सपा का बताते हुए भाजपा समर्थित कोटेदार को फेसबुक पर दी थी धमकी

**अमृत विचार :** फेसबुक पर गांव के कोटेदार को अपशब्द बोलना एक युवक को महंगा पड़ गया। कोटेदार की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव असिर्स निवासी भाजपा समर्थित कोटेदार दुर्गपाल उर्फ पप्पू ने मंगलवार को थाने तहरीर देकर बताया कि गांव का आर्येंद्र यादव पुत्र संजय यादव दबंग किस्म का व्यक्ति है। वह आए दिन उससे अभद्रता और झगड़ा करता है। उसने अपनी फेसबुक आईडी पर कोटेदार के लिए आपत्तिजनक शब्द लिखे। साथही होश में रहने की धमकी दी। उसने लिखा कि पप्पू कोटेदार होश की दवा खाओ, ज्यादा बेहोशी ठीक नहीं। इसे चैलेंज या वार्निंग समझ लेना। वह समाजवादी पार्टी का था और है और रहेगा। किसी को साक्ष्य देने की जरूरत नहीं है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक कुछ दिनों पहले तक सपा का पदाधिकारी था। पुलिस ने आर्येंद्र यादव के खिलाफ गाली गलौज और धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करके आगे की जांच शुरू कर दी है।

# खेत पर मिला प्रधान के पिता का शव

संवाददाता, उघैती

**अमृत विचार :** अपनी दवा लेने घर से निकले ग्राम प्रधान के पिता का शव खेत पर मिला। प्रधान ने मौत का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम की मांग की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौत के बाद परिवार में कोहराम है।


मृतक राम प्रकाश।

उघैती थाना क्षेत्र के गांव उघैती निवासी राम प्रकाश (50) पुत्र चंद्रपाल का स्वास्थ्य खराब चल रहा था। गुरुवार सुबह आठ बजे वह दवा लेने के लिए घर से गए थे। वह दोपहर तक घर नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। उनके बेटे गांव के प्रधान हरिओम देखने के लिए गए। कई जगह तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। जानकारी पर एक खेत में राम प्रकाश का शव बरामद किया। उनके मुंह से झाग निकल रहा था। प्रधान ने अपने परिजनों और पुलिस को सूचना दी। प्रधान ने पिता की मौत का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की है।


प्रधान के पिता का शव मिलने के बाद मौके पर लगी ग्रामीणों की भीड़।

● स्वास्थ्य खराब होने पर अपनी दवा लेने के लिए कस्बा उघैती गए थे प्रधान के पिता

# सड़कों पर खड़े होते हैं ऑटो व ई-रिक्शा लोग हो रहे परेशान

**कादरचौक , अमृत विचार :** कस्बा कादरचौक में डग्गामार वाहन लोगों को मुसीबत बन रहे हैं। ऑटो व ई-रिक्शा सड़क पर खड़े रहते हैं जिससे यातायात बाधित होता है। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है लेकिन स्थानीय पुलिस इस पर ध्यान नहीं दे रही है। रिक्शा

कस्बे में ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की मनमानी के कारण लोगों को यातायात में परेशानी हो रही है। ऑटो चालक सड़क पर ऑटो खड़े कर लेते हैं जिससे यातायात बाधित होता है। कस्बे के लोगों ने थाना पुलिस से भी कार्यवाही करने की मांग की लेकिन पुलिस ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

# सड़क हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, उसहैत

● थाना उसहैत क्षेत्र में 6 मार्च को गांव अटैना में हुआ था हादसा

**अमृत विचार :** थाना उसहैत क्षेत्र में 19 दिन पहले सड़क हादसे में घायल हुई महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। बरेली में पोस्टमार्टम के बाद गांव के पास अटैना गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।


मृतक रामबेटी।

उसहैत क्षेत्र के गांव अटैना निवासी रामबेटी (45) महावीर छह अप्रैल को पशुओं को चारा खिलाने ले जा रही थीं। इसी दौरान वहां गुजरे बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी थी। युवक बाइक छोड़कर फरार हो गया था। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। कटरा पुलिस चौकी के इंचार्ज मनोज कुमार मौके पर पहुंचे। घायल महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर महिला को बरेली के अस्पताल रेफर किया गया था, जबकि बुधवार को महिला की मौत हो गई। ग्राम प्रधान भंवरपाल, देवेंद्र कुमार, आकाश, अवधिपार ने शोक संवेदना व्यक्त की।

**लापरवाही** रजिस्ट्रेशन काउंटर पर दिन भर लगी रही भीड़, पैथोलॉजी लैब में कर्मचारियों की मनमानी से मरीज हो रहे परेशान

# बार-बार बिजली हो रही गुल, ब्लड टेस्ट की नहीं मिल रही रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गर्मी शुरू होते ही बीमारियों ने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। लोग जिला अस्पताल में दवा लेने पहुंच रहे हैं लेकिन चिकित्सक उन्हे ब्लड की जांच कराने को लिख रहे हैं जिससे ब्लड की जांच कराने को दिन भर लाइन में लगना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में बिजली संकट के चलते मरीजों को भारी परेशानी हो रही है।

अब गर्मियों में बुखार के मरीज बढ़ने शुरू हो गए हैं। चिकित्सक मरीजों को ब्लड चेक कराने को लिखते हैं। ब्लड चेक कराने के बाद ही पता चल पा रहा है कि उन्हें क्या परेशानी है और बुखार है या मलेरिया। इसलिए ब्लड टेस्ट कराने वाले जब रजिस्ट्रेशन कराने पहुंचते हैं तो उन्हे घंटों लाइन में लगना पड़ता है। ब्लड रिपोर्ट भी दो दिन बाद ही मिल पा रही है जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पहले रजिस्ट्रेशन के लिए विंडो पर जद्दोजहद करनी पड़ती है फिर ब्लड सैंपल देने के लिए मारामारी होती है उसके बाद जब ब्लड रिपोर्ट लेनी होती है तो भी लाइन में लगना पड़ता है जिससे मरीज कई तरह की दिक्कतों का सामना कर रहे हैं।

जिला अस्पताल की बिजली व्यवस्था ठीक नहीं होने से कई जगहों पर परेशानी हो रही है। बिजली कटौती और ट्रिपिंग होने से पैथोलॉजी लैब की मशीन नहीं चल पाती है जिससे ब्लड सैंपलों की रिपोर्ट समय पर तैयार नहीं हो पाती है जबकि मरीजों की रिपोर्ट लेने के लिए सुबह से ही लाइन लग जाती है। ऐसी स्थिति में कुछ मरीज हंगामा कराने लगते हैं। बार बार बिजली का आना जाना काम में बाधा डालता है। पैथोलॉजी लैब को निर्बाध बिजली सप्लाई चाहिए जिससे मशीन रुकने न पाए और समय से रिपोर्ट तैयार हो सके। लेकिन समस्या कई दिनो से बनी हुयी है।



रजिस्ट्रेशन खिड़की पर लगी मरीजों की लाइन। ● अमृत विचार

बिजली की समस्या काफी समय से बनी हुई है। बिजली न आने पर कुछ समय तो जनरेटर चलाया जाता है मगर ट्रिपिंग के कारण होने वाली परेशानी अधिक होती है। दिन में दो घंटे तक बिजली गुल रहती है तो जनरेटर चलाया जाता है। दस पांच मिनट या आधा घंटा बिजली गुल होती है तो इंतजार किया जाता है। हर समय जनरेटर चला पाना संभव नहीं है। -डॉ. कप्तान सिंह, सीएमएस।

### आंख मिचौली के चलते नहीं चल पा रही मशीन

सीटी स्कैन सेंटर पर भी बिजली की आंख मिचौली के चलते मशीन नहीं चल पा रही है। हालांकि यहां पर बड़े इन्वर्टर है फिर भी बिजली की कमी से वह चार्ज नहीं हो पा रहे है जिससे काफी देर तक सीटी स्कैन मशीन को बंद रखना पड़ता है। सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों की भीड़ रहती है और इसी समय में बिजली कई बार आती जाती है जिससे सीटी स्कैन का कार्य प्रभावित होता है। डायलिसिस यूनिट भी बिजली की समस्या के चलते नहीं चल पा रही है। जिससे यूनिट मैनेजर ने यूनिट को कुछ समय से बंद करने की अनुमति मांगी है। डायलिसिस यूनिट को निर्बाध बिजली की जरूरत होती है। जो जनरेटर से ही संभव है लेकिन अभी डायलिसिस यूनिट के पास जनरेटर नहीं है इसलिए अस्पताल की बिजली से मशीन चल कर मरीजों का डायलिसिस किया जा रहा है। एक्सरे कराने को मरीज से ही पहुंच जाते हैं। कुछ देर एक्सरे किए जाते हैं जैसे ही बिजली गुल हा जाती है तो मरीजों को काफी देर तक बैठ कर बिजली आने का इंतजार करना पड़ता है। एक्स रे मशीनों को भी कई कई बार बंद करना पड़ता है। डिजिटल एक्स रे मशीन को इस समय ट्रिपिंग के कारण नहीं चलाया जा रहा है जिससे डिजिटल एक्सरे कराने वाले मरीजों को भी इंतजार करना पड़ता है।

# मिट्टी खनन में लगे दो वाहन सीज

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र में निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे पर तेजी से काम चल रहा है। जहां मिट्टी का भी काम हो रहा है। खनन माफियाओं ने इसका फायदा उठाना शुरू कर दिया है। गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण की आड़ में वहां से मिट्टी उठाकर प्राइवेट जगहों पर डाली जा रही है। बुधवार को खनन अधिकारी ने एक डंपर और एक पोकलेन मशीन पकड़कर थाने में खड़ा कराकर सीज कर दिया।

बुधवार को कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव कसेर पनौटा में डंपरों से एक प्राइवेट जगह पर मिट्टी डाली जा रही थी। किसी ने अधिकारियों को सूचना दी। खनन अधिकारी बृज बिहारी मौके पर पहुंच गए। गांव निवासी राजाराम के प्लाट में मिट्टी डाली जा रही थी। एक डंपर और एक पोकलेन मशीन को पकड़ लिया। पोकलेन मशीन चालक मौके से भाग गया।

खनन अधिकारी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। पोकलेन मशीन का चालक न मिलने से मशीन सीज करके गांव में खड़ी कर दी गई है। वहीं डंपर को थाने पर खड़ा कराया गया है। बताया जा रहा है कि ठेकेदार के अंडर में काम कर रहे मजदूर पांच हजार रुपये डंपर मिट्टी कहीं भी प्राइवेट जगह पर रात में उतार देते हैं।

प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि एक डंपर और पोकलेन मशीन पकड़ी गई है। जिनसे प्राइवेट जगह मिट्टी डाली जा रही थी। मशीनों को सीज किया गया है।


खनन की सूचना पर मौके पर पहुंचे खनन अधिकारी। ● अमृत विचार

● खनन अधिकारी ने मिट्टी ले जा रहे डंपर और पोकलेन मशीन को थाने में कराया खड़ा

# योग स्थल तैयार, मरीजों को नहीं कराया जा रहा योगाभ्यास

## जिला अस्पताल में मरीजों को सुबह-शाम योग कराने का है निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल स्थित होम्योपैथिक विभाग में मरीजों को सुबह शाम योग कराने के निर्देश हैं, इसके लिए योग स्थल भी बनाया गया है। मगर यहां पर विभाग द्वारा योग नहीं कराया जाता है। जिससे मरीजों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है।

होम्योपैथिक विभाग में सुबह सात बजे से दस बजे तक योग कराए जाने की व्यवस्था है। जिससे यहां आने वाले मरीजों को इसका लाभ मिल सके। लेकिन स्थानीय होम्योपैथिक विभाग की लचर कार्यप्रणाली के चलते लोग नहीं कराया जा रहा है। योग कराने का योग टीचर भी कागजों में तैनात है। वह हर रोज योग करा भी रहा है। मगर योग स्थल पर ऐसा कभी देखने को नहीं मिल रहा है। कागजों में चल रहे योगाभ्यास को लेकर कई बार विभाग के जिम्मेदारों से बात करने का प्रयास किया गया तो


होम्योपैथिक विभाग द्वारा बनाया गया योग स्थल।

बताया गया कि योग कराया जा रहा है। विभाग की व्यवस्था के अनुसार मरीजों को योग कराया जाता है, लेकिन किस समय कराया जाता है तो इसका कोई जवाब नहीं मिला।

होम्योपैथी विभाग ने दो साल पूर्व योग कराने का कार्यक्रम तैयार किया था, जिसके बाद यहां पर योग शिक्षक की नियुक्ति कर दी गई। शुरू में कुछ दिनों तक मरीजों को योग कराया गया। उसके बाद नियमित योगा क्लास पर मंथन हुआ। होम्योपैथी भवन के निकट योग स्थल बनाया गया। इस पर सुबह व शाम को योग कराने की

- मरीजों को योग का नहीं मिल पा रहा है कोई लाभ

> शरीर में कई बीमारियां ऐसी हैं जिनको योग के माध्यम से ठीक कराया जा सकता है। इसलिए मरीजों को योग करने की सलाह दी जाती है। यदि मरीज योग करना चाहता है तो उसे सुबह को 6 बजे बुलाया जाता है और योग कराया जाता है। अभी कुछ समय से व्यवस्था डगमगा गई है लेकिन यहां पर योग स्थल का निर्माण इसलिए ही कराया गया है जिससे यहां पर सुबह शाम को योग किया जा सके। अब जल्द ही योग का नियमित कार्यक्रम तैयार किया जाएगा।
> —डॉ. प्रमोद कुमार व्यास, चिकित्सा अधीक्षक।

रूपरेखा तैयार की गई। लगभग चार महीने पहले योग स्थल बन कर तैयार हो गया है, लेकिन अभी तक यहां पर योग नहीं कराया गया है। हालांकि कागजों में योग कराया जा रहा है। कागजों के मुताबिक मरीज हर रोज योग करते हैं, जबकि यहां कभी योग क्लास दिखाई ही नहीं देती।

# तलाकशुदा महिला को ले आया युवक, ससुराल में हुई मारपीट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- महिला को झारखंड से लाकर हरियाणा में लिव इन रिलेशनशिप में रहा था युवक
- युवक के ससुराल पहुंचने पर ससुरालीजनों ने महिला को बना लिया था बंधक

**अमृत विचार :** वाराणसी निवासी तलाकशुदा महिला झारखंड में अपने परिवार के साथ रहते थी और ईंट भट्ठे पर काम करती थी। बदायूं निवासी युवक से उसकी फेसबुक पर दोस्ती हो गई। युवक झारखंड गया और महिला को साथ ले आया। जिसके बाद वह दोनों हरियाणा जाकर ईंट भट्ठे पर काम करने लगे। युवक ने महिला को नहीं बताया कि उसकी पहले से ही शादी हो चुकी है। महिला को इस बात की जानकारी हुई तो उसने विवाद करना शुरू कर दिया। बुधवार को युवक महिला को लेकर अपनी ससुराल गया। जहां उसके ससुरालीजनों ने महिला को पीट दिया, जिससे महिला घायल हो गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

कुछ दिन पहले सिविल लाइन क्षेत्र की बाबा कॉलोनी निवासी रिंकू की फेसबुक पर झारखंड के जिला सराई केला खरसावां क्षेत्र में ईंट भट्ठे पर काम करने वाली महिला से दोस्ती हुई थी। दोनों में बातचीत होने लगी जो प्यार में बदल गई। ऐसे में रिंकू झारखंड गया। महिला को अपने साथ ले आया। चार महीने तक वे हरियाणा में लिव इन रिलेशन में रहे। जब महिला को युवक के शादीशुदा होने की बात चली तो वह विवाद करने लगी। बुधवार को रिंकू उसे लेकर उझानी क्षेत्र में अपनी ससुराल लेकर गया। उसने कहा कि उसकी पत्नी कुछ भी नहीं कहेगी। पीड़ित महिला का आरोप है कि वहां पहुंचने पर ससुरालीजनों ने उसे बंधक बना लिया और मारपीट की। महिला ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस रिंकू, उसकी पत्नी और महिला को कोतवाली ले गई। महिला के घायल होने के चलते उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। रिंकू का शांतिभंग में चालान किया गया है। घायल महिला ने बताया कि वह धोखाधड़ी की पुलिस से शिकायत करेगी। वहीं कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि महिला ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता, उसहैत

**अमृत विचार :** थाना उसहैत क्षेत्र के गांव खेड़ा जलालपुर निवासी बुद्धन पुत्र सबदर और गांव तिलोकपुर निवासी युवक के साथ बाइक से जा रहे थे। गांव के पास बजरी से भरे डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बुद्धन की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के भाई साबिर ने बताया कि खेत पर गेहूं की मशीन से निकासी हो रही थी। बुद्धन अपने दोस्त के साथ खेत पर बाइक से आ रहे थे। रास्ते में हादसा हो गया। वहीं कुछ लोगों ने पुलिस को बताया कि डंपर खराब था और सड़क किनारे खड़ा था। बाइक खड़े डंपर से टकराई थी।

# बैंक से लौट रही महिला से लूट

संवाददाता, उसहैत

- पीड़ित महिला ने 13 हजार रुपये लूटने की सूचना पुलिस को दी

**अमृत विचार :** बैंक से रुपए निकाल कर पॉलिथीन में रख कर घर जा रही महिला के हाथ से एक उचक्के ने झपट्टा मार कर पॉलिथिन छीन ली और भाग गया। पॉलिथिन में 13 हजार सौ रुपये थे। महिला ने शोर मचाया तो अनेक लोग मौके पर पहुंच गए तब तक झपटमार भाग गया। इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने आस-पास युवक की खोजबीन की मगर उसका सुराग नहीं लगा।

कस्बा निवासी मंसूर शाह का पुत्र दिल्ली में मेहनत मजदूरी करता है। उसने कुछ दिन पूर्व अपनी मां अंसारा बेगम के खाते में 13 हजार रुपये डाले थे और मां से कहा कि वह बैंक से रुपये निकाल ले। अंसारा बेगम ने मंगलवार को बैंक से 13 हजार सौ रुपये निकाले। महिला ने सभी रुपये एक पॉलिथीन में रख लिए और घर को चल दी। नगर की साधन सहकारी बैंक के निकट एक उचक्का ने अंसारा बेगम के हाथ से पॉलीथिन झपट ली और वह लेकर भाग गया। जब तक अंसारा बेगम चीखी चिल्लाई तक तब तक लुटेरा भाग गया। कई लोग मौके पर पहुंच गये उसे इधर-उधर तलाश किया गया मगर वह हाथ नहीं लगा। इस झपटमार की घटना की मंसूर शाह ने पुलिस को तहरीर दी है और झपटमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने वहां पर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले हैं। दो दिन पूर्व भी इस तरह की घटना हो चुकी है। वहीं नगर के लोगों का कहना है कि दिन दहाड़े हो रही लूट की घटनाओं से दहशत है। पुलिस किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर सकी है।

## कादरचौक से पकड़ा गया चोरी का आरोपी

बदायूं, अमृत विचार : बिहार राज्य के जिला मोतिहारी की एसओजी के इंस्पेक्टर प्रवीन कुमार गुरुवार को थाना कादरचौक पहुंचे। स्थानीय पुलिस को लेकर गांव भोजपुर और धनूपुरा में दबिश दी। गांव भोजपुर से खेम सिंह को हिरासत में लिया। इंस्पेक्टर के अनुसार उसने मोतिहारी जिले में सराफा दुकान काटकर डेढ़ कुंतल चांदी, तीन किग्रा सोना और 50 हजार रुपये चोरी किए थे। चोरों ने सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए थे लेकिन डीबीआर ले जाना भूल गए। वहां की पुलिस ने डीबीआर चेक की। जिसके आधार पर पांच लोगों को गिरफ्तार किया था जबकि कुछ आरोपी फरार हैं। खेम सिंह आरोपियों के साथ था। पुलिस आरोपी को साथ ले गई।

## चेयरमैन ने किया मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित

**उसहैत, अमृत विचार :** हाईस्कूल और इंटर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को नगर पंचायत चेयरमैन नवाब हसन ने प्रशस्ति पत्र देकर और फूल माला पहना कर सम्मानित किया। चेयरमैन ने कहा कि मेधावी छात्रों ने परिवार कॉलेज और नगर का नाम रोशन किया है, वह बधाई के पात्र हैं। अन्य छात्र भी इसी तरह मेहनत करें और नगर का नाम रोशन करें। चेयरमैन नवाब हसन ने कक्षा 12 की उमरा मिर्जा, अलीशा बी, रीतू गुप्ता, वैष्णो देवी तथा आस्था गुप्ता तथा हाई स्कूल में प्रथम स्थान पाने वाली रोहिणी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रबंधक डॉ. तसव्वर हुसेन, प्रधानाचार्य विमल सक्सेना, आशीष मिश्रा, कामेश यादव, मुजाहिद अली, हसनैन खां आदि रहे।

## बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट को लेकर हुई मॉडल्स प्रतियोगिता

**बिल्सी, अमृत विचार :** फ्यूचर लीडर्स स्कूल (एफएलएस) में बृहस्पतिवार को बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों को कुछ ऐसे कार्य दिए गए, जिन्हें घर के अंदर रहकर प्रयोग में ना आने वाली सामग्री से ही पूरे करने थे। प्रतियोगिता में कक्षा तीन से नायरा-शिवांग तोमर, कक्षा चार से रिया यादव-श्रीकांत, कक्षा पांच से श्रद्धा, कक्षा छह से आरुषि शाक्य, कक्षा सात से अनंत राज-मोनिका सागर एवं कक्षा आठ से दिव्यांशी-आशीष शर्मा ने प्रथम स्थान पाया। इस दौरान विद्यार्थियों ने रोबोट, मिसाइल, पेपर फ्लावर, फोटो फ्रेम, फूलदान, गुलदस्ते आदि क्रिएटिव सामान तैयार कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान डायरेक्टर वीपी सिंह, एमडी राहुल कुमार सिंह, प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह, एकेडमिक हेड सीके शर्मा, डिसिप्लिन इंचार्ज बृजेश पाल सिंह, जूनियर कॉर्डिनेटर परमेंद्र सिंह, प्री प्राइमरी कोर्डिनेटर राखी गुप्ता समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## सार-संक्षेप

### चिकित्सक के बयान दर्ज करेगी पुलिस

**बदायूं।** थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव नगरिया खनू में राम स्वरूप ने अपने छोटे भाई पप्पू की 20 मार्च की रात फावड़ा से वार करके हत्या कर दी थी। जिसके बाद हत्यारोपी राम स्वरूप फरार हो गया था। एसएसपी ने हत्यारोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने चेकिंग के दौरान 14 अप्रैल को हत्यारोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। जल्द से जल्द चार्जशीट कोर्ट में दाखिल करने की तैयारी है। इससे पहले पुलिस पप्पू के शव का पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक के बयान दर्ज करेगी।

### ओवरहेड टैंक में लगाई जा रही जंग लगी सरिया

**कुंवरगांव।** जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक गांव में ओवरहेड टैंक का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें जगह जगह घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है जो कभी भी हादसे का सबब बन सकता है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से जांच कराए जाने की मांग की है। सलारपुर ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत भटौली में ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसमें पुरानी जंक लगी हुई सरिया लगाई जा रही है। ओवरहेड टैंक बनाने वाले ठेकेदार ने पुरानी सरिया का इस्तेमाल किया है। जिससे ओवरहेड टैंक कभी भी गिर सकता है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से जांच कराने और दोषी पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### मेधावी छात्रा मुस्कान को किया सम्मानित

**बिल्सी।** नगर बिल्सी के इस्लामिया इंटर कॉलेज में विद्यालय के अध्यक्ष नसीम राइन और प्रधानाचार्य प्रणव कुमार शर्मा ने इंटरमीडिएट की छात्रा मुस्कान को सबसे अधिक अंक लाने पर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुस्कान ने यूपी बोर्ड में करीब 81 प्रतिशत अंक पाए है। प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसा करने से छात्रों के हौसले बुलंद होते हैं। छात्र छात्राएं निराश न हों जो कुछ नंबरों से पीछे रह गए हैं उनसे अपेक्षा की जाती है वह अगली कक्षाओं में और अधिक मेहनत कर अपने कालेज का नाम रोशन करेंगे। इसलिए छात्रों को हमेशा मेहनत के साथ पढ़ाई करनी चाहिए। खुद की गई मेहनत व्यर्थ नहीं जाती है। उसका फल एक दिन अवश्य मिलता है। इस मौके पर कैलाश चंद्र सक्सेना, अंबुज वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### जागरूकता अभियान चला बताया मतदान का महत्व

**इस्लामनगर।** शत प्रतिशत मतदान बढ़ाने एवं मतदाताओं को जागरूक करने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान खंड विकास अधिकारी मुनव्वर खान की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। मतदाताओं को मतदान के महत्व के बारे में बताया गया और सभी से मतदान करने का आग्रह किया गया। बताया गया कि मतदान उनका अधिकार है। सही प्रतिनिधि चुनने के लिए इसका शत प्रतिशत प्रयोग करना आवश्यक है। खंड विकास अधिकारी मुनव्वर खान ने ब्लॉक कार्यालय की दीवारों पर जगह जगह मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बॉल पेंटिंग से स्लोगन लिखवा कर अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया गया। अभियान में मतदाताओं को ईवीएम के बारे में भी बताया गया। कहा गया कि इस से पता चलता है कि मतदाताओं द्वारा दिया गया वोट सही स्थान पर गया है। जागरूकता अभियान में मतदाताओं ने चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न करने का संकल्प लिया। इस मौके पर वरिष्ठ लेखाकार अशोक कुमार, सचिव अरविंद कुमार, राजेंद्र कुमार, कुमोद बाबू, फुरकान गाजी आदि मौजूद रहे।

### मेधावी छात्र को विद्यालय प्रबंधन ने किया सम्मानित

**विजय नगला।** गांव किशनजीत विजय नगला स्थित शिवराज सिंह उच्चतर माध्यमिक स्कूल के छात्र किशनजीत ने हाई स्कूल की परीक्षा 88 .3 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की। विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहे छात्र को स्कूल प्रबंधन की ओर से पुरस्कृत किया गया। स्कूल के अध्यापकों ने बताया कि किशनजीत बहुत ही होनहार तथा गहन अध्ययन करने वाला विद्यार्थी है। उन्होंने बताया कि किशनजीत के पिताजी का निधन 10 वर्ष पहले हो गया था और एक साल पहले ही उसके भाई की मृत्यु भी हो गई थी। इतनी कठिन परिस्थितियों में अच्छे नंबर लाना काबिले तारीफ है।

चर्म रोग एवं गुर्दे की पथरी के लिए
निःशुल्क परामर्श चिकित्सा शिविर
दि. 22.04.24 (सोमवार) से दि. 02.05.24 तक
दवाईयों में भी 30% तक की छूट दी जायेगी।
क्या आपको पथरी है? बिना ऑपरेशन सम्भव है
पथरी का इलाज

डॉ. ब्रजेश कुमार
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन (निकट संजय नगर पेट्रोल पंप), बरेली।
9058575790
8077383286
• पथरी, • चर्म रोग, • बवासीर, • बालों का झड़ना, • सर्वाइकल, • गुप्त रोग, • लकवा, • मानसिक रोग (डिप्रेशन)
होम्योपैथी से बिना ऑपरेशन पथरी निकली

प्रहलाद सक्सेना, बरेली
9 mm

अरशद, सैंथल
6 mm & 4 mm

राम, बीसलपुर
12 mm
मिलने का समय
प्रातः 11:00 से 4:00 बजे तक
सायं 06:00 से 8:30 बजे तक
रविवार
दोपहर 12 से 2 बजे तक

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग [COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582


डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG + ECHO + TMT + HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE

डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच. नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी. कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376

सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117


डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157


डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393


डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली

NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

## शहर में आज

- उम्मीदवारों के व्यय लेखा रजिस्टर मिलान का कलक्ट्रेट परिसर में न्यायालय कक्ष संख्या 33 में सुबह 10 बजे से।
- जिले की सभी निकायों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- समाजवादी पार्टी के जनसभा तीर्थ नगरी के मेला ग्राउंड में दोपहर 12 बजे से।
- बीएस डायनामिक पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव नदरई गेट स्थित एसएस ग्रीन गार्डन में शाम पांच बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा श्रीवराह मंदिर से हरि की पौड़ी परिक्रमा शाम सात बजे से।

## एक नजर

### तमंचा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**कासगंज।** अमांपुर थाना पुलिस ने सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जामा तलाशी के दौरान युवक के पास से एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किए गए हैं। इंस्पेक्टर हरिभान सिंह राठौड़ ने बताया कि आरोपी मुनेश निवासी ग्राम सेवका थाना अमांपुर को गिरफ्तार किया है। कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा व एक जिंद कारतूस बरामद किया है। आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### नामित व्यय प्रेक्षक का संपर्क नंबर जारी

**कासगंज।** लोस सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राम सिंह गुर्जर व्यय प्रेक्षक का निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग सोरों कासगंज में 12 अप्रैल को आगमन हुआ। जिनके मोबाइल नंबर 6398869564 पर किसी भी निर्वाचन संबंधी शिकायत व सुझाव के लिए संपर्क कर सकते हैं।

### कंट्रोल रूम पर दें सूचना

कासगंज। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार पटेल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन के निर्वाचन की घोषणा करते ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। तथा जिला निर्वाचन कंट्रोल रूम कलक्ट्रेट के कमरा नंबर 40 में हर समय सक्रिय रहेगा। उन्होंने बताया कि किसी भी सामान्य जानकारी व शिकायत कंट्रोल रूम के नंबरों- 05744-297228, 05744-272088, 05744-272105, टोल फ्री नंबर- 1950 पर की जा सकती है।

# दो अलग-अलग सड़क हादसों में आठ साल के बालक व किशोर की जान गई

## सदर कोतवाली और अमांपुर थाना क्षेत्र में हुईं दुर्घटनाएं, दोनों परिवारों में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददात, कासगंज

**अमृत विचार :** जिले में अलग-अलग सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हुई है। जिससे दो परिवारों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे के पीछे मुख्य कारण तेज रफ्तार बताया गया है। दोनों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



मृतक समीर।

अमांपुर थाना क्षेत्र के गांव मुनीर नगर निवासी 17 वर्षीय समीर गुरुवार सुबह बाइक से सहावर जा रहा था। बाइक सवार गांव बीनपुर कला के समीप पहुंचा कि तभी सामने की ओर से आ रहे ट्रैक्टर से बाइक की भिड़ंत हो गई। जिससे बाइक सवार समीर दूर जा गिरा और खून से लथपथ हो गया। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची अमांपुर पुलिस ने तत्काल उसे उपचार के लिए सीएचसी सहावर में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस को अभी तहरीर नहीं मिली है। ट्रैक्टर चालक वाहन सहित फरार हो गया है। अमांपुर थाने के इंस्पेक्टर हरिभान सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है।



पोस्टमार्टम गृह के बाहर विलाप करते समीर के परिजन। • अमृत विचार

सड़क हादसे की अन्य घटना सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला सहजन के समीप हुई। यहां कासगंज के गांव नगला पोपी निवासी आठ वर्षीय देवराज सड़क किनारे से गुजर रहा था। अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिला अस्पताल में उसे भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। सदर कोतवाली प्रभारी रामवकील सिंह ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्यवाही होगी।

### नियमों का पालन करें तो न जाएं जान

सड़क हादसे का मुख्य कारण तेज रफ्तार बन रहा है। यातायात पुलिस प्रतिदिन जागरूक कर रही है, लेकिन लोग नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह का कहना है कि यदि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें तो शायद जान न जाए।

## बुजुर्ग मतदाताओं को घर पर मिलेगी मताधिकार की सुविधा

**कासगंज, अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। जिला निर्वाचन अधिकारी सुधा वर्मा ने आह्वान किया कि पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने ही निवास स्थान पर मतदान करने के लिए निर्धारित फार्म-12डी में आवेदन कर मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं। निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पांच दिवसों के अन्दर उपरोक्त फार्म-12डी सम्बन्धित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर 85 वर्ष की आयु वर्ग सें ऊपर के मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा तथा भरा हुआ फार्म-12डी प्राप्त किया जाएगा। उक्त फार्म-12डी भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के होम पेज पर लिंक पर उपलब्ध है, जहां से इसे डाउनलोड करके भरकर संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय में जमा कराया जा सकता है।

# तीखे होते जा रहे सूर्य के तेवर, गर्मी से लोग बेहाल





गांधी मूर्ति इलाके में गर्मी से राहत पाने के लिए आईसक्रीम खाते लोग। • अमृत विचार

कार्यालय, संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** गर्मी के तेवर तीखे होते जा रहे हैं। अधिकतम तापमान बढ़कर 39 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। मौसम के मिजाज को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि इस सप्ताह गर्मी का कहर और टूटेगा। सुबह नौ बजे के बाद से ही सूर्य की किरणों ने ऐसी आग बरसाई कि लोगों का बुरा हाल था। भीषण गर्मी के बीच बच्चों के लिए स्कूल से घर तक का सफर मुसीबत से कम नहीं रहा।

गुरुवार को सुबह से ही चटख धूप के बीच आसमान से आग बरसनी शुरू हो गई। 11 बजे के बाद शुरू हुए हवा के गर्म थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया। गर्म हवाओं के चलते दोपहर में सड़कों और बाजारों में सन्नाटा छाया रहा। देर शाम तक चली गर्म हवाओं से लोग परेशान दिखे। भीषण गर्मी के चलते लोगों के कामकाज भी प्रभावित हुए। घर से निकलने से पहले लोगों को तेज धूप से बचाव के लिए इंतजाम भी करने पड़े। उधर, बाजारों में भी गर्मी का असर साफ झलका। गर्मी से राहत पाने के लिए लोगों ने ठंडे पेय पदार्थों का सहारा लिया। तापमान अधिकतम 39 डिग्री एवं न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सिसय रहा।

# प्रेक्षक दाहिमा ने पटियाली क्षेत्र में बूथों पर जाकर देखीं व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तेयारियों में चुनाव-आयोग और प्रशासन जुटा हुआ है। आयोग द्वारा जिले में भेजे गए प्रेक्षक व्यवस्थाएं बनाने में जुटे हुए हैं। सामान्य प्रेक्षक ने बूथों और निगरानी टीमों की व्यवस्थाएं देखी है। पटियाली विधानसभा क्षेत्र में उन्होंने निरीक्षण किया है और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं।

सामान्य प्रेक्षक ललित कुमार दाहिमा ने जिले में बनाए गए मतदान बूथों का निरीक्षण किया। विधानसभा पटियाली के थाना सिकंदरपुर वैश्य में बूथ संख्या-130, 131 व 132, गरौठा में बूथ संख्या-26, गनेशपुर में बूथ संख्या-152, 157 व 159 और गंजडुंडवारा में बूथ संख्या-87, 88 व 89 का निरीक्षण किया गया। सभी पोलिंग बूथों पर आवश्यक फर्नीचर, प्रकाश, विद्युत, पेयजल, शौचालय, मतदाताओं के आने जाने का रास्ता, रैंप सहित पोलिंग पार्टियों के ठहरने एवं मतदाताओं के लिए मानकों के अनुसार सभी मूलभूत व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। प्रेक्षक द्वारा कादरगंज, गढ़का बार्डर एवं सहावर में तैनात स्थैतिक निगरानी टीम का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी पटियाली कुलदीप सिंह, सीओ विजय कुमार राणा व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।





पटियाली क्षेत्र में बूथों का निरीक्षण करते प्रेक्षक ललित कुमार दाहिमा।

- **पटियाली विधानसभा क्षेत्र में जिम्मेदारों को दिए निर्देश**
- **बॉर्डर पर तैनात निगरानी टीमों की देखी सतर्कता**

## मास्टर प्रशिक्षकों को दिया गया मतदान फीसद संकलन का प्रशिक्षण

**कासगंज, अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में मास्टर प्रशिक्षकों को मतदान फीसद संकलन करने के लिए एमपीएस ऐप का प्रशिक्षण दिया गया। जिला प्रशिक्षण अधिकारी संजय कुमार ने कहा कि मतदान प्रतिशत की पोलिंग स्टेशनवार सूचना को रियल टाइम पर उपलब्ध कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एंड्रायड आधारित मतदान प्रतिशत संकलन एमपीएस ऐप का निर्माण किया गया है। ऐप का उद्देश्य मतदान दिवस के दिन मॉक पोल सम्पादित होने, मतदान प्रारम्भ होने, मतदान प्रारम्भ होने के पश्चात प्रत्येक दो घंटे की अवधि शाम पांच बजे तक मतदान प्रतिशत रियल टाइम पर संकलित किया जाने तथा मतदान अवधि के बाद संभावित लाइन तथा मतदान समाप्ति आदि सूचनाओं को ऑनलाइन संकलित कर संबंधितत पीठासीन अधिकरी सेक्टर मजिस्ट्रेट, एआरओ को उपलब्ध कराने को कहा।

# फैल रहा डायरिया, महिला की जान ली

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** जिले में बदलते मौसम के साथ ही रोगियों की संख्या बढ़ने लगी है। संक्रामक रोग पांव पसारने लगे हैं। घर-घर चापरपाइयां बिछने लगी है। अस्पतालों में भीड़ लगने लगी है। सरकारी अस्पतालों के अलावा निजी अस्पतालों में भी रोगियों की संख्या अधिक है। डायरिया से पीड़ित एक महिला ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया है।

इन दिनों बुखार, उल्टी, दस्त आदि के मरीजों की संख्या बढ़ी हुई है। अस्पताल में प्रतिदिन पंजीकरण बढ़ रहे हैं। जिला अस्पताल के पंजीकरण काउंटर पर सुबह से ही कतार लगती है। उसके बाद चिकित्सकों के परामर्श के लिए लाइन लग रही है। फिर जांच केद्र ओर दवा वितरण केंद्र पर भीड़ दिखाई दे रही है। बुजुर्ग, महिला व बच्चे सभी बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। एक महिला डायरिया से पीड़ित थी उसकी मौत हो गई है। सोरों कोतवाली के गांव नगला पटिया निवासी 34 वर्षीय गुड्डी पत्नी कमल सिंह को बुधवार की शाम जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उनकी हालत बिगड़ गई थी। उन्हें उल्टी दस्त की शिकायत थी। गुरुवार को महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है। परिजनों का रो-रोक बुरा हाल है।



जिला अस्पताल की ओपीडी के बाहर खड़े मरीज। • अमृत विचार

- **जिला अस्पताल में लग रहीं मरीजों की कतारें, बढ़ रही रोगियों की संख्या**

- गुरुवार को जिला अस्पताल में 710 मरीजों ने कराया पंजीकरण
- 500 से 600मरीज सामान्य दिनों में करा रहे थे पंजीकरण

उल्टी, दस्त बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। यह सब डायरिया के लक्षण हैं। जिला अस्पताल में भर्ती महिला की डायरिया से मौत हुई है। सेहत के प्रति सावधानी बरतें। समस्या हो तो चिकित्सक की सलाह लें।

**-डॉ. संजीव सक्सेना**, सीएमएस

# लोकतंत्र की पहचान, लालच रहित मतदान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** सच्चे लोकतंत्र की यही पहचान है कि प्रलोभन रहित मतदान होना चाहिए। प्रलोभन देने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए और लेने वालों पर भी सख्त कार्यवाही हो। जब हम प्रलोभन से दूरी बनाएंगे। तब ही सही प्रत्याशी का चुनाव कर सकेंगे। यह कहना है कासगंज-एटा लोकसभा क्षेत्र के जागरूक मतदाताओं का, जो किसी भी प्रलोभन में ना आकर निष्पक्ष और विकास के पक्षधर प्रत्याशी को वोट देने की बात कह रहे हैं। मतदाताओं की जागरूकता का संदेश दे रही है कि वे इस बार नया बदलाव करने के प्रयास में हैं।

- **जागरूक मतदाता बोले - प्रलोभन से दूर रहेंगे तो कर सकेंगे सही चुनाव**



हमें हर हाल में ऐसे प्रत्याशी को चुनना चाहिए जो विकास का पक्षधर हो, जो प्रत्याशी पहले से ही प्रलोभन देगा तो समझो वह क्षेत्र के विकास का नहीं अपने विकास का पक्षधर होगा।

**- दीपक मिश्रा**



यदि कोई प्रत्याशी तरह-तरह के प्रलोभन देता है और लालच में आकर मतदाता उसे वोट दे देते हैं तो यह लोकतंत्र की हत्या है। बिना प्रलोभन के मतदान होना चाहिए। तभी विकास हो सकेगा।

**- मुनेश राजपूत**



हर कोई अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए स्वतंत्र है। सही प्रतिनिधि का चयन करने के लिए मतदान किया जाए तभी क्षेत्र के विकास को पंख लगेंगे।

**-आशीष माहेश्वरी**



जब कोई प्रत्याशी प्रलोभन देता है तो समझ जाइए कि वह क्षेत्र का विकास नहीं कर सकेगा। विकास का विचार ही उसके दीमाग में नही आएगा। लोग इन प्रलोभनों से दूर रहें।

**- राजवीर गौतम**

जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में टीमों का गठन कर दिया गया है। टीमें सक्रिय हो गई हैं और वे सभी प्रकार की गतिविधियों पर नजर रखेंगी।

**- राकेश पटेल**, एडीएम

## मतदान हेल्पलाइन ऐप से हासिल कर सकते हैं निर्वाचन संबंधी जानकारी

**कासगंज, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी सुधा वर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग मतदाता हेल्पलाइन ऐप मतदाताओं के लिए मतदाता सूची में अपना नाम खोजने, मतदाता पंजीकरण और संशोधन के लिए फॉर्म जमा करने, अपनी डिजिटल फोटो मतदाता पर्चियां डाउनलोड करने, शिकायत करने, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के बारे में विवरण ढूंढने और सबसे महत्वपूर्ण रूप से वास्तविक स्थिति देखने के लिए एक व्यापक ऐप है। ऐप से मतदाता सूची में रजिस्टर नाम खोजने, सभी प्रकार के वीएसपी फॉर्म व अपडेट प्राप्त करने, आधार को ईपिक से जोड़ने, मतदान केंद्र पर कतार की स्थिति का पता लगाने, उम्मीदवारों की प्रोफ़ाइल आदि देख सकते हैं।

# भाजपा शासन में पूरी तरह सुरक्षित हैं व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** उद्योगपति अर्थव्यवस्था की होते हैं। लघु उद्योग हो, कुटीर उद्योग या कोई भी उद्योग। इनको हमेशा बढ़ावा दिया जाना चाहिए। भाजपा सरकार ने व्यापारियों को पूरा मान सम्मान दिया और उन्हें सुरक्षा की गारंटी ई है। दिन हो या रात व्यापारी असुरक्षित महसूस नहीं कर सकते। यह कहना है आगरा के पूर्व मेयर एवं राज्यसभा सांसद नवीन जैन का। उन्होंने गुरुवार को कासगंज में व्यापारी सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया।

नगर के एमजी डिग्री कॉलेज में व्यापारी सम्मेलन हुआ। एटा-कासगंज लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद राजवीर सिंह ने केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा सरकार आई है , तब से लूट का राज्य खत्म हो गया है। जहां व्यापारी को अपनी जान एवं माल को खतरा रहता था। अब ऐसा नहीं है। मुख्य अतिथि पूर्व मेयर आगरा एवं राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने कहा कि व्यापारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है और व्यापारियों का सम्मान जरूरी है। जिलाध्यक्ष भाजपा केपी सिंह सोलंकी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। सुरेश चंद वाष्णेय, सतीश गुप्ता, अखिलेश अग्रवाल ,प्रदीप गुप्ता, रविकांत सक्सेना, सुनील वाष्णेय , राकेश गर्ग, अजय तिवारी, गौरी शंकरशर्मा, नीरज शर्मा ,शिवकुमार भारद्वाज, राजेंद्र बोहरे ,रॉकी गुप्ता ,शरद गुप्ता ,सुरेश गुप्ता, सत्यवीर सिंह मंनकू, विजय गुप्ता, गौरव गुप्ता ,डॉक्टर विकास गुप्ता, संजय महेश्वरी ,कृष्ण मुरारी दरगड ,संभव जैन ,पंकज शर्मा ,दिनेश गर्ग, असरार सैफी, मयंक गुप्ता ,विवेक वाश्नेय ,प्रेमपाल साहू , डॉक्टर भूदेव सिंह वर्मा, विशाल यादव ,शाहिद सैफी रहे।





राज्यसभा सांसद नवीन जैन, भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह व अन्य। • अमृत विचार

- **व्यापारी सम्मेलन में राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने व्यापारियों को किया संबोधित**

**बागों में आई बहार** | विभिन्न राज्यों के व्यापारी बागवानों से साध रहे हैं संपर्क, कई राज्यों में जाता है कासगंज का आम

# कासंगज में आम की फसल बागवानों में भर रही उत्साह

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** कासगंज में पेड़ों पर छाई आम की फसल इस बार बागवानों को उत्साहित कर रही है । अभी से बाहर के व्यापारियों ने बागवानों को अग्रिम भुगतान देकर आम की बुकिंग कर दी है। जयपुर, राजस्थान, दिल्ली, मद्रास के व्यापारी बागवानों के संपर्क में हैं और मांग के अनुरूप समय से आम का फल पहुंचाने की बात कर रहे हैं। आम की बढ़ी हुई मांग को देखते हुए बागवानों के चेहरे खिल उठे हैं। वे इस बात को लेकर खुश दिखाई दे रहे हैं कि इस बार आम कुछ खास हो जाएगा।

**बड़े क्षेत्रफल में हैं आम के बागान:** कासगंज में एक बड़े क्षेत्रफल में आम की बागवानी होती है। यदि सिर्फ कासगंज जिले की गंगा नदी की सीमा की बात करें तो छह हजार हेक्टेयर और गंगा नदी के पार कासगंज जिले के राजस्व गांव की बात करें तो लगभग नौ हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में आम की बागवानी हो रही है। सबसे अहम बात यह है कि यहां एक नहीं तमाम प्रजाति के आम एक ही बाग में मिल जाते हैं तो दूसरे राज्यों के व्यापारियों को अलग अलग आम की मांग बागवानों को नहीं देखनी होती है और एक स्थान पर उन्हें आम की अलग अलग प्रजाति मिल जाती है।



कासगंज क्षेत्र में आम के पेड़ पर प्राथमिक अवस्था का फल।

### यह होती हैं प्रजातियां

**दशहरी आम :** आसपास के जिलों में सबसे अधिक दशहरी आम की पैदावार कासगंज में है बागवानों की मानें तो दशहरी आम की मांग इंदौर में सबसे अधिक होती है। यह इसलिए खास होता है कि यह बेहद मीठा रहता है, इसका गाढ़ा रस होता है। गुठली पतली होती है। व्यापारियों को इस आम से बेहद लाभ होता है।

**लंगड़ा आम :** इस आम का भी अपना अलग ही स्वाद है। यह आम मीठा होता है, लेकिन इसकी खुशबू, इसकी मीठास भी अलग पहचान कराती है। कासगंज में लंगड़ा आम की प्रजाति लगभग दो हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में तैयार हो रही है।

**चौंसा आम :** इस आम को चूसकर खाने के लिए मशहूर बना जाता है। जयपुर और मद्रास में इस आम की सबसे अधिक मांग रहती है क्योंकि वहां इस आम की आमद यूपी के कासगंज एवं मलिहाबाद से होती है। इसकी गुठली भी पतली होती है और खाने का स्वाद भी अलग है।

**सिंदूरी आम :** यह आम नुकीले तरीके का होता है। नोंक पर सिंदुरी जैसा रंग होता है उसके बाद हरा रहता है। पकने के बाद भी इसकी यही दशा रहती है। पकने से कच्ची अवस्था में भी मीठा रहता और पकने के बाद यह और अधिक मीठा हो जाता है। खास बात यह है कि एक ही आम के बाग में सिंदुरी आम के अलग अलग पेड़ तैयार हैं।

### बागवान बोले, हो सकता है फायदा

आम के बाग में फलों की रखवाली करने वाले गोरहा के प्रकाश कश्यप का कहना है कि काफी दूर क्षेत्र से आम की मांग बढ़ रही है। दूरदराज के व्यापारी अभी से आम की बुकिंग करा रहे हैं। इस बार आम बेहतर पैदावार करा सकता है।

### जल्द मंडियों में पहुंचेगा आम

फलों का राजा कहे जाने वाला आम अब बागों से निकलकर मंडियों में आने को बेताव है। कुछ ही दिनों बाद यह फल मंडियों में पहुंचेगा। समय से आम बाजारों और उपभोक्ताओं तक पहुंचे इसके लिए बागवान और मालिक जैविक तरीके से फसल तैयार कर बाजार में लाने का प्रयास कर रहे हैं।

### इन खूबियों के लिए जाना जाता है आम

फलों का राजा इनके खूबियों के कारण ही कहा जाता है। आम में कार्बोहाइड्रेड, विटामिन, कैल्शियम और पोषक तत्व के साथ साथ फाइवर भी होता है। आम सेहत के लिए बेहद फायदेमंद फल बताया गया है।

### प्राकृतिक आपदा के बाद भी संजोए हुए हैं फल

प्राकृतिक आपदा आंधी आदि के बावजूद भी बागवान फसल को संजोए हुए हैं। आम समय से उपभोक्ताओं तक पहुंचे इसके लिए बागवान और बाग स्वामी जैविक तरह से फसल तैयार करने में जुटे हैं।

## वार्षिकोत्सव में ईश्वर एक है थीम पर बच्चे देंगे प्रस्तुति

**कासगंज, अमृत विचार:** बीएस डायनामिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव शुक्रवार को मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम नदरई गेट स्थित गोशाला के सामने एसएस ग्रीन में शाम 5 बजे से शुरू होगा। मुख्य अतिथि राधा कृष्ण दीक्षित होंगे। वहीं अतिथि के रूप में मधुर सिसौदिया, संजीव सक्सेना, अखिलेश गौड होंगे। स्कूल की प्रबंधक मधुर पुंढीर ने बताया कि यह वार्षिकोत्सव ईश्वर और संसार एक हैं। थीम पर मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस थीम के जरिए लोगों को वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वार्षिकोत्सव को आकर्षक बनाने के लिए स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील वशिष्ठ व सभी शिक्षक शिक्षिकाओं सहित, बच्चे पिछले एक महीने से तैयारी कर रहे हैं।

# बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों का माल-जेवर चोरी

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार :** तीर्थ नगरी सोरों के बदरिया में उत्तराखंड गए परिवार के बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवर, नगदी चोरी कर लिए है। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंचे पीड़ित परिवार ने पुलिस बुलाई। एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बदरिया निवासी गीता देवी पत्नी स्व. मुकेश सिंह अपने परिवार के साथ 17 अप्रैल को उत्तराखंड के काशीपुर व नानकमता की तीर्थयात्रा पर गई थीं। 24 अप्रैल की सुबह उन्हें पड़ोसियों से सूचना मिली कि घर के मुख्य दरवाजे का कुंडा टूटा पड़ा है। गीता ने घर लौटकर देखा कि अलमारी के दोनों लॉकर टूटे हुए थे। जिनमें रखी 8500 रुपए की नगदी, आठ ग्राम सोने की दो जेंट्स अंगूठी,साढ़े सात ग्राम की तीन अंगूठी, छह ग्राम के दो जोड़ी सोने के टॉप्स, सवा ग्राम का एक ओम लॉकेट, एक सोने की नथ ढाई ग्राम, एक सोने की नथनी दो ग्राम, एक चांदी की कुंदनी 300 ग्राम, एक चांदी का बिछुआ 200 ग्राम, एक 100 ग्राम का चांदी का हथकूल, 23 चांदी के सिक्के, 250 ग्राम के तीन जोड़ी चांदी के लच्छे, 100 ग्राम चांदी के दो जोड़ी बाजूबंद, 300 ग्राम की एक जोड़ी चांदी की पायल, 20 ग्राम व 10 ग्राम की एक एक चांदी की चेन, एक पचास ग्राम की चांदी की पायल, एक बच्चे की चांदी की 15 ग्राम की कुंदनी गायब थी। गृहस्वामी ने पुलिस से कार्यवाही करते हुए खुलासे की मांग की है।

चोरी की वारदात की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामला दर्ज कर लिया है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

**- भोजराज अवस्थी**, इंस्पेक्टर सोरों

आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीध्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीध्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल–7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी–16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

डा. शेख

Best Sexologist in india

मिलें हर मंगलवार

मालियों की पुलिया बरेली

9837023223

सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929910

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202

# आईपीएल में सट्टा लगाते छह गिरफ्तार

## एसपी के निर्देश पर पुलिस ने की छापामारी, पूछताछ के बाद किया चालान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** जिले में आईपीएल सट्टे का कारोबार लंबे समय से फलफूल रहा है। पुलिस ने सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव भिटौना से आईपीएल मैच में सट्टा लगाते आधा दर्जन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। सटोरियों के कब्जे से नगदी, मोबाइल व अन्य सामग्री बरामद हुई।

- आरोपियों से नगदी रजिस्टर और अन्य सामग्री की जब्त

सीओ सिटी अजीत चौहान के नेतृत्व में थाना कासगंज पुलिस द्वारा ग्राम भिटौना थाना व जनपद कासगंज में नवनिर्मित मकान के अंदर आईपीएल मैच में सट्टा लगाते हुए आधा दर्जन लोगों को सटोरियों को गिरफ्तार किया है। मुहल्ला जय-जयराम निवासी मोहम्मद शाहिद, मुहल्ला नवाब निवासी मुईनिद्दीन, सहावर गेट निवासी विकास, भिटौना निवासी इरशाद, सलमान और मुहल्ला नवाब अरीब को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 6450 रूपये नगद, तीन रजिस्टर, आठ अदद कीपैड मोबाईल, सात अदद एंड्रायड मोबाईल फोन, दो फोन चार्जर एवं एक कैलकुलेटर बरामद किया गया है।



सदर कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में आईपीएल में सट्टा लगाने के आरोपी।

### जुए के कारोबार की चर्चा तेज

शहर के मुख्य बाजार के अच्छे इलाके में जुए का भी कारोबार हो रहा है। यहां बताया जाता है कि दूसरे जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग जुआ खेलने आते हैं। आरोप है कि पुलिस जानकर भी अंजान बनी बैठी है।

"आईपीएल मैच के छह सटोरिए गिरफ्तार किए गए हैं। जिले में जुआ सट्टे का कारोबार किसी भी हाल में नहीं होने दिया जाएगा। पुलिस सख्त नजर बनाए हुए हैं और कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

– **अपर्णा रजत कौशिक**, एसपी

### सटोरियों से की गई पूछताछ

गहनता से की गई पूछताछ में आईपीएल क्रिकेट मैचों के दौरान ऑनलाइन सट्टा खेलना–खिलाना बताया है एवं सट्टे के सभी कारोबार को नीरज गुप्ता निवासी नदरई गेट थाना व जनपद कासगंज के द्वारा संचालित किया जाना अवगत कराया है। संपूर्ण प्रकरण की विवेचनात्मक कार्यवाही जारी है एवं नीरज गुप्ता उपरोक्त व अन्य लोगों की संलिप्तता की जांच भी की जा रही है।

### तीन आरोपियों का है अपराधिक इतिहास

मोहम्मद शाहिद, मुईनिद्दनी और विकास का आपराधिक इतिहास है। जुआ सट्टे के लिए पहले भी इनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज हो चुकी है। उस समय भी सट्टा किंग नीरज गुप्ता को ही बताया गया था।

## उम्मीदवारों के व्यय लेखा रजिस्टर का मिलान 26 से

**कासगंज, अमृत विचार :** उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार पटेल ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार 22-एटा-कासगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों के व्यय लेखा रजिस्टर का मिलान 26 व 30 अप्रैल एवं पांच मई को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अपर जिलाधिकारी न्यायिक के न्यायालय कक्ष संख्या 33 में किया जाएगा। प्रशासन स्तर से इसकी तैयारी कर ली गई है। आयोग के निर्देशानुसार भी उम्मीदवारों को अपने व्यय का लेखा जोखा देना अनिवार्य है।

# भाजपा प्रत्याशी राजवीर ने कश्यपों को दिया पूरा सहयोग देने का भरोसा



जिला पंचायत अध्यक्ष रनतेश कश्यप के यहां कश्यप समाज के लोगों को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप के गृह प्रवेश में हुए शामिल

**अमृत विचार :** अशोक नगर स्थित जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप के नवनिर्मित सरकारी आवास पर गृह प्रवेश के दौरान भाजपा उम्मीदवार राजवीर सिंह ने भरोसा दिया कि उनकी कोई भी शिकायत होगी दूर की जाएगी।

निषाद पार्टी एटा के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार कश्यप एवं मानव हित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण गोपाल सिहं कश्यप ने सजातियों का आभार प्रगट करते हुऐ कहा कि जिस प्रकार मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम को महाराजा गुहराज निषाद ने नैया पार कराई थी उसी प्रकार राजवीर सिंह उर्फ़ राजू भईया की तीसरी सियासी पारी कश्यप निषाद समाज संकल्पित होकर पार लगाएगा। बॉबी कश्यप, राजेन्द्र कश्यप, मुन्नालाल कश्यप, चंद्रपाल कश्यप प्रधान दतलाना, देवेंद्र कश्यप फिरोजपुर सानी, ब्रजेश कश्यप, सोबरन सिंह कश्यप प्रधान ग्राम रामताल, अशोक कश्यप, गंगा सहाय कश्यप पूर्व प्रधान, तालेवर कश्यप पूर्व प्रधान, जयपाल कश्यप प्रधान बोंदर, अशोक कश्यप प्रधान रनामऊ, मनोज कश्यप अमृतपुर, हरिशंकर कश्यप, राजपाल सिहं कश्यप, राजू कश्यप सहित एक हजार से अधिक की संख्या में कश्यप समाज के लोग मौजूद रहे।

डॉ. अमन रस्तोगी
BAMS, MD
Consultant Physician



- शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात
- पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है।
- पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
- घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार।
- सफेद दाग का गारंटिड इलाज।
- पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।

लाईफ लाइन क्लीनिक
कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली
मो. 6398965384

गुप्त रोगी मिलें
डा. मौर्य
जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन
बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आज सोरों में करेंगे जनसभा



सोरों के मेला ग्राउंड में अखिलेश की जनसभा की तैयारियां देखते पूर्व राज्यमंत्री मानपाल सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शुक्रवार को सोरों में मेला ग्राउंड में सपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। भगवान श्रीवराह और मां गंगा का आशीर्वाद लेंगे। उनके आगमन को लेकर पार्टी पदाधिकारियों ने तैयारियां कर ली हैं।

एटा-कासगंज लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी देवेश शाक्य चुनावी रण में उतरकर जीत के लिए जी-जान लगाए हुए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उनके लिए जनसभा करेंगे। पार्टी पदाधिकारियों ने अखिलेश के कार्यक्रम को लेकर तैयारियों में ताकत झोंक दी है। गुरुवार को पूर्व राज्यमंत्री मानपाल सिंह व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे। पूर्व राज्यमंत्री के साथ पार्टी के अन्य पदाधिकारी भी थे। लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मयंक यादव भी मेला ग्राउंड में व्यवस्थाएं देखने पहुंचे।

## न्यायालय परिसर में मनाया डॉ. आंबेडकर का जन्मोत्सव

**कासगंज।** जनपद न्यायालय के सभा कक्ष में कासगंज बार एसोसिएशन द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर का 133 वां जन्मोत्सव समारोह मनाया गया। एवं विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें जनपद न्यायाधीश सहित विभिन्न न्यायाधीश एवं अधिवक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। बार द्वारा गुरुवार को आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि सैयद माऊज बिन आसिम ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात उन्होंने बाबा साहब के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उन्हे संविधान निर्माता बताया। उन्होंने समारोह के आयोजन के लिए बार एसोसिएशन को धन्यवाद दीया। समारोह में अन्य न्यायिक अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। बार के पूर्व अध्यक्ष दिनेश चंद्र जौहरी ने बाबा साहब के विचारों पर आधारित प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया। पूर्व अध्यक्ष रहे कर्मवीर सिंह सोलंकी ने बाबा साहब द्वारा मुंबई से प्रारंभ की गई वकालत के विषय में विचार व्यक्त किये। महिपाल सिंह, सत्येंद्र पाल सिंह वैस, डॉक्टर विजेंद्र सिंह यादव, मुस्तफा कामिल, सीताराम पुष्कर आदि अधिवक्ता शामिल रहे। अध्यक्षता मुस्तफा कामिल ने, संचालन सत्यवीर सिंहने किया।

# खून के आंसू



हकीम
जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

# बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज



डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियें में ढीलापन उत्तेजना के बाद ढीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174


# गर्मीः पशुओं को दिन में पांच बार पानी पिलाएं

## भीषण गर्मी पशुओं के स्वास्थ्य को कर रही प्रभावित, बीमार होने का खतरा

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी का असर इंसानों पर ही नही, पशुओं पर भी पड़ रहा है। गर्मी के कारण पशुओं में जहां बीमारी की चपेट में आने का खतरा बढ़ा है, वहीं दुधारू पशुओं खासकर गाय और भैंस की दूध उत्पादन क्षमता पर भी असर पड़ रहा है। पशु चिकित्सकों ने पशुओं को गर्मी से बचाकर रखने की सलाह दी है।



डा. प्रभात कुमार गुप्ता।

पशु चिकित्साधिकारी डा. प्रभात कुमार गुप्ता ने गर्मी में पशुओं की देखभाल करने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि पशुधन की सुरक्षा जरूरी है। यह समय रबी की फसलों दलहन, तिलहन, गेहूं की कटाई का है और तापमान बढ़ना शुरू हो गया है। ऐसे में पशुओं में पानी व नमक की कमी, भूख कम होना एवं कम दूध उत्पादन जैसी समस्याएं शुरू हो जाती हैं। पशुओं को गर्मी से बचाने का प्रयास करें। दुधारू पशुओं को दोपहर से शाम पांच बजे तक छाया वाले तथा हवादार स्थान पर आराम करने दें। तेज धूप से बचाव के लिए पशुओं को पेड़ के नीचे ही बांधे, पशुओं को दिन में चार से पांच बार पानी पिलाने का प्रयास करें। थदैला रोग की पहचान और रोकथाम के उपाय करें। थदैला रोग से बचाव के लिए पशुओं को गर्म जगह पर न बांधे, बिछावन डालकर ही पशुओं को बांधें ताकि थदेंगा रोग से बचा जा सके। गाभिन पशुओं को प्रोटीनयुक्त आहार दें। सभी पशुओं को नया भूसा पानी से भिगोकर खिलाएं, पानी में थोड़ा मीठा सोड़ा डालें, ताजा और साफ पानी पशुओं को पिलाएं, दोपहर में पशुओं को पोष्टिक और ऊर्जावान चीजें खिलाएं, जैसे गुड़, हरा चारा, बड़े पशु को 30 ग्राम नमक और छोटे पशु को 15 ग्राम, मिनरल मिक्चर भी खिलाएं, आमला चूर्ण पानी में डालकर खिलाएं, साम के समय पशुओं को ताजे पानी से स्नान कराएं, चारे के लिए बोई गई मक्का, बाजरा एवं ज्वार की कटाई 45 से 50 दिन में करें।



गर्मी से बचने के लिए पेड़ों की छाया में बैठे पशु। ● अमृत विचार

पशु बीमार होने पर निकटतम पशु चिकित्सक को दिखाएं, पशुओं की देखभाल करते हुए मास्क का प्रयोग तथा हाथों की साबुन से नियमित धुलाई करें।

# छात्राओं को सड़क सुरक्षा की दी जानकारी

**एटा, अमृत विचारः** लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज में सजिला विद्यालय निरीक्षक चन्द्रकेश सिंह , सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सतेन्द्र कुमार, यातायात प्रभारी पुलिस अनिल कुमार वर्मा, संजय शर्मा ने सड़क सुरक्षा विषय पर बालिकाओं को विस्तार से समझाया। दयानन्द श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का संचालन किया। जिला विद्यालय निरीक्षकने सड़क सुरक्षा की शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर चन्द्रकला भारती, नेहा द्विवेदी, निर्मला देवी, रीना चौरसिया, निशा गुप्ता आदि शिक्षिकायें उपस्थित रहीं। प्रधानाचार्या सन्ध्या गौतम ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# ग्रामीणों को देख मैक्स छोड़कर भागे चोर

संवाददाता, जलेसर

**अमृत विचारः** सिकंद्राराऊ की ओर से आ रही मैक्स में खून बहते देखकर राहगीरों के द्वारा पीछा किए जाने पर मैक्स चालक कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव लखमीपुर के निकट गाड़ी छोड़कर दूसरी गाड़ी में बैठ फरार हुए। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस।

घटनाक्रम के अनुसार दोपहर 11 बजे के करीब सिकंदर राहु की ओर से मैक्स नंबर यूं पी 81एफ टी 9615 जलेसर की ओर आ रही थी इस दौरान गांव भेकुरी के आसपास थाना हसायन निवासी ऋषि यादव राहुल यादव मैं मैक्स में से खून बहते हुए देखा तो उसका पीछा किया पीछा करने पर मेक्स को छोड़कर चालक साथ में आ रही दूसरी मैक्स में बैठकर फरार होने में सफल हो गया वही मौजूद मैक्स को जब ग्रामीणों ने देखा तो उसमें एक भैंस जिसकी गर्दन कटी हुई थी।



पशु चोरों द्वारा छोड़ी गई मैक्स की जांच पड़ताल करते पुलिस कर्मी।

जिसका खून सड़क पर बह रहा था ग्रामीणों द्वारा बवाल मचाए जाने की जानकारी मिलते ही मौके पर कोतवाली पुलिस के वरिष्ठ उप निरीक्षक जयवीर सिंह एस आई अंकुर सागर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और

● **मैक्स के अंदर से खून बहता देख ग्रामीणों ने किया पीछा**

ग्रामीणों को शांत किया गाड़ी में मौजूद कागजों से जानकारी मिली की गाड़ी दिलशाद नाम के व्यक्ति की है और यह व्यक्ति जलाली अलीगढ़ का रहने वाला है पुलिस ने पशु चिकित्सा अवागढ़ आकाश त्यागी को भी मौके पर बुला लिया कोतवाली पुलिस मैक्स और उसमें मौजूद भैंस को थाने पर ले आई। घटनास्थल से 3 किलोमीटर की दूरी पर मौजूद गांव गणेशपुर के ग्राम प्रतिनिधि शैलेंद्र सिंह भी पहुंच गए क्योंकि 7 अप्रैल को उनके गांव से रेशम पाल सिंह पुत्र छत्रपाल सिंह की दो भैंस व दो पडड़ाजिनकी कीमत करीव 2 लाख थी चोरी हो गई थी इसके संबंध में तहरीर कोतवाली पुलिस को दे दी थी लेकिन 15 दिन बाद भी पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी।

# प्रेक्षकों ने संवेदनशील मतदेय स्थलों का लिया जायजा



मतदेय स्थल पर जानकारी करते प्रेक्षक एवं प्रशासनिक अधिकारी।

संवाददाता,जलेसर

**अमृत विचार :** चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र आगरा पर तैनात प्रेक्षक वरुण रंजन एवं पुलिस विभाग की प्रेक्षक एम निशा ने जलेसर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आधा दर्जन से अधिक अति संवेदनशील एवं संवेदनशील मत देय स्थलों का निरीक्षण किया। वहां के मतदाताओं से संवाद भी किया। कमियों को दूर करने के निर्देश दिए।

प्रेषक चुनाव आयोग के द्वारा बलिदादपुर, कुशवा, नगला खड़ी, आदि संवेदनशील अति संवेदनशील मत देय स्थलों का निरीक्षण किया। मत देय स्थलों पर मतदाताओं को बुलाकर उनसे समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। वही समस्याओं के निराकरण हेतु आस्वस्थ किया । इस दौरान उप जिलाधिकारी जगमोहन गुप्ता, क्षेत्राधिकारी पुलिस के एम दोहरे, अबागढ़ सकरौली का पुलिस फोर्स मौजूद था।

# वृद्धों और दिव्यांगों को मतदान कराने 27 व 28 को रवाना होंगी पार्टियां

**एटा।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चौधरी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सम्पन्न कराने हेतु 85 एवं दिव्यांग अनुपस्थित को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशो के क्रम में 22-एटा लोकसभा में समाविष्ट 104-एटा एवं 105-मारहरा विधानसभा एवं 18-आगरा, लोकसभा में समाविष्ट 106-जलेसर में वृद्धों व दिव्यांग मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से 27 अप्रैल 2024 एवं 28 अप्रैल 2024 मतदान हेतु मतदान पार्टियां कलेक्ट्रेट कैम्पस प्रातः 8 बजे रवाना की जाएंगी।

# चिंता हरण सत्संग भवन में रामलीला महोत्सव आज

**जलेसर।** हिंदू संस्कृति एवं गौ रक्षा हेतु धर्म प्रचारक रामलीला मंडल प्रयाग क्षेत्र के काशी बनारस के प्रसिद्ध 21 कलाकारों की प्रस्तुति कल आज 26 अप्रैल से चिंता हरण सत्संग भवन में प्रारंभ होगी। रामलीला महोत्सव के संचालक जय कृष्णा मिश्रा ने बताया कि रामलीला महोत्सव 26 अप्रैल को प्रारंभ होगा।

# समारोह में आठ जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



सामूहिक विवाह समारोह के दौरान मौजूद जोड़े। ● अमृत विचार

संवाददाता, जलेसर

**अमृत विचार :** हनुमान जन्मोत्सव महोत्सव के अंतर्गत सामूहिक कन्यादान समारोह में आठ जोड़ों का विवाह धूमधाम से हुआ। बरात बड़ा बाजार स्थित अग्रसेन सेवा सदन से प्रारंभ हुई नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई महावीर गंज स्थित हनुमान मंदिर पर पहुंची जहां विधि विधान के साथ विवाह समारोह संपन्न हुआ। प्रत्येक बालिका को सोफा सेट अलमारी कपड़े बर्तन चांदीए वं अन्य सामान उपलब्ध कराए गए। बारातियों को भोजन की व्यवस्था की गई।

● **हनुमान जन्मोत्सव समिति ने आयोजित किया समारोह**

शांति एवं सुरक्षा को दृष्टि को पुलिस फोर्स भी मौजूद रहा। महंत पवन तिवारी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव समिति के द्वारा विगत कई वर्षो से गरीब कन्याओं का विवाह समारोह आयोजित किया जाता है जो नगर के धर्म प्रेमियों एवं नागरिकों के सहयोग से संपन्न होता इस वर्ष आठ कन्याओं का विवाह समारोह संपन्न हुआ है। पंकज तिवारी, हिरदेश वार्ष्णेय, विष्णु ठाकुर, सुरेश चंद्र, वार्ष्णेय, यतीश चंद्र, दीपक बाबा, पवन ठाकुर, सतीश चंद्र विनोद कुमार जैन, राकेश कुमार गुप्ता, विनोद कुमार वर्मा, शशिकांत, गौरी शंकर, लाज पालीवाल, ममता, सुधा आदि सैकड़ो धर्म प्रेमी मौजूद थे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र जाहिद अली व पुत्रवधू शबीना को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी संक्रमणीय भूमि व रिहायशी मकान सहित समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **जाफर अली शाह पुत्र शमशाद अली शाह निवासी ग्राम लाडपुर उस्मानपुर थाना हाफिजगंज, जिला बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अंकित वर्मा उर्फ जय प्रकाश व उसकी पत्नी करिश्मा वर्मा उर्फ मिलन को गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-चल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **अशोक कुमार वर्मा पुत्र स्व. रामेश्वर दयाल वर्मा, निवासी चक महमूद चक्की वाली गली नवादा जोगियान थाना बारादरी, बरेली।**

**REQUIREMENT**

Teachers Required
for All Subjects
Experienced Teacher prefer
**Global Public School**
NC to VIII (English Medium)
Rupapur, Badhepura,
Bhandsar Road, Bareilly
M-9761135783, 7078807486

**सूचना**

मेरे पति श्रेयांश तोमर ने गलत संगति एवं कुकृत्यों के कारण समाज के बहुत से संभ्रान्त लोगों को अपने झूठे जाल में फसाकर ठग लिया लिया है अतः मैंने एवं मेरे माता-पिता एवं समस्त मायके वालों ने श्रेयांश तोमर व इनके परिवार से सदैव के लिए सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। श्रेयांश तोमर के कृत्यों की जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी। **साक्षी चौहान पुत्री श्री रामदेव सिंह चौहान पत्नी श्री श्रेयांश तोमर निवासी हाल तिरूपति स्टेट, थाना सुभाषनगर, बरेली**

**सूचना**

मेरे पिता का सही नाम Jagadish Shivram Bagul व जन्मतिथि 10-04-1964 नाकि Jagadish व जन्मतिथि 01-07-1963 और मेरी माता का Latabai Jagadish Bagul व जन्मतिथि 01-06-1966 है नाकि Lata Bai व जन्मतिथि 01-07-1966। कृपया मेरे सर्विस रिकार्ड में सही करें। 15712605M L/Nk Bagul Dipak Jagadish, R/o Bambarud Tal. Pachora, Bambarud Kh. Pr. Pachora Jalgaon, Maharashtra.

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## रिश्वत लेने के मामले में एसडीओ गौरव शर्मा निलंबित

**बरेली, अमृत विचार :** शाहदाना उपकेंद्र में रिश्वत लेने के मामले में एसडीओ गौरव शर्मा को एमडी भवानी सिंह खंगारौत ने निलंबित कर दिया गया। उन्हें मुख्य अभियंता कार्यालय से अटैच किया गया है। एंटी करप्शन की टीम ने 23 फरवरी में शाहदाना उपकेंद्र पर तैनात संविदा कर्मचारी अरविंद कुमार को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में कर्मचारी ने बताया कि था कि एसडीओ गौरव शर्मा के कहने पर उसने रिश्वत ली थी। उसके बाद एंटी करप्शन की तरफ से शहर कोतवाली में संविदा कर्मचारी और एसडीओ के खिलाफ भी नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### सोशल साइट्स पर भाजपा चला रही आक्रामक प्रचार अभियान, अन्य दल फिलहाल पिछड़े

# भाजपा का सोशल मीडिया वार, सपा-बसपा पीछे

ऋषिदेव गंगवार, बदायूं

- प्रचार में सोशल मीडिया के बेहतर प्रयोग से अभी दूर हैं सपा और बसपा प्रत्याशी, बस नुक्कड़ सभा तक सीमित

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में सियासत गर्माने लगी है। बड़े चेहरों की जिले में आमद होने लगी है। प्रत्याशी एक-दूसरे से खुद को बेहतर साबित करने के लिए जनता के दर पर जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाद बरेली के कस्बा देवचरा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आंवला, बदायूं लोकसभा क्षेत्र की गुरुवार को रैली हुई है। इन सबके अलावा भाजपा ने सोशल मीडिया पर जोरदार प्रचार अभियान चला रखा है। बाहर से आने वाली एलइडी वैन से प्रचार किया जा रहा है। ई-रिक्शा गलियों में घूमकर भाजपा की योजनाओं का बखान करेंगे। वहीं सपा या बसपा प्रत्याशी प्रचार में सोशल मीडिया के इस्तेमाल में काफी पिछड़े हुए हैं और ज्यादातर नुक्कड़ सभाओं तक ही सीमित हैं। बहरहाल सपा में इस प्रकार के प्रचार का अभियान छेड़ने की बात कही जा रही है।

इस समय भाजपा हर प्रकार से लोगों तक पहुंच बनाने की कोशिश कर रही है। सोशल मीडिया प्रचार का मजबूत माध्यम बन गया है। भाजपा की आइटी यूनिट सोशल साइट्स पर अभियान चलाये है। टीवी, रेडियो, यू-ट्यूब आदि पर सरकार की योजनाओं का प्रचार हो रहा है।

अब लखनऊ से कुछ एलइडी और प्रचार वाहन बदायूं भेजे गए हैं। प्रचार वाहन को हर विधानसभा में भेजा गया है। जो गांव-गांव घूमने लगे हैं। जिले भर में होर्डिंग लगाए गए हैं।

शुक्रवार से ई-रिक्शा बदायूं शहर में घुमाए जाएंगे। वहीं अभी तक न तो सपा और न ही बसपा या उनके प्रत्याशी सोशल साइट्स पर सक्रिय हुए हैं।

**महिलाओं को महिलाएं और बुजुर्गों को रिझा रहे बुजुर्ग**

अपने पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के माध्यम से भाजपा हर वर्ग तक पहुंच बनाने की कोशिश कर रही है। महिलाओं को महिला पदाधिकारी और बुजुर्गों को रिझाने के लिए बुजुर्गों को लगाया गया है। ग्रामीणों से मिलने पर गांव की भाषा और शहर व कस्बावासियों से मिलने पर शहरी भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। आवास, मुफ्त राशन, घर-घर पेयजल पहुंचाने आदि के बारे में बताते हुए वोट मांगा जा रहा है।

## मानसिक तनाव के चलते युवती ने फंदे पर लटककर की आत्महत्या

**बंडा, अमृत विचार :** भाई की मौत के बाद से बिगड़े मानसिक तनाव के चलते युवती ने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव ददिउरी निवासी रामलली ने बताया कि उसके पुत्र धर्मेंद्र ने रविवार को बंडा के बिलंदपुर जंगल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद से घर के सभी लोग काफी परेशान थे। धर्मेंद्र की मौत के बाद से उसकी बहन सोनी देवी(19) ने खाना पीना सब कुछ छोड़ दिया था, तब से उसकी तबियत खराब रहने लगी थी । काफी समझाने के बाद भी उसने खाना नहीं खाया और उल्टी सीधी हरकतें करनी शुरू कर दी थीं। गुरुवार सुबह अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह चारपाई पर लेट गई। उसे उल्टी आई तो वह पानी पीकर फिर से चारपाई पर आराम करने की बात कहकर लेट गई।

# रुविवि : 74 करोड़ से ज्यादा की हेराफेरी में फंसे कुलपति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बीएड प्रवेश परीक्षा 2022 में ही 55 करोड़ से ज्यादा के घोटाले का आरोप
- शिक्षकों की पदोन्नति से भुगतान असंतुलन की स्थिति पैदा हो गई थी

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह गंभीर आरोपों में घिर गए हैं। कई मदों में 74 करोड़ से ज्यादा के गोलमाल के साथ स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों में शिक्षकों के प्रमोशन और शैक्षिक पदों पर नियुक्तियों में गड़बड़ियों पर शासन ने जवाब मांगा है। पूर्व वित्त अधिकारी केके शंखधार ने इस मामले में राज्यपाल और शासन से शिकायत की थी।

इनमें बीएड प्रवेश परीक्षा 2022 में 55.5 करोड़ के भुगतान में हेराफेरी का आरोप प्रमुख है। शासन के आदेश पर कुलसचिव ने संबंधित विभागों से रिपोर्ट मांगी है। सबसे गंभीर आरोप रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से कराई गई बीएड प्रवेश परीक्षा 2022 में गोलमाल का है। शिकायत के मुताबिक कुलपति ने बीएड प्रवेश परीक्षा के दौरान गोपनीय मदों में भुगतान के लिए 55.50 करोड़ की धनराशि तीन किस्तों में अग्रिम तौर पर ली थी लेकिन इसका समायोजन नहीं कराया। पूर्व वित्त अधिकारी ने इसमें गंभीर वित्तीय अनियमितता की संभावना जताई है। परीक्षा में गाड़ियों के भुगतान में करीब 15 करोड़ और कोरोना किट की खरीद में भी चार करोड़ के गोलमाल का आरोप लगाया गया है। प्रमोशन और नियुक्तियों में भी गड़बड़ी के आरोप लगे हैं।

कहा गया है कि कुलपति ने नियमित शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के शिक्षकों और कर्मचारियों के भी वेतन के भुगतान के लिए संयुक्त खाता खुलवाने का दबाव डाला था। शासन के आदेश के विरुद्ध होने के कारण वित्त अधिकारी सहमत नहीं हुए तो कुलपति ने विश्वविद्यालय में स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों में कार्यरत शिक्षकों की कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत पदोन्नतियां कर दीं। इसकी वजह से आय की तुलना में व्यय बढ़ गया। कुलपति उन पर लगातार एरियर भुगतान के लिए भी दबाव बनाते रहे। शिक्षकों की पदोन्नति से भुगतान असंतुलन की स्थिति पैदा हो गई थी। उनकी ओर से आय बढ़ाने के लिए मई 2022 में कुलसचिव को भी पत्र लिखा गया था।

## किसान आंदोलन : लंबा होता जा रहा ट्रेनों का इंतजार

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** हरियाणा और पंजाब बॉर्डर के शंभू स्टेशन पर किसान आंदोलन से आठ दिनों से बरेली जंक्शन पर ट्रेनें देर से पहुंचने से यात्री परेशान हो रहे हैं। यात्रियों को कई घंटे जंक्शन पर ट्रेन का इंतजार करना पड़ रहा है। गुरुवार को गंगा सतलुज, सियालदह, अर्चना एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों देरी से पहुंची। इस दौरान करीब 20 ट्रेनों का संचालन किसान आंदोलन की वजह से प्रभावित रहा।

बरेली जंक्शन पर गुरुवार को 15652 लोहित एक्सप्रेस सात घंटा, 13006 पंजाब मेल 15 घंटे 32 मिनट, 13152 सियालदह सात घंटे, 13308 गंगा सतलुज 16 घंटे 38 मिनट, 14618 जनसेवा छह घंटे, 12358 दुर्गियाना 6 घंटे 46 मिनट, 14650 सरयू यमुना एक्सप्रेस तीन घंटे 32 मिनट, 12356 अर्चना एक्सप्रेस 10 घंटे 34 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंचीं।

**आज ये ट्रेनें होंगी प्रभावित**

शुक्रवार को 13006 पंजाब मेल, 13308 गंगा सतलुज, 13152 सियालदह, 14674 शहीद एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।

## एंडोमेट्रियोसिस की चपेट में आ रहीं महिलाएं

**बरेली , अमृत विचार :** महिलाएं एंडोमेट्रियोसिस बीमारी की चपेट में आ रही हैं। जिला महिला अस्पताल में स्थित संपूर्णा क्लिनिक में परामर्श के लिए आने वाली कई मरीजों में भी इस बीमारी के लक्षण मिले हैं। क्लिनिक प्रभारी वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. शैव्या प्रसाद ने बताया कि प्रसव के बाद महिलाएं अपनी सेहत का सही से ध्यान नहीं रखती हैं। दिनचर्या के साथ ही खानपान प्रभावित होने से महिलाएं एंडोमेट्रियोसिस समेत अन्य बीमारियों की चपेट में आ जाती हैं। क्लिनिक में हर महीने तीन से चार महिलाओं में एंडोमेट्रियोसिस के लक्षण मिल रहे हैं। वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मृदुला शर्मा ने बताया कि एंडोमेट्रियोसिस एक ऐसी बीमारी है, जिसमें गर्भाशय की लाइनिंग जैसे ऊतक गर्भाशय के बाहर भी बनने लगते हैं। इससे महिलाओं को गर्भधारण करने में भी दिक्कत होती है। इसकी वजह से महावारी के दौरान खून भी अधिक बहता है।

**ये हैं प्रमुख लक्षण**

मासिक धर्म के दौरान सामान्य से अधिक दर्द, कमर में दर्द, अधिक ब्लीडिंग, शौच के दौरान रक्त आना, इनफर्टिलिटी और कब्ज आदि प्रमुख लक्षण हैं।

# एक लाश पर दो परिवारों ने ठोंका दावा, अंगूठे से हुआ फैसला

### गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने बायोमेट्रिक मशीन का लिया सहारा

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** पुलिस उस समय बड़ी उलझन में फंस गई, जब अज्ञात वृद्ध के शव की दो परिवारों ने शिनाख्त की। दोनों ने वृद्ध को खुद के परिवार का सदस्य बताते हुआ दावा किया। इसके बाद पुलिस ने इस गुत्थी को सुलझाने के लिए गजब का दिमाग लगाया। सोशल मीडिया का सहारा लिया। इसके बाद अंगूठे से शव की पहचान की गई।



मृतक रामचन्द्र।

जसरथपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत भनऊ घाट काली नदी में बुधवार की देर सायं एक अज्ञात वृद्ध का शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। शव की शिनाख्त कराने के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया का सहारा लिया। गुरुवार को सुबह कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत मोहल्ला संजय नगर के कुछ लोगों ने पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचकर शव की पहचान रिटायर्ड दीवान नाहर सिंह के रूप में की। कहा कि नाहर सिंह करीब 10 माह से गायब थे। पुलिस शव की शिनाख्त होने पर सुकून में आई, तभी जनपद मैनपुरी के भौगांव थानान्तर्गत ग्राम मिलिकिया निवासी एक अन्य परिवार ने भी पहुंचकर शव की शिनाख्त करने का दावा कर उसे अपने परिवार का सदस्य बताया। नाती नीतेश और अंशुल ने अपने बाबा रामचन्द्र (80) पुत्र अमर सिंह के रूप में शिनाख्त की।

**उलझन में पड़ी पुलिस, दोपहर को सुलझा मामला**

एक शव पर दो परिवारों के दावा करने पर पुलिस की उलझन बढ़ गई। दोनों परिवारों से फोटो लेकर शव के चेहरे का मिलान किया तो दोनों फोटो और शव में काफी समानता थी। गुरुवार की दोपहर पुलिस को कोई रास्ता नहीं मिला तो आधार की बायोमेट्रिक मशीन से मृत वृद्ध की शिनाख्त कराई गई। मशीन पर मृतक के अंगूठे और दोनों परिवारों लोगों के अंगूठे का निशान लिया तो शव की शिनाख्त रामचन्द्र पुत्र अमर सिंह निवासी मिलिकिया थाना भौगांव मैनपुरी के रूप में हुई।

**ये बोले परिवार के सदस्य**

मैनपुरी के भौगांव थाना क्षेत्र के गांव मिलिकिया निवासी नीतेश और उसके भाई अंशुल ने बताया कि बाबा रामचन्द्र (80) बुधवार को दोपहर घर से दूर पेड़ के नीचे चारपाई पर लेटे थे। सायं तक घर नहीं पहुंचे तो परिजनों को चिंता हुई। काफी तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगा। गुरुवार को सोशल मीडिया पर जसरथपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत भनऊ घाट काली नदी में एक वृद्ध का शव मिलने की खबर चल रही थी। यह देख वह लोग उक्त थाने पहुंचे और पुलिस से बात की। पुलिस पोस्टमार्टम हाउस लेकर आई और शव दिखाया। नीतेश और अंशुल ने बाबा रामचन्द्र के रूप में शिनाख्त की। पुलिस ने नीतेश और अंशुल की बातों को स्वीकार कर लिया।

## प्रधानमंत्री के रोड शो की वजह से मिड टर्म परीक्षा टली

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज ने प्रधानमंत्री के रोड शो की वजह से शुक्रवार को होने वाली वाली मिड टर्म परीक्षा का कार्यक्रम बदल दिया है। अब परीक्षा 28 अप्रैल को होगी। प्रभारी प्राचार्य प्रो. पंपा गौतम ने सभी विभागाध्यक्षों और शिक्षकों को बदली हुई तिथि पर परीक्षा कराने के निर्देश दिए हैं।

- रोड शो की वजह से बरेली कॉलेज के पूर्वी गेट मार्ग पूरी तरह से बंद रहेगा

रोड शो की वजह से बरेली कॉलेज के पूर्वी गेट मार्ग पूरी तरह से बंद रहेगा। इसके अलावा भी शहर में जगह-जगह रूट डायवर्जन किया जाएगा, जिससे शिक्षकों और छात्रों को कॉलेज आने में दिक्कत हो सकती है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीनम सक्सेना ने बताया कि संशोधित परीक्षा कार्यक्रम कॉलेज की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

# लखपति दीदी से महिलाओं को साधा, यूपी में विकास की दुहाई दी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मंच पर पहुंचने पर भगवान शिव और परशुराम को प्रणाम करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साथ में अन्य विशिष्टजन। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** शुक्रवार को बरेली मोड़ मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब तक पीएम आवास महिलाओं के नाम किए गए हैं। इसी तरह शौचालय, जल जीवन से महिलाओं-बहनों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी पांच सालों में तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। जब गांव में घर-घर लखपति दीदी होंगी तो गांव की तकदीर बदलेगी। यह मोदी की गारंटी है। मंच पर पहुंचने पर सभी ने मोदी का अभिवादन किया, लेकिन मोदी ने सबसे पहले भगवान शिव और भगवान परशुराम को प्रणाम किया। फिर अपना भाषण शुरू किया।

उन्होंने कहा कि 2024 का चुनाव ऐतिहासिक चुनाव है। यह चुनाव सामान्य नहीं है। यह चुनाव आपका एक-एक वोट सशक्त भारत के संकल्प को मजबूती देने की गारंटी है। इस बार वोट से देशविरोधी मानसिकता वाले लोगों को कड़ा संदेश देना है। आपका वोट ही आतंकवाद को काबू में रखेगा।

- प्रधानमंत्री ने लखपति दीदी को बताया गांवों को चमकाने वाली योजना, विपक्ष पर साधा निशाना

मोदी ने अपने चिरपरिचित अंदाज में कहा कि यह चुनाव महज हार-जीत का चुनाव नहीं है, बल्कि एक-एक वोट सशक्त भारत को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा, देश को मजबूत बनाने में आपका वोट ही गारंटी बनेगा। इतना ही नहीं आपका एक-एक वोट आतंकवाद को भी काबू में रखने में मदद करेगा। सूबे में योगी सरकार से पहले और योगी सरकार के बाद का अंतर समझाते हुए कहा कि पहले न तो प्रदेश में बिजली मिलती थी और न ही चिकित्सा व्यवस्था, कानून व्यवस्था ही थी, सभी ठप चल रहे थे। सिर्फ गुंडा और माफियाराज था, लेकिन सीएम योगी के आने के बाद एक्सप्रेस-वे बन रहे हैं, बिजली मिल रही है, औद्योगिक इकाइयां बढ़ रही हैं। युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। अब विकास की गाड़ी फर्राटे भर रही है। शाहजहांपुर में भी गंगा एक्सप्रेस वे तैयार हो रहा है। नेशनल हाईवे लखनऊ-दिल्ली की दूरी कम कर रहे हैं। यह डिफेंस कॉरिडोर से भी जुड़ने जा रहा है।

शाहजहांपुर में एक जिला-एक उत्पाद के तहत जरी-जरदोजी का लाभ मिल रहा है, किसानों की किस्मत बदल रही है। गन्ना किसानों को समय से भुगतान हो रहा है। कांग्रेस और सपा गठबंधन पर हमलावर होते हुए मोदी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी इससे पहले भी बनी, इनसे विकास की क्या उम्मीद रखी जा सकती है। सभी स्वार्थ में लिप्त हैं। कहा कि मोदी अपने काम का लेखा-जोखा लेकर ही वोट मांगता है। वहीं, सपा-कांग्रेस ने कभी हिसाब नहीं दिया। मोदी ने जहां मेडिकल कॉलेज बनवाए, वहीं अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण भी कराया। सपा-कांग्रेस के राज में अयोध्या, मथुरा-काशी में बम के धमाके सुनाई पड़ते थे, रामभक्तों पर गोलियां चलाई जाती थीं। आतंकी हमले होते थे, लेकिन 2014 में मोदी के आने के बाद बम के धमाके सुनाई देने बंद हो गए। सही बात तो यह है कि यह मोदी ने बल्कि आपके वोट की ताकत ने किया है, इसलिए इस बार भी आपका वोट गलत हाथों में नहीं जाना चाहिए। सही पार्टी को वोट देने से ही सही परिणाम सामने आएंगे।

### डिप्टी सीएम के साथ वरिष्ठजनों ने साझा किया मंच

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पीएम मोदी की रैली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रतिनिधि के रूप में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, जिला प्रभारी सुरेश राणा, लोकसभा प्रभारी राम गोपाल मिश्रा, राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, महापौर अर्चना वर्मा, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, लोकसभा संयोजक अरुण गुप्ता, धौरहरा की सांसद रेखा वर्मा, विधायक चेतराम, विधायक हरि प्रकाश वर्मा, विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस, विधायक सलोना कुशवाहा, सांसद एवं लोकसभा प्रत्याशी अरुण सागर, ददरौल उप चुनाव के पार्टी प्रत्याशी अरविंद सिंह आदि ने मंच साझा किया। संचालन कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने संभाला। पीएम से पहले डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, जिला प्रभारी सुरेश राणा, सांसद अरुण सागर समेत सभी विधायकों ने भी विचार व्यक्त करते हुए पार्टी प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे।

### पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर मंच पर उनका पारंपरिक ढंग से सम्मान भी किया गया। पहले डिप्टी सीएम बृजेश पांडेय और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने मोदी को पटका पहनाकर सम्मानित किया, इसी क्रम में अन्य विशिष्टजनों ने बुके देकर और स्मृति चिन्ह के रूप में हनुमतधाम का चित्र और हनुमान जी की फोटो, मूर्ति, राम दरबार आदि भेंटकर सम्मानित किया।

**प्रारूप C-1**
**(अभ्यर्थी के द्वारा समाचार-पत्रों/दूरदर्शन में प्रकाशित करने हेतु)**
**आपराधिक प्रकरणों के सम्बन्ध में घोषणा**
**(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार)**
**(पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)**

अभ्यर्थी का नाम और पता-**देवेश शाक्य पता-म.नं. 47, ग्राम भटौरा पो. गूरा, तहसील विधूना जनपद औरैया**
**राजनैतिक दल का नाम**-समाजवादी पार्टी
(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहाँ ''निर्दलीय'' लिखें)
**निर्वाचन का नाम**-लोक सभा
***निर्वाचन क्षेत्र का नाम**-22, लोक सभा एटा (सामान्य)
मैं **देवेश शाक्य** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूँ

**(A) लंबित आपराधिक मामले**

| क्रम.सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | सम्बन्धित अधिनियमों की धारा(ओं) और अपराध (अपराधी) संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | न्यायालय मुसिफ विधूना औरैया | प्रधान सूचना रिपोर्ट संख्या-556/2003 | दोष मुक्त | 1. अन्तर्गत धारा-447, आई.पी.सी. (राजनैतिक द्वेष भावना से ग्रसित होकर झूठा मुकदमा पंजीकृत कराया गया) |
| 2. | न्यायालय मुसिफ विधूना औरैया | प्रधान सूचना रिपोर्ट संख्या-563/2003 | दोष मुक्त | 2. अन्तर्गत धारा-447, 427, 506 आई.पी.सी. (राजनैतिक द्वेष भावना से ग्रसित होकर झूठा मुकदमा पंजीकृत कराया गया) |
| 3. | न्यायालय एस.सी./एस.टी., औरैया | प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या-82/2006 | दोष मुक्त | 3. अन्तर्गत धारा-147, 323, 504 आई.पी.सी. व 3(1) एस.सी. एक्ट (राजनैतिक द्वेष भावना से ग्रसित होकर झूठा मुकदमा पंजीकृत कराया गया) |
| 4. | शून्य | प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या-0034/2022 | माननीय न्यायालय द्वारा तलब नहीं किया गया है (लम्बित है) | 4. अन्तर्गत धारा-504, 507 आई.पी.सी. (राजनैतिक द्वेष भावना से ग्रसित होकर झूठा मुकदमा पंजीकृत कराया गया) |

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
पता: सेक्टर -7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
क्षारसूत्र चिकित्सा(धागा विधि)
सही उपचार आयुर्वेद के साथ
धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर/पाइल्स, नासूर, मस्से PNS आदि का सफल इलाज
दिनांक: 24 अप्रैल से 27 अप्रैल 2024, समय : सुबह 9 से सायं 4 बजे तक
यदि आप निम्न लक्षणों से पीड़ित है तो एक बार अवश्य डोहरा रोड स्थित रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में दिखायें।
• शौच के समय मल द्वार से खून आना (बवासीर/मस्से/Piles)
• गुदामार्ग के पास फोड़ा होना, मवाद (पस) आना (नासूर/ भगन्दर)
• कब्ज़ की शिकायत रहना
• शौच के समय दर्द एवं जलन रहना
• बच्चों के मलद्वार से खून आना, दर्द होना, कब्ज़ की शिकायत होना
• धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर, PNS का सफल इलाज
• आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर
डॉ. राहुल कुमार B.A.M.S., M.S. (Ayu) DSRRAU JODHPUR नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच.,बरेली
नि:शुल्क परामर्श
नि:शुल्क क्षारसूत्र चिकित्सा
जांचों में 50% तक छूट
डॉ. गीता B.A.M.S. (NIA JAIPUR), M.S. (AY) IMS-BHU नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच., बरेली
शिविर का लाभ लेने के लिए निम्न नम्बर पर फोन करके रजिस्ट्रेशन करवायें मो. 8077808309
परामर्श स्थान : कमरा नं०-10, रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल । मो. 8077808309

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# दूसरे चरण में चुनाव

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में धर्म का मुद्दा आगे हो गया है। भाजपा ने अपने दस साल के कार्यकाल के दौरान अधिकतर विकास, 5वीं से तीसरी वैश्विक अर्थव्यवस्था और अंततः 2047 तक 'विकसित भारत' की बात कही। 2024 का जनादेश 'विकसित भारत' का संकल्प हासिल करने की रूपरेखा तैयार करने के लिए मांगा जा रहा है। सवाल उठ रहे हैं कि अचानक यह बदलाव क्यों आया कि प्रथम चरण के कम मतदान के बाद प्रधानमंत्री के तेवर बदल गए। विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राजस्थान में विभाजनकारी और अपमानजनक भाषण देने का आरोप लगाया। हालांकि भाजपा अब भी दौड़ में सबसे आगे है। कई सीटों पर मुकाबले कांटेदार हैं। परंतु मतदान अब भी कम हो सकता है, क्योंकि दूसरे चरण की जिन 89 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होना है, उसमें कमोबेश 30 सीटों पर लू का मौसम होगा। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी और करीब 65.5 प्रतिशत मतदान हुआ था। दूसरे चरण में प्रचार के दौरान बाकी सब मुद्दे पीछे छोड़ते हुए भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उस पर तुष्टिकरण करने का आरोप लगा दिया। गुरुवार को चुनाव आयोग ने किसी प्रधानमंत्री के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप पर पहली बार संज्ञान लेते हुए भाजपा से विपक्षी दलों द्वारा दायर शिकायतों का जवाब देने को कहा है। चुनाव आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को जारी नोटिस का 29 अप्रैल तक जवाब देने का निर्देश जारी किया है। आयोग ने इसी तरह का एक पत्र कांग्रेस अध्यक्ष को भी लिखा है जो उनके और राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी द्वारा लगाए गए आरोपों से संबंधित है।

चुनाव आयोग को अपनी शिकायत में कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में आरोप लगाया था कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति को मुसलमानों में फिर से बांटना चाहती है और विपक्षी दल महिलाओं के 'मंगलसूत्र' को भी नहीं बख्शेगा। महत्वपूर्ण है कि चुनाव आयोग ने स्टार प्रचारकों पर लगाम लगाने के पहले कदम के तहत पार्टी अध्यक्षों को जिम्मेदार ठहराने के लिए जनप्रतिनिधि कानून के प्रावधानों का इस्तेमाल किया है। गौरतलब है कि 2019 के आम चुनाव के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ छह शिकायतें दर्ज की गई थीं, लेकिन चुनाव आयोग ने उन्हें 'क्लीन चिट' दे दी। इस पर चुनाव आयोग की तीखी आलोचना की गई थी। हालांकि मतदान और मतदाता से जुड़े 'भारतीय जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951' में ऐसी धाराएं भी हैं, जिनके तहत ऐसी शिकायतों पर दंडनीय कार्रवाई की जा सकती है। आयोग की यह कार्यवाही उसकी निष्पक्षता और विश्वसनीयता से जुड़ी है।

# लोकसंस्कृति समझने को गणगोत्र का जानना जरूरी


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

रामकथा का स्रोत भुशुंड काक है। योग वासिष्ठकार ने भुशुंड को अत्यन्त रूपवान और श्यामवर्ण बतलाया है। भुशुंड की गणना महामनीषियों में होती थी और स्वयं वसिष्ठ भुशुंड से मिलने के लिए मेरुपर्वत पर गए थे। भुशुंड के पिता चंड काक ही थे किन्तु मां हंस गणगोत्र की थी। भागवत-कथा का स्रोत शुक है। शिव पार्वती को मुंडमाला का रहस्य समझा रहे थे।

पुराण कथाओं के पशु-पक्षी सामान्य पशुपक्षी नहीं है, वहां उनका अर्थ कुछ गहरा है, जिसे हम गणगोत्र के सूत्र से समझ सकते हैं। टोटम का इतिहास मानवीय धारणाओं, देवताओं और जन जातियों की युग यात्रा और सामाजिक विकास की आत्मकथा है, जिसको हम भारतीय संस्कृति कहते हैं, वह वास्तव में समुद्र की भांति है, जिसमें संस्कृतियों की अनेक धाराएं समाई हुई हैं।

रांगेयराघव ने "महायात्रा गाथा" में टिप्पणी की है कि भारतीय पौराणिक-जीवन की अनेक समस्याएं प्राचीन जातियों के "टोटम" में ही छिपी हुई हैं। आचार्य क्षितिमोहनसेन और डा.रामविलास शर्मा ने भी टोटम या गणगोत्र के सिद्धांत के प्रकाश में पुराकथाओं की समीक्षा की है। एक युग था, तब वर्ण नहीं था, जाति नहीं थी, कबीले थे। किसी का गणगोत्र (टोटम) नाग था, कोई सुपर्ण था, कोई जटायु था, मत्स्य, कूर्म, गज, सिंह, महिष, मयूर, अश्व, हंस, शुक, काक, नंदी, वाराह आदि हजारों गणगोत्र थे।

रांगेयराघव ने लिखा है कि भय भूख और आवश्यकता ने टोटम को जन्म दिया उन्होंने लिखा है कि संसार में एक लंबा समय टोटम का रहा है। केवल भारत में ही नहीं, मिस्र में थोट देवता गरुडमुखी है, चीन में ड्रेगन की कथाएं हैं। बैबीलोनिया में जू गरुड़ देवता है। भरतीय पुराकथाओं में जनमेजय का नागयज्ञ, गज-ग्राह युद्ध और नाग-गरुड़-युद्ध प्रसिद्ध हैं।

युगांत प्रलय के समय मत्स्य (विष्णु के प्रथम अवतार) का प्रादुर्भाव हुआ। यह नौका पर बैठे मनु की कथा है, मत्स्य पुराण भी है। मत्स्यकन्या की कथा में मल्लाहों ने मछली का पेट चीर कर एक कन्या और बालक को निकाला था। वह उपरिचर वसु का वीर्य था। पुराण की कथा है कि अमृत प्राप्त करने के लिए देवता और दैत्य समुंद्र मंथन करने लगे उस समय भगवान विष्णु ने कछुआ (कच्छप या कूर्म अवतार) का रूप धारण किया। समुद्र में प्रवेश करके मंदराचल को पीठ पर धारण किया। कुर्मी नाम का एक जनसमूह अभी भी है। इसका संबंध कूर्म गणगोत्र से है। वाराह पुराण की कथा के अनुसार जब हिरण्याक्ष धरती की चटाई कर के पाताल ले गया, तो वाराह भगवान ने हिरण्याक्ष का वध किया और अपने एक ही दंष्ट्र पर धारण करके पृथ्वी का उद्धार किया और उसे शेषनाग के फण पर प्रतिष्ठित किया। इस प्रकार विष्णु के दस अवतारों में से प्रथम तीन अवतार मानवेतर हैं। मथुरा को आदिवाराह क्षेत्र माना जाता है। सोरों शूकर क्षेत्र है। विष्णु के चौथे अवतार नृसिंह का स्वरूप अर्द्धमानुषी है अर्थात आधा शरीर मनुष्य का और आधा सिंह का। नृसिंह की तरह और भी देवता हैं, जिनका रूप अर्द्ध-मानुषी है। हयग्रीव-अवतार (चौबीस अवतारों में) है -हयग्रीव (मुख घोड़ा का, शरीर आदमीका) हनुमान (मुख वानर का, शरीर आदमी)। गणेश (हाथी जैसा मुंह बाकी शरीर मनुष्य जैसा), और हनुमान ( मुख और पूंछ बंदर की तथा शेष शरीर मानवीय) प्रमुख है। चीन, जापान और तिब्बत में भी नागकन्या का आधा रूप सर्प का तथा आधा मनुष्य जैसा है। गरुड़ के संबंध में पुराणों में बताया गया है कि उसका मस्तक गरुड़ पक्षी के समान तथा शरीर और इंद्रियां मनुष्य-जैसी थी।

रामकथा का स्रोत भुशुंड काक है। योग वासिष्ठकार ने भुशुंड को अत्यन्त रूपवा न और श्यामवर्ण बतलाया है। भुशुंड की गणना महामनीषियों में होती थी और स्वयं वसिष्ठ भुशुंड से मिलने के लिए मेरुपर्वत पर गए थे। भुशुंड के पिता चंड काक ही थे किन्तु मां हंस गणगोत्र की थी। भागवत-कथा का स्रोत शुक है। शिव पार्वती को मुंडमाला का रहस्य समझा रहे थे। पार्वती सो गईं। तोता हूंकरा देने लगा। शिव ने देखा तो त्रिशूल ले कर दौड़े। शुक उड़ा, व्यास पत्नी जंभाई ले रही थीं। शुक व्यास पत्नी के गर्भ में चला गया। शुकदेव जब रावण सीता का अपहरण करके ले जा रहा था तो जटायु ने रावण को वेदतत्व का प्रमाण देते हुए पर स्त्री हरण का निषेध किया था और जब रावण नहीं माना तो इसने रावण को घायल कर दिया। राम को सीता हरण की प्रथम सूचना जटायु से ही मिली थी। इतना ही नहीं, जटायु ने राम को बताया कि सीता का हरण 'बिंद' मुहूर्त में हुआ है, इसलिए वह तुम्हें अवश्य प्राप्त होगी। स्पष्ट है कि वेद का प्रमाण और ज्योतिष का संदर्भ देना किसी भी पक्षी के वश की बात नहीं हो सकती। जटायु गृद्ध गणगोत्र का था।

यों तो गरुड़ पक्षी का ही नाम है, विष्णु का वाहन! लेकिन वेद और पुराकथाओं में जिस गरुड़ की कहानियां हैं, वह गणगोत्र अथवा टोटम-जाति अथवा कबीला है।

रांगेयराघव ने महायात्रा गाथा में एक पूरे अध्याय में नाग और गरुड़ के संघर्ष का वर्णन किया है। वेद में वह श्येन का पुत्र है। पुराकथाओं में कश्यप और विनता का पुत्र और अरुण का भाई है। गरुड़ की दो बातें ध्यान देने लायक हैं, पहली बात यह कि उसकी मां अपनी ही सौत कद्रू की दासी है। गरुड़ उसे दासता से मुक्त करने के मिशन पर लग जाता है, उसे निषादों, गजों, कच्छपों, और अन्य कितने ही गणगोत्रों से युद्ध करना पड़ता है। वह यक्ष, गंधर्व और देवों से भी युद्ध करता है। अंत में यह अपनी मां को दासता से मुक्त करता है। बालखिल्य उसका अभिषेक करते हैं। दूसरी महत्व की बात है कि-यह स्वर्ग से अमृत ले कर आया था। बाद में नाग और गरुड़ दोनों की अन्तर्भुक्ति विष्णु में हो जाती है। तैत्तिरीय उपनिषद का तीतर गणगोत्र है।

डॉ. कामिल बुल्के ने स्पष्ट बताया था कि हनुमान वास्तव में वानर गोत्रीय आदिवासी थे। इसी प्रकार जिस ऋक्षराज जांबवान से कृष्ण का अट्ठाईस दिनों तक युद्ध चला था और जिसकी कन्या जांबवती कृष्ण की आठ पटरानियों में से एक थी, वह रीछ नहीं हो सकता। महिष भी गणगोत्र है। महिकासुर ब्रज में भी लोकदेवता है। महिषासुर के जन्म की कथा में उल्लेख है कि रंभासुर ने महिषी को गर्भ प्रदान किया था।

पुराण कथाओं के पशु-पक्षी पात्रों का एक तीसरा रूप देवता के वाहन रूप में है जैसे ऐरावत हाथी (इंद्र का वाहन), गरुड़ (विष्णु), सिंह (दुर्गा), हंस (ब्रह्मा तथा सरस्वती), बैल (शिव), कुत्ता (भैरव), मूषक (गणेश), मयूर (कार्तिकेय स्वामी), महिष (यमराज तथा शनि), उल्लू (लक्ष्मी का वाहन)। देवताओं के वाहनों से जुड़े अभिप्राय वास्तव में गणगोत्र जातियों की अन्तर्भुक्ति की कथाएं हैं। नरक चतुर्दशी को यमराज का तर्पण करके दीप जलाकर कुत्ते की पूजा की जाती है। भागवत में पंचम स्कंध में, कंक गिद्ध बगुला और बटेर जैसे देवताओं का उल्लेख है, भागवत 5-14-29।

भारत के लोकजीवन के विश्व बोध में, आचार-प्रणाली और विश्वासप्रणाली में गणगोत्र तत्त्व समाया हुआ है। भारत के जनगण को और भारत की लोकसंस्कृति को समझने के लिए गणगोत्र को समझना अनिवार्य है, नहीं तो अध्ययन के निष्कर्ष गलत ही निकलेंगे।

## प्रसंगवश

# चुनाव और विदेशी मेहमान


डॉ. सुभाष चन्द्र
एमजेपीआरयू, बरेली

संसदीय आम चुनाव 2024 को नजदीक से जानने समझने के लिए भाजपा ने विश्व की तमाम सत्ताधारी तथा विपक्षी पार्टियों को आमंत्रित किया है, सिवाय चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के। भाजपा के विदेश विभाग के प्रवक्ता अनुसार ब्रिटेन की कंजरवेटिव तथा लेबर पार्टी, जर्मनी की क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स तथा सोशल डेमोक्रेट्स एवं यूएस की डेमोक्रेट्स तथा रिपब्लिकन पार्टियों को बुलावा भेजा जा चुका है।

पड़ोसी देश नेपाल में सत्तारूढ़ दल की सहयोगी सभी पांच पार्टियों को भी आमंत्रण भेजा गया है। इस तरह लगभग दो दर्जन पार्टियों को आमंत्रित किया जा चुका है। गत वर्षों में भाजपा ने देश के अलग-अलग हिस्सों (यथा गुजरात एवं हिमाचल प्रदेश विधानसभा) में संपन्न चुनावों को जानने समझने के लिए डिप्लोमेट्स को भेजा था। भारत यह दिखाना चाहता है कि देश में सफल चुनाव कैसे कराए जाते हैं तथा लोकतंत्र का उत्सव कैसे मनाया जाता है। ब्रिटिश एमपी एवं पद्म पुरस्कार प्राप्तकर्ता बॉब ब्लैकमेन अनुसार 'भारतीय आम चुनाव बड़े स्तर पर आयोजित किए जाते हैं तथा यह विश्व के किसी भी प्रजातंत्र के मुकाबले बहुत बड़ा आयोजन है।' भाजपा के विदेश विभाग द्वारा प्रवासी मित्रों को सूचना भेजी जा रही है कि वे कम से कम दो हफ्तों के लिए भारत में प्रवास करें तथा ऐसी जगहों पर भ्रमण करें जहां से वे पूरी तरह वाकिफ हों। हालांकि इनमें केवल उन्हें ही शामिल नहीं किया गया है जो कि भाजपा के प्रति सहानुभूति रखते हैं अपितु भारतीय मूल के शिक्षाविदों को भी शामिल किया गया है। पैनल फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इलेक्शन्स-2024 के मुखिया प्रो. राहुल मुखर्जी (हेडलबर्ग यूनिवर्सिटी, जर्मनी) ने भारतीय चुनाव आयोग को बता दिया है कि निष्पक्ष भाव से चुनावी प्रक्रिया को हम समझेंगे तथा अपनी रिपोर्ट तैयार करेंगे। इस प्रक्रिया में हम राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मानकों तथा दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे तथा स्वतंत्रता पूर्वक अपना कार्य करेंगे।' भाजपा एवं कांग्रेस दोनों पार्टियों द्वारा विगत वर्षों के दौरान आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में विदेशी नेताओं को आमंत्रित किया जाता रहा है। इस आम चुनाव में विदेशी मेहमानों का वृहद् स्तर पर भाग लेना संभावित है।

# चुनौती बनता इलेक्ट्रॉनिक कचरा


ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

जिस तरह से जलवायु परिवर्तन किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। ठीक उसी तरह से ई-कचरा भी किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है।

वर्तमान तकनीकी और डिजिटल युग में ई-कचरा (ई-वेस्ट) पूरी दुनिया में एक चुनौती के रूप में उभर कर सामने आया है। हम सभी के पास मोबाइल फोन, टीवी, लैपटॉप और भी बहुत से ऐसे इलेक्ट्रॉनिक सामान हैं जो कि हर रोज इस्तेमाल होते हैं। लेकिन नए स्मार्टफोन, टीवी या फिर लैपटॉप खरीदने के बाद पुराने को हम कचरा समझकर फेंक देते हैं। आज जिस तरह से देश दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक सामान की चाहत बढ़ती जा रही है वही सामान (गैजेट्स) जहर बनकर अब हमारे वातावरण का गला घोंट रहे हैं। ई-कचरे पर यूनाइटेड नेशन की 'द ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनीटर 2024' रिपोर्ट जारी हुई है। जिसमें ई-कचरे वाली सुनामी का जिक्र है। इस रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर सालाना 6.2 करोड़ टन इलेक्ट्रॉनिक कचरा पैदा हो रहा है। 2010 के बाद से इस कचरे में 82 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। इस रिपोर्ट के अनुसार ई-कचरा अगर ऐसे ही बढ़ता रहा तो वर्ष 2030 तक 32 फीसदी की वृद्धि के साथ बढ़कर 8.2 करोड़ टन पर पहुंच सकता है। ई-कचरे का वार्षिक उत्पादन 23 लाख टन प्रतिवर्ष की दर से बढ़ रहा है। जिन इलेक्ट्रॉनिक सामानों ने हम सभी की जिंदगी को आसान बनाया है वही सामान अब हमारी जिंदगी में ज़हर घोल रहे हैं।

आमतौर पर हम अपने घरों और दफ्तरों में जिस मोबाइल, लैपटॉप, टीवी, टैबलेट, स्मार्ट-फोन समेत दूसरे इलेक्ट्रॉनिक सामानों (गैजेट्स) और दूसरे अन्य उत्पादों को इस्तेमाल के बाद फेंक देते हैं। वही बेकार फेंका हुआ कचरा इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट (ई-वेस्ट) यानी कि ई-कचरा कहलाता है लेकिन ई-कचरे की असली समस्या तब शुरू होती है जब इस कचरे का सही तरीके से संग्रहण (कलेक्शन) और पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) नहीं होता है। जिससे मिट्टी, पानी और हवा जहरीली हो रही है। यूएन की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में यूरोप, ओशिनिया देशों और अमेरिका ने प्रति व्यक्ति सबसे ज्यादा इलेक्ट्रॉनिक कचरा पैदा किया। इस कचरे में यूरोप प्रति व्यक्ति 17.6 किलोग्राम के हिसाब से सबसे आगे है। इसके बाद ओशिनिया ने प्रति व्यक्ति 16.1 किलोग्राम ई-कचरा पैदा किया। ओशिनिया ऐसे द्वीपों के समूहों को कहा जाता है जो कि प्रशांत महासागर में फैले हुए हैं। जबकि अमेरिका ने 14.1 किलोग्राम ई-कचरा पैदा किया था। इन देशों में ई-कचरे को इकठ्ठा करने और पुनर्चक्रण के साधन मौजूद हैं। इसीलिए इन देशों में ई-कचरे की पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) दर भी ऊंची है। लेकिन बहुत से ऐसे देश हैं जहां ई-कचरा बड़ी मात्रा में निकलता है। लेकिन ना तो ऐसे देशों में इस कचरे को इकठ्ठा करने के पर्याप्त संसाधन हैं और न ही पुनर्चक्रण के लिए कोई उचित प्रबंधन है।

जिस तरह से जलवायु परिवर्तन किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। ठीक उसी तरह से ई-कचरा भी किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। पूरी दुनिया में ई-कचरे की मात्रा कितनी ज्यादा है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अगर इस इलेक्ट्रॉनिक कचरे (ई-कचरे) को 40 मीट्रिक टन क्षमता के ट्रकों में भरा जाए तो इसके लिए करीब 15.5 लाख से ज्यादा ट्रकों की जरूरत पड़ेगी। इन ट्रकों को यदि एक के पीछे एक लगाया जाय तो ये भूमध्य रेखा के चारों और एक लाइन बना सकते हैं। ई-कचरा राकेट की रफ़्तार से बढ़ रहा है। जबकि पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की दर अभी भी बहुत कम है। वैश्विक स्तर पर पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की दर सिर्फ 12 फ़ीसदी दर्ज की गई है। ऐसे में बहुत बड़ी मात्रा में ई-कचरा नदियों में बहा दिया जाता है। बडे-बड़े गोदामों में ई-कचरा पड़ा रहता है या फिर इसे समुद्र में फेंक दिया जाता है। जिससे पर्यावरण के साथ-साथ जीव जंतुओं को भी नुकसान हो रहा है।

भारत पूरी दुनिया में ई-कचरा पैदा करने में तीसरे नंबर पर है। वर्ष 2021 से 2022 में 1.6 मिलियन टन ई-कचरा भारत में पैदा हुआ था। वर्ष 2030 तक भारत में 14 मिलियन टन ई-कचरा होने का अनुमान है। हालांकि भारत ने इस समस्या से निपटने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। भारत में नई स्क्रैप पॉलिसी के तहत सरकार ने वर्ष 2022 में मोबाइल फ़ोन, लैपटॉप, फ्रिज, टीवी, एसी समेत 134 इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग की तिथि (एक्सपायरी डेट) तय कर दी थी। यानी एक निश्चित समय के बाद घर में मौजूद इलेक्ट्रॉनिक सामान कबाड़ (स्क्रैप) हो जाएंगे। और उन्हें उपयोग से बाहर करना पड़ेगा। ये बिलकुल वैसे ही है जैसे भारत में वाहनों की परिचालन की समय सीमा (एक्सपायरी डेट) 15 साल होती है। जिसके बाद वाहनों को सड़कों पर चलाने की अनुमति नहीं मिलती है और उन्हें उपयोग से बाहर करना पड़ता है। उसी तरह से अब इलेक्ट्रॉनिक सामान को भी एक निश्चित समय के बाद 'स्क्रैप' करना होगा।

## सोशल फोरम

# अच्छे दिन


राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

राह में खड़ा पहला ठग किसान को देखते ही बोला, "यह कुत्ता तो बड़ा सुंदर है, भाई। कहां मिला?" किसान उसकी मूर्खता पर हंस कर बोला, "अरे बेवकूफ, यह बकरी है। अभी अभी मेले से खरीद कर ला रहा हूं।"

एक किसान मेले से बकरी खरीद कर घर लौट रहा था। राह में चार ठग मिले। बकरी देख उनकी जीभ लपलपाने लगी। फिर कुछ आपस में राय विचार कर चारों चार जगह खड़े हो गए।

राह में खड़ा पहला ठग किसान को देखते ही बोला, "यह कुत्ता तो बड़ा सुंदर है, भाई। कहां मिला?" किसान उसकी मूर्खता पर हंस कर बोला, "अरे बेवकूफ, यह बकरी है। अभी अभी मेले से खरीद कर ला रहा हूं।"

थोड़ी दूर जाने के बाद दूसरा ठग मिला और कहा, "भाई कुत्ता तो तुम्हारा बहुत सुंदर है। मेला में लिए क्या?" किसान ने गुस्से में कहा, "ये कुत्ता नहीं, बकरी है।" लेकिन उसके मन में एक शंका सी खड़ी हो गई।

कुछ दूर आगे उसे तीसरा ठग मिल गया जिसने छूटते ही पूछा, "भाई, ये कुत्ता तो विदेशी नस्ल का लगता है। कितने में मिला?" किसान बिल्कुल चिंतित हो गया और बोला, "भाई साहब, आपको गलतफहमी हुई है ! यह कुत्ता नहीं, बकरी है।" ठग किसान को बार-बार आंख फाड़ कर देखते और जोरों से हंसते हुए वहां से चला गया। ठग के जाने के बाद किसान बकरी को बार-बार जांचने परखने लगा और अपने से ही कहा कि नहीं, यह तो बकरी ही है।

कुछ दूर ही आगे चौथा ठग किसान का इंतजार कर रहा था। किसान को देखते ही बोला, "क्या गजब का बढ़िया कुत्ता है, भाई! इतना सुंदर कुत्ता अपनी जिंदगी में पहली बार देख रहा हूं।"

किसान का आत्मविश्वास अब खत्म हो चुका था। बकरी को वहीं छोड़ वह अपने गांव की ओर चल पड़ा। झूठ को बार-बार दुहरा कर इसी प्रकार ठग लोगों की मति फेर देते हैं और अपने लिए अच्छे दिन लाते है।

– फेसबुक वॉल से

# शिफ्ट्स में सत्ता या सत्ता में शिफ्ट


रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

हरेक चुनाव के समय-राष्ट्रपति के लिए हैं या पंचायत के लिए, जाति, वर्ग, धर्म, अनुसूचित, आदि को लेकर विभिन्न प्रकार के वक्तव्य हमारी नज़र में आते हैं।

'शिफ्ट' को मैं बदलाव नहीं कहूंगा। यह ऐसा भी नहीं है थक जाने के बाद अपने कंधे का बोझ दूसरे पर लादना। बल्कि कहूंगा कि भारत में सत्ता में ड्रिफ्ट और शिफ्ट दोनों हैं। कांग्रेस में ड्रिफ्ट अधिक है लेकिन लोग शिफ्ट भी चाहते हैं। बहुतों को मालूम नहीं है कि सत्ता में शिफ्ट क्या होता है। उन्हें सभी पॉलिटिशियन एक जैसे दिखाई नहीं देते हैं। जब अलग दिखाई देते हैं तो उनमें 'अपना' ढूंढने की चाहत अधिक होती है। बेशक वह एक नंबर का बदमाश या परले दर्जे का धूर्त और अनपढ़ है।

हरेक चुनाव के समय-राष्ट्रपति के लिए हैं या पंचायत के लिए, जाति, वर्ग, धर्म, अनुसूचित, आदि को लेकर विभिन्न प्रकार के वक्तव्य हमारी नज़र में आते हैं। अधिकांश के बारे में तो मीडिया के जरिये। मूविंग विजुएल्स अर्थात विडियोग्राफ्ड एविडेंस सबसे विश्वसनीय होता है अगर डॉक्टर्ड न हो या कहें तो मनमुताबिक छेड़खानी न की गई हो।

दिए गए वक्तव्यों से व्यक्ति के चिंतन स्तर और विषय के बारे में उसकी समझ मालूम होती है। सत्ता, व्यक्ति को मदहोश रखती है और वह कब वाहियात या अशोभनीय बोल गया है, इसे खुद मालूम नहीं पड़ता। सत्ता, आनी-जानी होती है। लेकिन घृणा और बदले की भावना पॉलिटिक्स में नहीं होनी चाहिए और पॉलिटिकल में अतिवाद के लिए भी जगह नहीं होती। अफसोस की बात है कि भारत में स्टेट्समैन और पॉलिटिकल थिंकर्स की कमी है। कोई है, मुझे अभी नज़र नहीं आ रहा।

कांग्रेस जैसी बड़ी पॉलिटिकल पार्टी ने अपना नाश खुद परिवारवाद में घुसे रहकर किया। रहा-सहा नाश उन रीढ़ हीन व्यक्तियों ने किया जो अनुभवी होकर भी कुटिलतापूर्वक आवश्यकता से अधिक धन के संग्रहकर्ता बने, देश के लिए क्रिटिकल वक्त पर सही निर्णय न ले पाए, देश की सुरक्षा और प्रभुसत्ता के सामने निजी स्वार्थों और अपने अन्दर के भय को जीत न पाए, सही नीतियां न बनाकर देश के मेहनतकशों के साथ धोखा करते रहे, पूंजीवादियों (उद्योगपति नहीं) और बदमाश पृष्ठभूमि के लोगों को सत्ता-संरक्षण देते रहे, सांप्रदायिकता को बढ़ावा देते रहे और विवश आमजन को हमेशा पददलित करते रहे।

रही बीजेपी की बात तो इनके लिए अंग्रेजी में एक शब्द है 'पर्सनल वेंडेटा', जिसे एक वाक् अस्त्र बनाकर ये लोग अपने पैर ही कुल्हाड़ी चला रहे हैं। सत्ता का दुरुपयोग कौन नहीं करता और किसने एक ऋषि-मुनि, मनीषी सरीखा व्यवहार किया है। देश के लोगों को भयभीत करके, ओछे तर्क देकर और व्यक्तिगत ईर्ष्या से सराबोर होकर चुनाव जीतना बेमानी है। देश के नेताओं में अनुभव और अनुभवहीनता, अशिक्षितपन और विद्वत्ता में कोई फर्क कर पाए ऐसी हालत नेताओं ने नहीं छोड़ी। पॉलिटिक्स में नेहरु जैसी ऊंचाई किसी में नहीं दिख रही और जिनमें होगी वे पॉपुलिस्ट किस्म के बयानबाजियों के ताली ढकी-छिपी रहती है। देश में टेलेंट की क्या कमी है?

बहुत पहले एक भविष्यवाणी खुद को समझाने के लिए की थी कि सन 2024 तक 'पैटी-पॉलिटिक्स' को पैसे वाले हथिया लेंगे। तत्पश्चात सत्ता के सौदागर होंगे टेक्नोक्रेट्स और साइंटिस्ट्स। 'शिफ्ट इन इन सेंटर्स ऑफ़ पॉलिटिकल पॉवर' की थ्योरी के अनुसार यह शिफ्ट क्षत्रिय का हाथ से निकलकर ब्राहमण या बनिए के पास नहीं बल्कि कर्मयोगियों के पास होनी चाहिए लेकिन दैवयोग से देखने पर यह किसी और के पास अनापेक्षित रूप से खिसकी है। इसके लिए राजनैतिक शक्ति से वंचित या हाशिये पर रही कम्युनिटीज के पास यह धीरे-धीरे खिसकी है। थ्योरेटिकली देखें तो पॉलिटिकल चिंतन विहीन वर्ग के पास यह केन्द्रित होने की प्रवृत्ति दिखा रही है। देश में अकादमीय विद्वत्ता की कमी नहीं, लेकिन सत्ता ऐसे लोगों के हाथ में चली गई है जिनका लक्ष्य रहा स्वार्थ और बेशुमार अमीरी। पॉलिटिक्स ही ऐसा आसान रास्ता ही जिससे बिना कुछ योगदान के बेशुमार समृद्धि और अमीरी कमाई जा सकती है। दुनिया में इसी चलन का बोलबाला है। भारत की स्थिति अगले 30 साल इस मामले में अभी और बिगड़ेगी। पिछले 15 साल में, खासतौर से सन 2017 में बराक ओबामा के जाने के बाद अमरीका की पॉलिटिकल हालत प्रशंसनीय नहीं कही जा सकती। मुझे लगता है कि अगले बीस साल संवैधानिक रूप से मान्यता प्राप्त पिछड़ी जातियों की तरफ सत्ता के शिफ्ट होने के आसार अधिक हैं।

# सैम पित्रोदा का प्रलाप


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

कांग्रेस के ओवरसीज यानी समुद्र पार क्षेत्र के अध्यक्ष और राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा ने अपने एक बयान द्वारा भारत में अमेरिका की तर्ज पर उत्तराधिकार टैक्स लगाने की वकालत की है। इसके अनुसार किसी के मरने पर उसकी धन सम्पत्ति का 55 प्रतिशथ सरकार को चला जाता है और शेष 45 प्रतिशत उसके वारिसों को। इसके द्वारा उनके अनुसार धन संपत्तियों के पुनर्वितरण करने में सहूलायत होगी। चूंकि भारतीय जन मानस की भावनावों के यह अनुरूप नहीं है, अतः बीजेपी ने इसे तुरंत लपक कर मुद्दा बना लिया और चुनावी लाभ लेने में जुट गई।

हालांकि समय रहते कांग्रेसी चेत गए और सैम के इस बयान से किनारा करते हुए इसे उनका निजी बयान बता दिया। वैसे भी कोई पार्टी सत्ता मे आने पर क्या करेगी, यह उसके चुनावी घोषणा पत्र यानी मैनीफेस्टो से शासित होता है, न कि नेताओं के फुटकर बयानों से, जो हर पार्टी के बड़बोले कहते ही रहते हैं। आपको याद होगा कि कुछ महीने पहले इन्हीं पित्रोदा ने कहा था कि बैलट से चुनाव कराने की मांग की जाएगी। यदि यह न माना जाएगा, तो विपक्ष चुनाव का बहिष्कार करेगा। यह कहां कार्यान्वित हुवा? चुनाव मशीनों से ही हो रहे हैं और विपक्ष भाग ले रहा है। जब भाजपा नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाई और लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण की भूमि तैयार की, तो पार्टी लाइन से हटकर उमा भारती ने इसमें पिछड़े वर्ग की महिलाओं का आरक्षण डालने की बात कही और बयान दिया। किंतु यह उनकी निजी राय ही मानी गई। पार्टी ने इसकी अनसुनी की। सुब्रह्मण्यम स्वामी अक्सर पार्टी लाइन से हटकर बयान देते रहते हैं, जिनका विशेष प्रभाव नहीं होता है, हालांकि बहुधा उनमें दम होता है।

ऐसा भी हो सकता है कि भाजपा ने पित्रोदा को मिलाकर कांग्रेस को कटघरे में खड़ा करने के लिए यह बयान दिलवा दिया हो, क्योंकि इन दिनों तमाम विपक्षियों और कांग्रेसियों को भाजपा अपने पाले में खींच रही है, और यह उसकी रणनीति का हिस्सा हो। जो भी हो, सैम पित्रोदा का यह बयान भारतीय परिवेश के प्रतिकूल और सम्प्रति प्रलाप मात्र है। संपत्ति का अधिकार तो संविधान में मूलभूत अधिकारों के रूप में समाविष्ट है।

# सत्ता विरोधी लहर
## डूबेंगे या पार लगेंगे पटनायक

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ-साथ हो रहे हैं। राज्य की 21 लोकसभा सीटों और 147 विधानसभा सीटों के लिए 13 मई से 1 जून के बीच चार चरणों में वोट डाले जाएंगे। पहले चरण के लिए 13 मई, दूसरे चरण में 20 मई, तीसरे चरण में 25 मई और चौथे चरण में पहली जून को जनता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगी। 13 मई को चार लोकसभा सीटों कालाहांडी, नवरंगपुर, बेरहमपुर और कोरापुट में वोटिंग होगी तो 20 मई को बारगढ़, सुंदरगढ़, बोलांगीर, कंधमाल और अस्का लोकसभा सीट पर मतदान होगा। 25 मई को छह लोकसभा सीटों संबलपुर, क्योंझर, ढेंकनाल, कटक, पुरी और भुवनेश्वर में मतदाता वोट डालेंगे। पहली जून को राज्य की बची छह लोकसभा सीटों मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर में वोटिंग होगी। इसी तरह चार चरणों में विधानसभा चुनाव के लिए 13 मई को 28 विधानसभा सीटों पर वोटिंग तो 20 मई को 35 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। 25 मई को 42 सीटों और पहली जून को राज्य की शेष बची 42 विधानसभा सीटों पर वोट पड़ेंगे। लोकसभा में जहां 60 फीसदी सीटों पर बीजेडी, भाजपा और कांग्रेस में त्रिकोणात्मक संघर्ष की तस्वीर उभर रही है, वहीं विधानसभा की लगभग 50 फीसदी सीटों पर बीजेडी और भाजपा के सीधे संघर्ष में कांग्रेस तीसरा कोण बनाती नजर आ रही है। राज्य में यह पहला मौका है, जब पिछले पांच बार से चुनाव जीत रही बीजेडी को सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ा है। भाजपा लोकसभा की ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने के साथ विधानसभा चुनाव में भी पार्टी के लिए कड़ी चुनौती पेश कर रही है, तो कांग्रेस इस लड़ाई में अपने लिए बाजीगर जैसी भूमिका तलाश रही है।

3.32 करोड़ कुल मतदाता
1.68 करोड़ पुरुष मतदाता
1.64 करोड़ महिला मतदाता
7.54 लाख फर्स्ट टाइम वोटर


**2019 लोकसभा चुनाव में दलीय परिणाम**


| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| बीजेडी | 12 | 1,01,74,021 |
| भाजपा | 08 | 91,30,768 |
| कांग्रेस | 01 | 32,85,339 |





**विधान सभा चुनाव- 2019 परिणाम**




वोट पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेडी को मिले थे
वोट प्राप्त किए थे भारतीय जनता पार्टी ने 2019 में
वोट शेयर के साथ कांग्रेस तीसरे नंबर पर रही थी

## राजघरानों के एक दर्जन सदस्य चुनावी समर में बीजेडी ने सबसे ज्यादा 10 को दिया है मौका

- ओडिशा के चुनाव में इस बार राजघरानों के एक दर्जन सदस्य चुनावी मैदान में किस्मत आजमाने उतरे हैं। प्रदेश की सत्ताधारी पार्टी बीजू जनता दल ने सबसे ज्यादा सात शाही परिवार के सदस्यों को टिकट दिया है। भाजपा ने चार और कांग्रेस ने एक राजघराने के सदस्य को चुनावी समर में उतारा है। राजघरानों के 10 सदस्य विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि दो लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरे हैं। बीजेडी से धाराकोटे शाही परिवार के दिग्गज नेता स्व. एएन सिंहदेव की 28 वर्षीय पौत्री सुलक्षणा गीतांजलि देवी सनाखेमुंडी विधानसभा क्षेत्र से मैदान में हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस के मौजूदा विधायक रमेश चंद्र जेना से है। चिकिती विधानसभा से चिकिती के शाही परिवार की वंशज उषा देवी के बेटे चिन्मयानंद श्रीरूप देब भी बीजेडी से मैदान में हैं। अभी इस सीट से उनकी मां उषा देवी विधायक हैं। बीजेडी से ही देवगढ़ के राजा और भाजपा के संबलपुर सांसद नितेश गंगा देव की पत्नी रानी अरुंधति देवी देवगढ़ विधानसभा सीट से प्रत्याशी हैं। बीजेडी के टिकट पर चुनावी समर में औल शाही परिवार के सदस्य प्रताप देब औल सीट से तो नयागढ़ विधानसभा सीट से प्रत्यूषा राजेश्वरी उतरी हैं। इसी तरह पुष्पेंद्र सिंह देव धर्मगढ़ विधानसभा सीट और अंगुल विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक शाही परिवार के रजनीकांत की पत्नी संजुक्ता सिंह उम्मीदवार हैं। बोलांगीर से दो बार के सांसद कलेश नारायण सिंह देव भी बीजेडी से इस बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने बोलांगीर लोकसभा सीट से यहां के शाही परिवार की मौजूदा सांसद संगीता कुमारी सिंह पर फिर से दांव लगाया है। संगीता चार बार इस सीट को जीत चुकी हैं। उनके पति केवी सिंह को भाजपा ने पटनागढ़ विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। पार्टी ने कालाहांडी लोकसभा सीट से शाही परिवार के पूर्व सांसद केशरी देव की पत्नी मालविका केशरी देव को टिकट दिया है।

## पिछले चुनाव में सिर्फ 4.4 % वोटों से पिछड़ गई थी भाजपा

ओडिशा लोकसभा में 21 सांसद भेजता है। इन 21 लोकसभा सीटों में तीन एससी और पांच एसटी के लिए आरक्षित हैं। बीजेडी 2009 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से अलग हो गई थी। इस बार पार्टी ने चुनाव पूर्व गठबंधन के लिए भाजपा के साथ हाथ मिलाने के लिए कोशिश की पर समझौता परवान नहीं चढ़ पाया।

2019 के लोकसभा चुनावों में बीजेडी ने 42.8 प्रतिशत वोट हासिल करते हुए राज्य की 21 में से 12 सीटें जीत ली थीं। भाजपा ने आठ सीटों पर कमल खिलाया था। पार्टी को 38.4% वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस एक सीट ही जीत पाई थी। उसने 13.4% वोट प्राप्त किए थे। इस बार भी ओडिशा में यही तीन पार्टियां चुनावी लड़ाई में आमने-सामने हैं। लोकसभा की एक दर्जन सीटों पर बीजेडी, भाजपा और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय टक्कर मानी जा रही है, जबकि नौ सीटों पर मुकाबला बीजेडी और भाजपा के बीच सीधे संघर्ष में सिमटता नजर आ रहा है।


भाजपा ने इस बार अपने चार सांसदों को दोबारा मौका नहीं दिया है। संबलपुर से केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने कांग्रेस के दुलाल चंद्र प्रधान और बीजेडी के प्रणब प्रकाश दास की चुनौती है। पुरी से भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा के सामने बीजेडी ने मौजूदा सांसद पिनाकी मिश्र की जगह पूर्व आईपीएस अधिकारी अरुण पटनायक को उतारा है, कांग्रेस ने सिद्धार्थ राउत्रे को टिकट दिया है। केंद्रपाड़ा से भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा किस्मत आजमा रहे हैं। यहां उनके मुकाबले में बीजेडी के अंशुमन मोहंती हैं। भुवनेश्वर से अपराजिता सारंगी दोबारा मैदान में हैं, यहां उनका मुकाबला बीजेडी के मन्मथ राउद्रे से है। सुंदरगढ़ से जुएल उरांव जैसे पुराने नेता पर दांव खेला है। पार्टी ने बीजेडी छोड़कर आए कटक के मौजूदा सांसद भर्तृहरि महताब को कटक से ही उतारा है।

## गठबंधन भाजपा और बीजेडी की मजबूरी थी पर सीट शेयरिंग की जिद व कार्यकर्ताओं में दूरी थी

- लोकसभा और विधानसभा चुनाव के रण में बीजेडी और नवीन पटनायक पर जमकर हमले करने के बाद भी भाजपा ने चुनाव बाद बीजेडी के साथ अनौपचारिक समझौते का द्वार खुला रखा है। दोनों दलों में गठबंधन और सीट समझौता टूटने के बाद भी पिछले 10 वर्षों में राष्ट्रीय महत्व के कई मामलों में मोदी सरकार को समर्थन देने के लिए पार्टी ने बीजेडी के प्रति आभार जताया था। रणनीति के तहत ही समझौते की बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो बार ओडिशा आए पर नवीन पटनायक या उनकी सरकार के बारे में एक शब्द नहीं कहा। उल्टा नवीन को "मेरे मित्र" कहकर संबोधित किया और "लोकप्रिय मुख्यमंत्री" बताया था। दरअसल दोनों पार्टियों के बड़े नेता तो गठबंधन के लिए उत्सुक थे जबकि आम कार्यकर्ता इससे नाराज़ थे। भाजपा "अबकी बार, 400 पार" लक्ष्य के साथ राज्य सरकार में भागीदारी के लिए गठबंधन चाहती थी, तो बीजेडी भी समझ रही थी कि इस बार के चुनाव में पार्टी की स्थिति पहले जैसी नहीं है। लेकिन लोकसभा में भाजपा के ज्यादा सीट मांगने के कारण बात परवान नहीं चढ़ पाई।

**2014 में दलीय परिणाम और वोट**

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| बीजेडी | 20 | 94,91,497 |
| भाजपा | 01 | 46,38,619 |
| कांग्रेस | 00 | 55,93,123 |
| अन्य | 00 | 18,09,036 |








400 पार जीतेंगे : नई दिल्ली में भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने मोती नगर में रोड शो करने के दौरान जब अपने तेवर और अंदाज दिखाए तो लोगों के बीच बरबस ही उनकी मां भाजपा की वरिष्ठ नेता रहीं स्व. सुषमा स्वराज की यादें ताजा हो गईं।

## राजस्थान में पांच सीटों पर भाजपा का कड़ा इम्तिहान

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में राजस्थान में 13 सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा। इनमें पांच सीटों पर सभी की नजर लगी है। जोधपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के गजेंद्र सिंह शेखावत का मुकाबला कांग्रेस के करण सिंह उजियारा से हो रहा है। दोनों के बीच कड़ी टक्कर मानी जा रही है। कोटा-बूंदी सीट पर भाजपा के ओम बिरला और कांग्रेस के प्रहलाद गुंजल के बीच भी संघर्ष बताया जा रहा है। जालोर-सिरोही सीट पर कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत का चैन भाजपा के लुंबाराम चौधरी ने छीन रखा है। बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीट भी चर्चा में है। यहां भाजपा के महेंद्रजीत सिंह मालवीय की बाप पार्टी के राजकुमार रोत से टक्कर है। राजकुमार को कांग्रेस का समर्थन प्राप्त है। सबसे चर्चित सीट बाड़मेर-जैसलमेर है, जहां त्रिकोणीय मुकाबले में सबकी निगाह निर्दलीय उम्मीदवार रविंद्र सिंह भाटी पर है, जिन्होंने भाजपा-कांग्रेस दोनों की नींद उड़ा रखी है।

## छठवीं बार मुख्यमंत्री बनने में 'एंटी इनकंबेंसी' बन रही कठिन चुनौती



- **विधान सभा चुनाव जीतने पर देश में सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने के मामले में पहले नंबर परआ जाएंगे नवीन पटनायक**

विधानसभा चुनाव में बीजू जनता दल (बीजेडी) के सामने लगातार छठी बार बहुमत हासिल करने की चुनौती है। अगर इस बार भी बीजेडी चुनाव जीतती है, तो राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक चार माह बाद सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग को पछाड़ कर सबसे लंबे समय तक सरकार चलने के मामले में पहले नंबर पर आ जाएंगे। इसके साथ ही लगातार छठी बार विधानसभा चुनाव जीतने का अनोखा रिकॉर्ड भी उनके नाम हो जाएगा। लेकिन पिछले पांच बार आसानी से चुनाव जीतने वाले नवीन पटनायक इस बार अपने राजनीतिक जीवन की सबसे कठिन चुनौती का सामना कर रहे हैं। 24 साल में पहली उन्हें और उनकी पार्टी बीजेडी को राज्य में 'एंटी इनकंबेंसी' से जूझना पड़ रहा है। हालांकि पटनायक की लोकप्रियता में खास कमी नहीं आई है, लेकिन लगातार सत्ता में रहने के कारण उनके विधायक और सांसद अपने क्षेत्रों में लोगों की आंकक्षाओं पर खरे नहीं उतरने के कारण और स्थानीय समस्याओं के चलते भरोसा और समर्थन खोते नजर आ रहे हैं।

इस 'एंटी इनकंबेंसी' से निपटने के लिए बीजेडी ने चेहरे बदलने का खेल खेला है। लोकसभा और विधानसभा प्रत्याशियों की सूची में भाजपा और कांग्रेस से आए नेताओं को बड़ी संख्या में मौका दिया है। बीजेडी के लोकसभा और विधान सभा प्रत्याशियों की सूची में एक तिहाई टिकट अन्य पार्टियों से आए नेताओं को दिए गए हैं। इसका परिणाम यह भी हो रहा है कि टिकट की आस लगाए बैठे बीजेडी के कई नेता टिकट न मिलने की नाराजगी में भाजपा में शामिल हो चुके हैं, तो कुछ बीजेडी नेता खुलेआम घोषित प्रत्याशियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं या निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतर गए हैं। इसका नुकसान भी पार्टी को हो सकता है।

### मोदी के विजन-2047 की तर्ज पर ओडिशा को 2036 में नंबर वन राज्य बनाने का वादा

- ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को यूं ही राजनीति का बड़ा खिलाड़ी नहीं माना जाता है। इस बार के चुनाव में 'एंटी इनकंबेंसी' का फैक्टर भलीभांति समझते और भाजपा द्वारा 25 साल के कामकाज पर जारी चार्जशीट का मुकाबला करने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विज़न 2047' की तर्ज पर 2036 तक ओडिशा को विकसित राज्य बनाने की कसम खाई है। अपने चुनावी अभियान की शुरूआत उन्होंने इसी दांव से की है। वह लोगों से कह रहे हैं कि बीजेडी को छठी बार मौका देने पर जब राज्य 2036 में अपने गठन के 100 साल पूरे करेगा तो देश में नंबर एक विकसित प्रदेश होगा। भाजपा के डबल इंजन सरकार के जवाब में वह मतदाताओं से बीजेडी के चुनाव निशान शंख को डबल आशीर्वाद, एक वोट लोकसभा और दूसरा विधानसभा चुनाव के लिए मांग रहे हैं। पटनायक हर चुनावी चाल सधे अंदाज में चल रहे हैं। 2019 में भाजपा ने पश्चिमी ओडिशा में कालाहांडी, बलांगीर, बारगढ़, संबलपुर व सुंदरगढ़ लोकसभा सीटें जीत ली थीं। भाजपा की फिर से पिछला प्रदर्शन दोहराने की संभावनाओं को रोकने के लिए मुख्यमंत्री ने हिन्जिली की परंपरागत सीट के साथ बलांगीर की कांटाबांजी विधानसभा क्षेत्र से भी उतरने का फैसला लिया है।

## सतना में त्रिकोणीय, रीवा में सीधे मुकाबले के आसार

चुनाव डेस्क

मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छह लोकसभा सीटों टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, होशंगाबाद, रीवा और सतना में 26 अप्रैल को मतदान होना है। 2019 के चुनाव में यह सभी छह सीटें भाजपा ने जीती थीं। इन छह सीटों में सबसे रोचक मुकाबला सतना और रीवा में होता नजर आ रहा है। पहले चरण के चुनाव में कम मतदान होने के कारण इस चरण में चुनाव आयोग के साथ भाजपा और कांग्रेस ने भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास किए हैं।

- मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छह लोकसभा सीटों पर आज मतदान
- सतना में चार बार के सांसद गणेश सिंह और कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा की जंग में पूर्व विधायक बसपा के नारायण त्रिपाठी बने तीसरा कोण
- रीवा में भाजपा-कांग्रेस के ब्राह्मण प्रत्याशियों में घमासान, भाजपा सासंद की जीत की हैट्रिक रोकने में कांग्रेस की पूर्व विधायक ने लगाई ताकत

भाजपा से सतना लोकसभा पर चार बार के सांसद गणेश सिंह चुनाव मैदान में है। उनके मुकाबला कांग्रेस के सतना से विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा मजबूती से कर रहे हैं। पिछले चुनावों में गणेश सिंह को इकलौता ओबीसी प्रत्याशी होने का भी लाभ मिलता था, लेकिन इस बार कांग्रेस का प्रत्याशी भी ओबीसी है। इन दोनों की लड़ाई में बसपा प्रत्याशी नारायण त्रिपाठी भी कहीं से कमजोर नहीं नजर आ रहे हैं। इस सीट पर कुल 14 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मजेदार बात यह है कि विधानसभा चुनाव में भाजपा सांसद गणेश सिंह को सिद्धार्थ कुशवाहा ने 4041 मतों से हरा दिया था। ऐसे में इस बार दोनों प्रत्याशियों के बीच संघर्ष प्रतिष्ठा और बदले के साथ ओबीसी वर्ग में वर्चस्व से भी जुड़ गया है। लेकिन इस लड़ाई के समीकरण पांचवीं बार दल बदलकर बसपा से उतरे नारायण त्रिपाठी ने गड़बड़ा दिए हैं। मैहर विधानसभा से चार बार के विधायक रहे नारायण के कारण अब यहां संघर्ष त्रिकोणीय हो गया है। सतना सीट पर ठाकुर मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं।

### हैट्रिक के लिए लड़ रहे जनार्दन



रीवा लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा दोनों के ब्राह्मण प्रत्याशियों के कारण मुकाबला दिलचस्प स्थिति में पहुंच गया है। भाजपा से मौजूदा सांसद जनार्दन मिश्र चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार वह जीत की हैट्रिक लगाना चाहते हैं। कांग्रेस से उनका मुकाबला नीलम अभय मिश्रा कर रही हैं। नीलम मिश्रा ने 2013 में भाजपा प्रत्याशी के रूप में सेमरिया विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीता था। वर्तमान में उनके पति अभय मिश्रा सेमरिया से विधायक हैं। बसपा के अभिषेक पटेल दो ब्राह्मणों की इस जंग में तीसरा कोण बनाने के लिए सजातीय और कैडर वोट को गोलबंद करने में लगे हैं। जानकारों का कहना है कि शुरू में इस सीट पर भाजपा का पलड़ा भारी नजर आ रहा था, लेकिन जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ा कांग्रेस उम्मीदवार के कारण समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। अब भाजपा-कांग्रेस की सीधी टक्कर में मौजूदा सांसद को पीएम मोदी और सीएम मोहन यादव का ही सहारा है।

# ...मोहब्बत की नगरी में किसके सिर सजेगा ताज




ताजमहल के बाद पेठा के लिए मशहूर आगरा सुरक्षित लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में सात मई को वोट पड़ेंगे। सूबे के सबसे बड़ा पर्यटन से जुड़ा शहर होने के बाद भी आगरा में समस्याओं की कमी नहीं है। पेठा के बाद जूता, लेदर गुड्स और हैंडीक्राफ्ट यहां का प्रमुख कारोबार है। लेकिन जल संकट, गंदगी और यातायात जाम प्रमुख समस्या है। शहर में स्मार्ट सिटी के काम चल रहे हैं, पर उनसे अभी तस्वीर नहीं बदली है।

मेट्रो रेल जरूर सीमित मार्ग पर दौड़ने लगी है। बैराज, एयरपोर्ट, हाईकोर्ट की बेंच का मुद्दा चुनाव में उठता है और फिर दम तोड़ देता है। भाजपा के मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री एसपी बघेल के सामने बसपा की पूजा अमरोही और सपा-कांग्रेस गठबंधन से सुरेश चंद्र कर्दम चुनौती पेश कर रहे हैं। जानकार मुकाबला त्रिकोणीय संघर्ष की तरफ बढ़ता तो मान रहे हैं, लेकिन यह भी कह रहे हैं कि आगरा में जातीय समीकरण ज्यादा नहीं चलते हैं और भाजपा ने अपना वोट प्रतिशत इतना बढ़ा लिया है, जिसे पाटना आसान नहीं है। पिछले चुनाव में सपा-बसपा और रालोद साथ थीं, तब भाजपा को दो लाख से ज्यादा वोटों से जीत मिली थी।

- भाजपा, सपा और बसपा के बीच तिकोने मुकाबले में किसके सिर सजेगा जीत का ताज
- सपा और बसपा दोनों के प्रत्याशी जाटव बिरादरी से, सजातीय मतों के लिए मचा घमासान
- सपा और बसपा के लिए भाजपा का बढ़ता जीत का अंतर पाटना सबसे बड़ी मुश्किल

दिग्विजय सिंह

ताज नगरी आगरा को भले ही दलित और मुस्लिम वोटरों का गढ़ माना जाता हो या सियासी हल्कों में दलितों की राजधानी कहा जाता हो और सीट भी सुरक्षित हो, लेकिन गुरुवार को यहां विपक्षी दलों के सारे जातीय समीकरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में उमड़ी भीड़ के आगे ध्वस्त होते नजर आए। प्रधानमंत्री कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण छीनने, संपत्ति हड़पने और परिवारवाद जैसे आरोप लगाकर दलित और पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं को सावधान करते हुए साध गए। जातीय समीकरणों के लिहाज से आगरा लोकसभा सीट पर ढाई लाख के आसपास जाटव मतदाता हैं। इसे देखते हुए ही सपा ने पूजा अमरोही और बसपा ने सुरेश चंद्र कर्दम को उतारा है। यह दोनों प्रत्याशी जाटव बिरादरी से ही आते हैं। एक अनुमान के मुताबिक आगरा में दलित और मुस्लिम मतदाताओं का आंकड़ा करीब 37 फीसदी है। वैश्य मतदाता तीन लाख से अधिक गिने जाते हैं, जिन्हें परंपरागत रूप से भाजपा का वोटर माना जाता है। आगरा लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें एत्मादपुर, आगरा छावनी, आगरा दक्षिण, आगरा उत्तर और जलेसर आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी पांचों सीटों भाजपा ने कमल खिलाया था।




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | प्रो. एसपी सिंह बघेल | 646,875 |
| बसपा | मनोज कुमार सोनी | 4,35,329 |
| कांग्रेस | प्रीत हरित | 45,149 |

### राम लहर में भाजपा फिर सपा से राज बब्बर

- 1989 में जनता दल ने इस सीट पर कब्जा किया. 90 के दशक में रामलहर के बाद देश में हुए लगातार तीन लोकसभा चुनाव 1991, 1996 और 1998 में भारतीय जनता पार्टी यहां से जीती. 1999 और 2004 में समाजवादी पार्टी की ओर से बॉलीवुड अभिनेता राज बब्बर ने चुनाव जीता था।




### 1984 के बाद कांग्रेस कभी नहीं जीती

- एक समय में आगरा लोकसभा सीट कांग्रेस का गढ़ हुआ करती थी, लेकिन पिछले दो दशकों में इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी या समाजवादी पार्टी ही जीतती रही है. 1952 से लेकर 1971 तक यहां से कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी, जबकि इमरजेंसी के बाद देश में कांग्रेस विरोधी लहर में भारतीय लोकदल ने जीत हासिल की। हालांकि उसके बाद हुए लगातार दो चुनाव 1980 और1984 में कांग्रेस ने जीत के साथ वापसी की, लेकिन उसके बाद कांग्रेस दोबारा इस सीट पर जीत नहीं पाई।


### आज तक कोई महिला नहीं जीती

- आगरा सीट को लेकर एक दिलचस्प बात यह भी है कि आजादी के बाद से अब तक किसी भी लोकसभा चुनाव में आगरा को महिला सांसद नहीं मिल पाई है। पिछली बार कांग्रेस ने प्रीत हरित को मैदान में उतारा था। इस बार बसपा से पूजा अमरोही किस्मत आजमा रही हैं।



**गेम चेंजर वोटर**

| | |
|---|---|
| 3.15 लाख वैश्य | 2.80 लाख दलित |
| 2.70 लाख मुस्लिम | 1.30 लाख बघेल |




### भाजपा साध रही सबके वोट, सपा कर रही बसपा के मतों में सेंधमारी

- आगरा से मौजूदा सांसद और मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री सत्यपाल सिंह बघेल भाजपा का कमल फिर से खिलाने के लिए सुबह से जन संपर्क में निकल जाते हैं। वह खासतौर उन वोटरों की नाराजगी दूर कर रहे हैं, जिन्होंने शुरू में उनके लिए विरोध के स्वर दिखाए थे। भाजपा सांसद ने अपने प्रचार में क्षेत्र के विकास, मोदी की गारंटी और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस कर रखा है। उधर, बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही कांग्रेस की पूर्व सांसद सत्या बहन की पुत्री हैं। एटा में जन्मीं पूजा दिल्ली के लेडी श्रीराम कॉलेज से पढ़ी हैं। उनके पति व्यवसायी हैं। पूजा अपनी मां सत्या बहन के साथ राजनीति में सक्रिय थीं। इसके साथ ही विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों से जुड़ी हैं। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार सुरेश चंद्र कर्दम जूता व्यवसायी हैं। वह पहले बहुजन समाज पार्टी से जुड़े रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2000 में आगरा से बसपा के टिकट पर मेयर पद का चुनाव लड़ा था और दूसरे स्थान पर रहे थे। उनके जरिए सपा को बसपा के पारंपरिक वोट बैंक में सेंध लगने की उम्मीद है। आगरा सीट पर चुनाव प्रचार अंतिम घमासान की तरफ बढ़ने के साथ ही जानकार भाजपा के प्रत्याशी प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल, बसपा की पूजा अमरोही और इंडिया गठबंधन से सपा के उम्मीदवार सुरेशचंद्र कर्दम के बीच त्रिकोणात्मक संघर्ष होना मान रहे हैं। लेकिन यह भी तथ्य है कि आगरा लोकसभा सीट सुरक्षित होने और दलित वोट निर्णायक भूमिका में रहने के बाद भी बहुजन समाज पार्टी अब तक कभी इस सीट पर चुनाव नहीं जीत पाई है। बसपा ने 2009, 2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा को टक्कर दी थी। 2009 का चुनाव तो बसपा 10 हजार वोट से ही हारी थी। लेकिन इसके बाद हुए दोनों चुनावों में उसकी हार का फासला बढ़ता चला गया।

### पिछले दोनों चुनावों में बसपा रही काफी पीछे

- 2019 में भाजपा प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल को 6,46,875 और बसपा के उम्मीदवार मनोज कुमार सोनी को 4,35,329 वोट मिले थे। 2014 के चुनाव में भाजपा के डॉ राम शंकर कठेरिया को 5,83,716 और बसपा प्रत्याशी नारायण सिंह सुमन को 2,83,453 वोट मिले थे। सपा के महाराज सिंह धनगर 1,34,708 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।

| विधानसभा क्षेत्र | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|
| एत्मादपुर | 233310 | 191589 | 424919 |
| आगरा कैंट | 239104 | 19698 | 436112 |
| आगरा दक्षिण | 193235 | 160924 | 354181 |
| आगरा उत्तर | 218624 | 181714 | 400359 |
| जलेसर | 280441 | 150747 | 1296678 |

(थर्ड जेंडर के मतदाता कुल मतदाता संख्या में शामिल)

# कौशांबी में त्रिकोणीय लड़ाई में फंसी भाजपा

चुनाव डेस्क




**अमृत विचार।** कौशांबी लोकसभा सीट पर इस बार मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है। फिलहाल यहां लड़ाई त्रिकोणीय दिख रही है। भाजपा ने जहां दो बार से जीत रहे विनोद कुमार सरोज को पुनः मैदान में उतारा है तो सपा ने पूर्व कैबिनेट मंत्री इंद्रजीत सरोज के बेटे पुष्पेंद्र सरोज पर दांव लगाया है। मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए बसपा प्रमुख मायावती ने सेवानिवृत्त डीएसपी शुभ नारायण को मौका दिया है। भाजपा को जहां इस सीट पर हैट्रिक की उम्मीद है तो सपा को लगता है कि वह कांग्रेस के साथ मजबूत गठजोड़ के सहारे मैदान मार लेगी।

- **सपा से पुष्पेंद्र सरोज प्रत्याशी तो बसपा ने सेवानिवृत्त डीएसपी को मैदान में उतारा**
- **भाजपा ने लगातार दो बार से जीत रहे विनोद कुमार सोनकर पर ही जताया भरोसा**

### राजा भइया पर हर किसी की निगाह

- अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस सीट पर जन सत्ता दल के मुखिया राजा भइया का अच्छा खासा प्रभाव है। राजा भइया को उम्मीद थी कि उनका भाजपा से गठजोड़ हो जाएगा और यह सीट उनकी पार्टी को समझौते के तहत मिलेगी। इसी उम्मीद से उन्होंने राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को वोट भी दिया था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भाजपा ने यहां से अपना उम्मीदवार उतार दिया। बाद में समाजवादी पार्टी ने भी राजा भइया से गठजोड़ की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। अब राजा भइया की चुप्पी हर किसी को खल रही है। सपा और भाजपा उनके कदम पर निगाह रखे हुए हैं तो उनके समर्थक भी चाहते हैं कि राजा भइया जल्द यह तय करें कि वे किस दल के साथ रहेंगे।

### विधानसभा की एक भी सीट भाजपा के पास नहीं

- लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से कुंडा समेत दो विधानसभा सीटों पर जन सत्ता दल का कब्जा है। कुंडा से राजा भइया खुद विधायक हैं जबकि सिराथू, मंझनपुर और चैल सीट पर सपा काबिज है। सिराथू की विधायक पल्लवी पटेल ने अखिलेश का साथ छोड़ दिया है। विधानसभा चुनाव में मिली हार भाजपा को आज भी अखरती है। राजनीति के जानकार इसीलिए इस बार मान रहे हैं कि भाजपा यहां कड़े मुकाबले में फंस गई है।

### जनसत्ता दल ने बिगाड़ा था सपा का खेल

- 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा- बसपा का गठबंधन था। तब सपा के इंद्रजीत सरोज यहां से मैदान में उतरे थे लेकिन उनकी जीत की राह में सबसे बड़ा रोड़ा बन गई थी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी। इस पार्टी के उम्मीदवार शैलेंद्र कुमार पासी ने डेढ़ लाख से अधिक वोट प्राप्त किया था। इंद्रजीत तब दूसरे स्थान पर रहे थे। भाजपा ने यह सीट 38, 722 वोट से जीत ली थी।

### 2022 में हार गए थे केशव प्रसाद मौर्य

- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य इस संसदीय क्षेत्र की सिराथू विधानसभा सीट से 2022 में विधानसभा चुनाव लड़े थे। उनके सामने अपना दल कमेरावादी पार्टी की पल्लवी पटेल सपा के टिकट पर मैदान में थीं। पल्लवी ने उन्हें हरा दिया था। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की हार चौंकाने वाली थी। इसे भाजपा के लिए बड़ा झटका माना गया था।



# सुभासपा के लिए चुनौती बने बसपा के बालकृष्ण चौहान

**घोसी संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

- **सपा ने राजीव राय तो भाजपा की सहयोगी सुभासपा ने अरविंद राजभर को उतारा**

घोसी लोकसभा सीट पर चुनाव दिलचस्प हो गया है। भाजपा ने इस को अपनी सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को दे दिया है। सुभासपा प्रमुख एवं कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने इस सीट पर अपने बेटे अरविंद राजभर को उतार दिया है। जबकि उनके सामने सपा से राजीव राय तो बसपा से पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान मैदान में हैं। बालकृष्ण चौहान के मैदान में आने से यहां लड़ाई रोचक हो गई है। इस चुनाव में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर की साख भी दांव पर है क्योंकि उनके बेटे जो चुनावी समर में हैं।

मोदी लहर में भाजपा ने पहली बार 2014 के लोकसभा चुनाव इस सीट से जीत दर्ज की थी। तब पार्टी उम्मीदवार हरिनारायण राजभर यहां से जीते थे लेकिन 2019 के चुनाव में पार्टी की अंतरकलह और मतदाताओं में सांसद को लेकर नाराजगी का खामियाजा यहां भाजपा को भुगतना पड़ा था। तमाम कोशिश के बाद भी भाजपा यह सीट जीत नहीं पायी थी। तब सपा-बसपा गठबंधन हुआ था। बसपा से प्रत्याशी अतुल राय को जीत मिली थी। हालांकि दुष्कर्म के आरोप में वे जेल गए और पूरा कार्यकाल उनका जेल में ही बीत गया। इस लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र हैं। चार विधानसभा मऊ के और एक विधानसभा बलिया जिले की है। बसपा ने यहां से बालकृष्ण चौहान को मैदान में उतारा है। बालकृष्ण बसपा के टिकट पर ही यहां से सांसद बने थे। हालांकि बाद में उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी। अब वे पुनः बसपा में आए और उन्हें टिकट मिला। इंडिया गठबंधन की सहयोगी सपा ने राजीव राय को प्रत्याशी बनाया है। राजीव राय इस सीट को जीतने के लिए मजबूत चक्रव्यूह बना रहे हैं। उन्होंने सुभासपा को सीट देने से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं को अपने पक्ष में मोड़ने की लगातार कोशिश की है। तो बसपा भी दलित, पिछड़े और मुसलमान मतदाताओं पर फोकस कर रही है।

### मुख्तार की छाया से मुक्त पहला चुनाव

- घोसी सीट पर बाहुबली मुख्तार अंसारी का दखल रहा है। जेल में बीमारी की वजह से मुख्तार की मौत के बाद यह पहला चुनाव हो रहा है। इसमें मुख्तार की दखलंदाजी नहीं होगी। अन्यथा मुख्तार जिस पार्टी के समर्थन में होते मुस्लिम मतदाताओं का रुख उसी की तरफ होता।

# आजमगढ़ के उप चुनाव में मिली जीत बरकरार रखने की चुनौती

चुनाव डेस्क

- **भाजपा ने फिर से सांसद निरहुआ को बनाया है उम्मीदवार**
- **सपा ने पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव पर पुनः जताया है भरोसा**
- **बसपा ने बदल दिया है भीम राजभर का टिकट**

आजमगढ़ संसदीय सीट पर भाजपा और सपा में कांटे की टक्कर होने की उम्मीद है। बसपा ने पहले इस सीट पर भीम राजभर को मैदान में उतारा था बाद में उनका टिकट काट दिया और दूसरी सीट से उम्मीदवार बना दिया। अब मतदाताओं को बसपा के प्रत्याशी का इंतजार है। सपा ने यहां से पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव को मैदान में उतारा है तो भाजपा ने वर्तमान सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ को। उप चुनाव में जीते दिनेश लाल यादव जहां जीत बरकरार रखने के लिए छटपटा रहे हैं तो धर्मेंद्र यादव हार का बदला लेने को आतुर दिख रहे हैं।

आजमगढ़ संसदीय सीट के तहत 5 विधानसभा क्षेत्र हैं। सभी सीटों पर समाजवादी पार्टी के विधायक हैं। पड़ोस की लालगंज संसदीय सीट की पांचों विधानसभा सीटों पर भी भाजपा का कोई विधायक नहीं है।

2019 के संसदीय चुनाव में भाजपा ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के खिलाफ दिनेश लाल यादव को मैदान में उतारा था पर अखिलेश ने भोजपुरी सिनेमा के स्टार दिनेश लाल यादव 2,59,874 मतों के अंतर से पटखनी दी। 2022 में विधायक चुने जाने के बाद अखिलेश ने यहां से त्यागपत्र दिया। सीट पर उपचुनाव हुआ तो यहां से दिनेश लाल यादव निरहुआ सपा के उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव हरा दिया था। तब उनकी हार में बसपा के गुड्डू जमाली की अहम भूमिका थी। गुड्डू अब सपा के साथ हैं तो धर्मेंद्र को जीत की उम्मीद है। बसपा ने भी अपना उम्मीदवार बदल दिया है। अब सपा, भाजपा हर किसी की निगाह बसपा प्रमुख मायावती के अगले कदम पर है। वह किसे उम्मीदवार बनातीं हैं। उम्मीद है कि पार्टी किसी मुस्लिम चेहरे पर दांव लगाएगी।




मतदाता जागरूकता अभियान : फर्स्ट टाइम वोटर में मतदान का भारी जोश है। मुंबई में लोगों से वोट जरूर डालने की अपील कुछ इस अनोखे अंदाज में करतीं युवतियां। चेहरा पेंट करके तिरंगा बनाया और लोकतंत्र की जीत के लिए विक्ट्री निशान बनाकर बोलीं, वोट फार नेशन।

# अब 'घर' और 'गढ़' में होगा बेहद रोमांचक रण

इरा अवस्थी, कन्नौज

- **सस्पेंस के बादल छंटने के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव कन्नौज से फिर मैदान में**
- **अटकल, असमंजस और मायूसी के दौर से उबर कर जोश में आए सपाई**

**अमृत विचार।** आखिरकार कन्नौज लोकसभा सीट एक बार फिर से देश की 'हॉट सीट' की लिस्ट में आ गई है। तमाम कयास, असमंजस, प्रत्याशी घोषित करने और फिर बदलने के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के ताल ठोंकने से मुकाबला रोमांचक होने के आसार प्रबल हो गए हैं। अब रण 'घर' बनाम 'गढ़' होगा। भाजपा प्रत्याशी कहते हैं कि कन्नौज मेरा घर है तो सपा का तर्क है कि गढ़ में वापसी होगी।

दो दिन पहले तक कन्नौज सीट पर समाजवादी पार्टी प्रत्याशी को लेकर अटकलों-असमंजस का दौर था। इस बीच सपा ने तेजप्रताप यादव को प्रत्याशी बना दिया। इसके साथ ही सपा कुनबे में मायूसी फैल गई और सभी अखिलेश से ही कन्नौज से चुनाव लड़ने की मांग करने लगे। उधर, माना जा रहा था कि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका तथा पूरे देश में प्रचार की जिम्मेदारी के चलते वे इस बार लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगे। दूसरी तरफ सुप्रीमो के मन में कोई और ही रणनीति तैयार हो रही थी। जनता व कार्यकर्ताओं की जबर्दस्त मांग व जिद के आगे तो झुकना ही पड़ा जबकि वे खुद दो साल पहले एक निजी कार्यक्रम में इस बात का संकेत दे चुके थे। इस तरह पहले से स्पष्ट ही था के वे कन्नौज को ही एक बार फिर से चुनावी रणक्षेत्र बनाएंगे। बुधवार को शाम होते-होते उनके यहां से चुनाव लड़ने पर मुहर लग गई। गुरुवार दोपहर 12 बजे सीधे कलेक्ट्रेट पहुंचकर अखिलेश यादव ने नामांकन कर दिया। इसके बाद पत्रकारों से रूबरू हुए तो कन्नौज से अपने लगाव का प्रदर्शन यह कहते हुए किया कि यहां से उनकी शुरुआत हुई तो यहां के लोगों से जुड़ाव खास है।



### अब भारत-पाकिस्तान का मैच : सुब्रत पाठक

नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे सांसद सुब्रत पाठक ने मीडिया से कहा कि अब भारत-पाकिस्तान का मैच होगा? कन्नौज अगर सपा का गढ़ है, तो उनका घर है। इसके जवाब में पूर्व सीएम अखिलेश ने कहा कि वे (सांसद) न तो बॉलिंग कर पाएंगे न बैटिंग, हम छह के छह बॉल पर छक्के ही मारेंगे। ऐसा न हुआ तो समाजवादी नहीं। इस बार क्लीनबोल्ड करने की तैयारी है। जीत ऐतिहासिक होगी। मुकाबला 'घर' बनाम 'गढ़' होने वाला है।



### छह के छह बॉल पर छक्के मारेंगे : अखिलेश

### डिंपल की हार याद दिलाकर भरा जोश

- दो दिन पहले तक तेजप्रताप के नाम की घोषणा से खुश नजर आ रहे भाजपाइयों के खेमे में उत्साह अब भी है लेकिन कहीं न कहीं शंका के बादल भी नजर आ रहे हैं। प्रेस के माध्यम से अखिलेश ने रूठों का भी सहयोग मांगा है। सपा के जिम्मेदारों की मानें तो राष्ट्रीय अध्यक्ष के चेहरे पर पार्टी की टूटन खत्म हो सकती है। बताया जा रहा है कि भाजपा में भी अंदरखाने असंतुष्टि और गुस्से के स्वर हैं। ऐसे में सपा अध्यक्ष के आने से कुछ इस तरह का वोट इधर का उधर हो सकता है। यद्यपि सांसद सुब्रत ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब अखिलेश सामने हैं। वे पहले भी अखिलेश और डिंपल के सामने चुनाव लड़ चुके हैं। 2019 में डिंपल को हराकर ही सीट भाजपा की झोली में डाली थी।
- वर्ष 2000 में अखिलेश ने यहां पहला उपचुनाव लड़ा था जब उनके पिता व पार्टी संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव ने यहां की सीट से इस्तीफा दिया था। इसके बाद वे लगातार तीन बार सांसद रहे।

## सार-संक्षेप

### कैदी के इलाज के लिए जारी धनराशि वापस

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिला कारागार फिरोजाबाद में बंद एक कैदी के इलाज के लिए शासन ने तीन लाख रुपये स्वीकृत कर दिया। बाद में पता चला कि उसे न्यायालय ने रिहा कर दिया है। ऐसी स्थिति में शासन ने आनन-फानन में अवमुक्त धन वापस मंगा लिया है। फिरोजाबाद कारागार में बंद अभि यादव गंभीर रूप से बीमार हैं। इनका इलाज लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में चल रहा है। इलाज को लेकर कारागार के प्रयासों से शासन ने तीन लाख रुपये अवमुक्त किया था। जब धन जारी हुआ तो कारागार प्रशासन द्वारा शासन को पुन: सूचना दी गई कि बंदी को जिला न्यायालय ने जमानत दे दी है। ऐसी स्थित में अब इस धन का कोई मतलब नहीं रह गया है। इस दौरान शासन ने तत्काल जारी धन को वापस मंगाने के लिए प्रशासन को पत्र लिखा है।

### 40 आश्रम पद्धति विद्यालयों में लगे सीसीटीवी

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग ने 40 आश्रम पद्धति विद्यालय में सीसीटीवी लगवा दिए हैं। जबकि 54 आश्रम पद्धति विद्यालयों में माह के अंत तक सीसीटीवी लग जाएंगे। विभाग ने आश्रम पद्धति विद्यालयों में शिक्षकों की कार्यशैली और उन पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी लगाने का निर्णय पिछले माह लिया था। प्रदेश के सभी 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में सीसीटीवी लगने के बाद वृद्धा आश्रमों में सीसीटीवी लगने का काम शुरू होगा। प्रदेश के 75 वृद्धा आश्रमों में सीसीटीवी लगाए जाएंगे। 75 वृद्धा आश्रम में लगभग साढ़े छह हजार बुजुर्ग हैं। सबसे अधिक बुजुर्ग अलीगढ़ में हैं। बुजुर्गों को नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन तय मैन्यु के अनुसार दिया जाता है। साथ ही मौसमी फल भी उनको दिया जाता है। बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण भी 15 दिन में कराया जाता है। स्वास्थ्य विभाग की टीम आश्रमों में जाकर स्वास्थ्य परीक्षण करती है। आश्रम में किसी बुजुर्गों का स्वास्थ्य बिगड़ने पर तत्काल चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाती है।

### महिला की जलकर मौत, हत्या का आरोप

**कानपुर, अमृत विचार :** स्वरूप नगर थानाक्षेत्र के अशोक नगर इलाके में दहेज की मांग न पूरी करने पर महिला को जलाकर मार डालने का आरोप लगाया गया है। मायके पक्ष के लोगों ने जलाकर मारने के बाद उन लोगों को सूचना देने का आरोप लगाया। लखनऊ से कानपुर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति और देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। लखनऊ के गोमती नगर विश्वास खंड निवासी सौरभ साहू ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी बहन 35 वर्षीय प्रिया साहू का विवाह 17 नवंबर 2018 को अशोक नगर निवासी अमरजीत सिंह से किया था। अमरजीत मार्केटिंग रिप्रेंजेटेटिव हैं। अमरजीत के पिता और उसके परिजन शास्त्री नगर में रहते हैं। उसने आरोप लगाया कि अमरजीत नशे में उनकी बहन के साथ मारपीट करता था, अक्सर रुपये की मांग करता था। परिजनों ने बताया कि गुरुवार सुबह अमरजीत ने फोन कर जानकारी दी कि उनकी बहन की मौत हो गई है। जब वे उसके घर पहुंचे तो देखा प्रिया का जला हुआ शव पड़ा था।

### अखिलेश के नामांकन पर अपर्णा ने किया कटाक्ष

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के कन्नौज से नामांकन किए जाने को लेकर चाचा शिवपाल यादव ने जहां पार्टीजनों को उत्साहित करने वाला संदेश दिया वहीं भाजपा नेत्री बहू अपर्णा यादव ने कटाक्ष किया है। लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को कन्नौज लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने से पहले ही अखिलेश यादव ने अपने सोशल साइट एक्स पर एक पुरानी तस्वीर भी साझा की। साझा तस्वीर के साथ अखिलेश यादव ने लिखा है कि, फिर इतिहास दोहराया जाएगा, अब नया भविष्य बनाया जाएगा। वहीं उनके चाचा शिवपाल यादव ने इस पर उन्हें उत्साहित करने वाली प्रतिक्रिया में लिखा, विजय भव : सर्वदा। वहीं अखिलेश यादव के कन्नौज से चुनाव लड़ने पर मुलायम सिंह यादव की बहू अपर्णा यादव की भी प्रतिक्रिया सामने आयी। कन्नौज की जीत को सपा के लिए कठिन बताते हुए भाजपा नेत्री अपर्णा यादव ने मीडिया से कहा कि लोग भाजपा को पूर्ण बहुमत से जीताने का मन बना चुके हैं। अपर्णा ने कहा कि नेताजी (मुलायम सिंह यादव) ने बहुत सारी सीटों को सुरक्षित बनाया लेकिन उन सीटों पर भी भाजपा ने अपनी मेहनत से कमल खिलाया है।

### ई-फाइलिंग के लिए हाईकोर्ट ने जारी किए दिशा निर्देश

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुपालन में वादकारियों को सुरक्षित और त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए महानिबंधक की ओर से प्रदेश के सभी जिला न्यायाधीशों को एक परिपत्र जारी किया है, जिसमें जिला न्यायालय के ई-सेवा केंद्रों के माध्यम से ई-फाइलिंग का निर्देश दिया गया है। जिला न्यायालय के ई-सेवा केंद्रों के माध्यम से वादकारियों के लिए व्यक्तिगत रूप से ई-फाइलिंग की जाएगी। ई-सेवा केंद्रों पर ई-फाइलिंग की प्रक्रिया से फोटो पहचान सत्यापन का विकल्प हटा दिया जाएगा। वादकारियों को ई-फाइलिंग के लिए ई-सेवा केंद्रों पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा, जिसमें शपथकर्ता की तस्वीर वाले स्कैन किए गए नोटरी हलफनामे का उपयोग ई- फाइलिंग मामलों में किया जाएगा। जिला न्यायालय के ई-सेवा केंद्रों से इलाहाबाद हाईकोर्ट में ई-फाइलिंग के लिए दिशा-निर्देश प्रेषित किया गया है, जिससे वादी व्यक्तिगत रूप से अपने मामलों को ई-फाइल कर सकें। मालूम हो कि यह सुविधा सुप्रीम कोर्ट के मोहम्मद अनस चौधरी बनाम रजिस्ट्रार जनरल हाईकोर्ट, इलाहाबाद मामले में पारित आदेश के अनुपालन में प्रारंभ की गई है। परिपत्र में सभी जिला न्यायालयों को उक्त निर्देश का कड़ाई से अनुपालन करने का आदेश दिया गया है।

### योगी ने हेमवती नंदन बहुगुणा को किया याद

लखनऊ, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर उन्हें याद कर नमन किया। उन्होंने गुरुवार को योजना भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ. नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य लाल जी निर्मल आदि मौजूद रहे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भी बहुगुणा जी को विनम्र श्रद्धांजलि एवं उनकी स्मृतियों को नमन लिखा।

### बसपा ने घोषित किये तीन प्रत्याशी

**लखनऊ, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी ने गुरुवार को तीन प्रत्याशी घोषित कर दिये। इनमें रायबरेली से ठाकुर प्रसाद यादव को टिकट दिया गया है, जबकि अंबेडकरनगर से कमर हयात अंसारी व बहराइच से बृजेश कुमार सोनकर प्रत्याशी बनाये गये हैं। रायबरेली के लिए घोषित प्रत्याशी ठाकुर प्रसाद राजधानी के रहने वाले हैं। वह सरेनी विधानसभा सीट से 2017 और उसके बाद 2022 में चुनाव लड़ चुके हैं, पर चुनाव हार गये थे।

# 20 करोड़ कीमत के सिंथेटिक ड्रग व केमिकल सहित छह गिरफ्तार

## मुंबई के थाणे क्राइम ब्रांच के साथ उप्र. एसटीएफ ने की कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आजमगढ़ के सुप्रिया मोबाइल शॉप के अंदर तैयार किया जा रहा था बड़े पैमाने पर ड्रग्स



**अमृत विचार :** मुंबई के थाणे क्राइम ब्रांच और यूपी एसटीएफ द्वारा संयुक्त रूप से की गई कार्रवाई में ड्रग्स बनाने वाले और सप्लाई करने वाले सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के पास से 25 ग्राम सिंथेटिक ड्रग और 20 किलो ड्रग बनाने वाला केमिकल बरामद हुआ है। इसकी अनुमानित कीमत 20.18 करोड़ बताई जा रही है। इसी प्रकरण पर विगत दिनों हुई कार्रवाई के दौरान कुछ आरोपियों के खिलाफ थाणे क्राइम ब्रांच ने मुकदमा भी दर्ज किया था। गिरफ्तार आरोपियों में संदीप तिवारी बरसठी जौनपुर, ललित पाठक शिवपुर वाराणसी, अनिल जायसवाल नाला सोपाडा ईस्ट महाराष्ट्र, नीलेश पांडेय श्रीनाथजी नगर चलावापी गुजरात और विजय पाल बड़ागांव वाराणसी शामिल हैं। इसमे संदीप तिवारी और ललित पाठक के खिलाफ महाराष्ट्र में नारकोटिक्स एक्ट में मुकदमा भी दर्ज हुआ था। वाराणसी एसटीएफ की ओर से कार्रवाई एवं सूचनाओं का संकलन किया जा रहा था। पहली कार्रवाई 16 मार्च को वाराणसी के सिंधौरा थाना क्षेत्र में की गई थी। इस बार आजमगढ़ के थाना बरहद क्षेत्र स्थित सुप्रिया मोबाइल शॉप के अंदर ड्रग्स निर्माण की सूचना मिली थी। इस दौरान थाणे क्राइम ब्रांच और एसटीएफ की टीम मौके पर पहुंची और वहां पर मौजूद सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के खिलाफ स्थानीय थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया है। थाणे क्राइम ब्रांच भी अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह के मामले में फैसला सुरक्षित

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण और आपराधिक साजिश मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह की अपील पर लगातार दो दिनों से चल रही सुनवाई के बाद गुरुवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनकर फैसला सुरक्षित कर लिया है। सांसद ने जौनपुर की एमपी/ एमएलए कोर्ट द्वारा दी गई 7 साल की सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। अपील पर सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश का रिकॉर्ड तलब किया था। हालांकि धनंजय सिंह के अधिवक्ताओं ने बिना ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड के ही कोर्ट से सुनवाई की मांग की थी। इस मांग को कोर्ट ने अस्वीकार कर दिया था। इसके बाद कोर्ट ने 22 अप्रैल तक राज्य सरकार से अपनी आपत्ति दर्ज करने को कहा था।

## महादेव बुक एवं गेमिंग एप के सहारे ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अभियुक्त संजीव एवं अभय।

- एसटीएफ ने शहीद पथ स्थित समिट बिल्डिंग के पास से दोनों अभियुक्तों को पकड़ा

**अमृत विचार :** महादेव बुक एवं अन्य गेमिंग के माध्यम से करोड़ों की ठगी करने वाले फर्जी ग्रुप के इंडिया हेड सहित दो ठगों को एसटीएफ ने शहीद पथ से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी विभिन्न गेमिंग एप के माध्यम से ठगी करते थे एवं हजारों की संख्या में फर्जी सिम एक्टिवेट करा कर विदेशों में सप्लाई करते थे।

यह कार्रवाई एसटीएफ के एसपी विशाल विक्रम के नेतृत्व में की गई है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में गौरी बाजार देवरिया निवासी अभय सिंह एवं देवरिया के इकौना थाना क्षेत्र के संजीव सिंह को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान अभय सिंह ने बताया कि उनका एक रिश्तेदार दुबई में रहता है उसी के कहने पर अभय अनपढ़ लोगों के बीच जाकर उन्हीं के आधार कार्ड के आधार पर सैकड़ों की संख्या में सिम बनाकर सप्लाई करवाता था। इसी तरह अभय ने यूपी में सैकड़ों लोगों को सक्रिय किया, जिनकी 20 से 25000 सैलरी तक निर्धारित कर दी गई। बताया जा रहा है की इन्हीं गेमिंग एप के सहारे अभय एवं संजीव सिंह ने करोड़ों का साम्राज्य खड़ा कर लिया। एसटीएफ लंबे समय से दोनों की तलाश कर रही थी। दोनों के बारे में लंबे समय से शिकायत मिल रही थी। इनकी ठगी के कई लोग शिकार हुए हैं।

## डॉ. संजय निषाद पर जानलेवा हमले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, संतकबीरनगर

- कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद के पीएसओ ने दर्ज कराया है मुकदमा

**अमृत विचार :** कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय निषाद पर जानलेवा हमला करने का मुख्य आरोपी राधेश्याम यादव निवासी ग्राम मोहम्मदपुर कठार थाना कोतवाली खलीलाबाद बृहस्पतिवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि बीते 22 अप्रैल को प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद के पीएसओ विनोद कुमार यादव पुत्र श्रीराम यादव निवासी उड़री कटरा थाना अखण्डनगर जनपद सुल्तानपुर ने कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को तहरीर सौंप कर बताया था कि बीच 21 अप्रैल की रात को मन्त्री जी डा. संजय कुमार निषाद मोहम्मदपुर कठार में एक शादी समारोह में शिरकत करने गए थे। इसी दौरान के अभियुक्त राधेश्याम यादव और उनके साथियों द्वारा अचानक मंत्री जी पर जानलेवा हमला कर दिया गया था। तहरीरी सूचना के आधार पर 22 अप्रैल को कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने मुअसं 332/2024 की धारा 147, 323, 307 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त प्रकरण में नामजद सुभाष यादव पुत्र रामकेवल यादव, गजेन्द्र यादव पुत्र रामानन्द यादव, सुरेन्द्र यादव पुत्र स्व. लालमन यादव और दुर्ग विजय यादव पुत्र जगदीश यादव निवासी गण मोहम्दपुर कठार थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को 22 अप्रैल को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हमले के मुख्य आरोपी राधेश्याम यादव पुत्र रामनयन निवासी मोहम्मदपुर कठार थाना कोतवाली खलीलाबाद को बृहस्पतिवार की दोपहर दुर्गा मंदिर चौराहा मगहर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शीघ्र ही सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पांचवें चरण के चुनाव को आज से शुरू होंगे नामांकन

**लखनऊ, अमृत विचार :** पांचवें चरण के की 14 लोकसभा सीटों के लिए 26 अप्रैल से नामांकन शुरू होंगे। इसके साथ ही लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए भी नामांकन होंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीटों में मोहनलालगंज (अजा), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन (अजा),झाँसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (अजा), बाराबंकी (अजा), फैजाबाद, कैसरगंज व गोण्डा के लिए चुनाव होना है। इस चरण की 14 लोकसभा सीटों में 10 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं। इस चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, अमेठी, सुलतानपुर, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, ललितपुर, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, बाराबंकी, अयोध्या, गोण्डा, बहराइच व बलरामपुर सहित 21 जिलों के अंतर्गत आते हैं।

# आजम के करीबी सीओ आले हसन के मामले में सरकार से जवाब-तलब

विधि संवाददाता,प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान के करीबी सीओ आले हसन के मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगते हुए जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है। उसके एक सप्ताह के भीतर याची को प्रत्युत्तर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश भी दिया गया है।

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ के समक्ष हुई। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची का तबादला 21 सितंबर 2016 को मुरादाबाद कर दिया गया था। इसके साथ ही साधना गोस्वामी पुलिस अधीक्षक के रूप में उस समय रामपुर में तैनात नहीं थी। अतः शिकायतकर्ता के पास उनसे मिलने और पुलिस कर्मियों की कथित मनमानी के संबंध में अपनी शिकायत करने का कोई अवसर नहीं था। उपरोक्त तर्कों को सुनने के बाद मामले को आगामी 24 मई 2024 के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया है। सुनवाई की अगली तारीख तक याची के खिलाफ उपरोक्त मामले की आगे की कार्यवाही पर रोक लगा दी गई है। मालूम हो कि शिकायतकर्ता अबरार हुसैन ने रामपुर के गंज थाना में 13 अगस्त 2019 को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत आले हसन और तीन अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। मामले के अनुसार 6 दिसंबर 2016 को याची सहित अन्य आरोपियों ने शिकायतकर्ता के घर में घुसकर मारपीट और लूटपाट की, साथ ही उस पर जानलेवा हमला भी किया गया और अवैध रूप से उसके घर पर बुलडोजर चलवा दिया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि सपा सांसद आजम खान के करीबी होने के कारण तत्कालीन सीओ आले हसन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## सपा को अयोध्या से नहीं कोई मिला स्टार प्रचारक

**अयोध्या, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय क्षितिज पर दमदमा रही अयोध्या नगरी से समाजवादी पार्टी को एक भी स्टार प्रचारक नहीं मिला है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव प्रो. राम गोपाल यादव द्वारा बीते दिनों जारी स्टार प्रचारकों की सूची से अयोध्या नदारद है। जबकि यहां से खुद को दिग्गज बताने वाले नेताओं की एक बड़ी जमात है। ऐसे में इस स्टार प्रचारकों की सूची से अयोध्या का नदारद होना बड़ी बात माना जा रहा है। सभी दलों द्वारा लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए स्टार प्रचारकों को तैनात किया जा रहा है। ऐसे में समाजवादी पार्टी द्वारा भी स्टार प्रचारक तय किए गए हैं। सपा द्वारा जारी स्टार प्रचारकों की सूची में बहराइच के पूर्व मंत्री यासर शाह और सीतापुर के पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा तक का नाम शामिल हैं।

## छात्रवृत्ति से वंचित छात्र आज से दोबारा कर सकेंगे आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए तीन मई तक खुला रहेगा पोर्टल

**अमृत विचार :** अनुसूचित जाति के पोस्ट मैट्रिक्स (दशमोत्तर) छात्रवृत्ति से वंचित दो हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को राहत देने के लिए समाज कल्याण विभाग शुक्रवार से आठ दिन के लिए दोबारा पोर्टल खोलने जा रहा है। इससे वंचित छात्रों को दोबारा आवेदन करने का मौका मिलेगा।

बता दें कि कॉलेजों और विद्यालयों की गलती का खामियाजा छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ा था। पिछले शैक्षणिक सत्र में दो हजार से अधिक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए थे। विवरण का मिलान न होने के कारण छात्रवृत्ति की राशि उनके खातों में नहीं भेजी गई थी। जिससे छात्र-छात्राएं कॉलेजों और समाज कल्याण निदेशालय के चक्कर काट रहे थे। समाज कल्याण विभाग इन छात्र-छात्राओं के लिए 26 अप्रैल से 03 मई तक दोबारा आवेदन करने के लिए पोर्टल खोलने जा रहा है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि ऐसे छात्र-छात्राएं जिनका डीएलडी और पैरा मेडिकल कोर्स की परीक्षाओं का परिणाम नहीं आया है वह भी इसमें आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के दौरान छात्र स्वयं भरे गए विवरण और विद्यालय-कॉलेज की ओर से भरे जाने वाले विवरण की सावधानी से जांच करा लें। जांच करने के बाद ही आवेदन को अग्रसारित कराएं। इस बार चूक हुई, तो उन्हें फिर मौका नहीं मिलेगा। वह छात्रवृत्ति से वंचित हो जाएंगे।


## वर्ग पहेली-51

**बाएं से दाएं**

1. 1. जिसके सिर पर बहुत बाल हो, झोंटेवाला 2. जटाधारी।
2. 1. किसी चीज़ के रगड़ जाने से या छिलने से बनने वाला चिह्न या निशान, खरोंच 2. ख़राश।
5. 1. दुकान में चीज़ें बेचने वाला व्यक्ति 2. दुकान का मालिक 3. व्यवहार में मोल-भाव करने वाला व्यक्ति।
6. 1. दुष्ट 2. ढीठ।
7. 1. फ़ारस की प्रसिद्ध लोककथा 'लैला-मजनूं' की नायिका और कैस (मजनूं) की प्रेमिका 2. प्रेयसी।
8. 1. भारत एक प्राचीन राजवंश 2. प्राचीन शैव संप्रदाय जिसके अनुयायी सिर पर शिव की मूर्ति रखा करते थे।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पास-पास उगे हुए कई पेड़ या झाड़ियां जिनकी डालियां आपस में मिली हुई हों 2. बहुत लोगों का समूह, गिरोह 3. चादर या किसी कपड़े से शरीर को पूरी तरह ढक लेने की क्रिया 4. बच्चों का एक खेल जिसमें वे घेरा बनाकर नाचते हैं।
3. 1. अंधकार में अथवा स्पष्ट दिखाई न देने पर किसी चीज़ के आकार-प्रकार
4. 1. जहां बिल्कुल भी प्रकाश न हो, अंधेरा, अंधियारा, तिमिर, तम 2. तामस, कलुष 3. निराशा, हताशा, अज्ञान। (मु.) -नज़र आना : कोई उपाय न सूझना, निराशापूर्ण हालात में फंसना। -दूर होना : ज्ञान या बुद्धि प्राप्त होना। 5. दूना, दो गुना।



### वर्ग पहेली -50 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 पू | ■ | 2 आ | ■ |
| ■ | 3 का | ■ | छ | ■ | धू | ■ |
| ■ | रों | ■ | 4 ता | 5 क | त | ■ |
| ■ | 6 छ | का | छ | क | ■ | 7 म |
| 8 मो | ■ | ■ | ■ | 9 ह | ड़ | हा |
| 10 ह | र | शे | ख | रा | ■ | श |
| नी | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | य |

## सुडोकू-130

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 5 | | | | |
| 6 | | | 4 | | | 9 | | |
| | 4 | | | | 3 | | | 8 |
| 9 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | 6 | | | 1 | 3 | | 5 |
| | | | 2 | | | | | 4 |
| 5 | | | 1 | 3 | | | 2 | |
| | 7 | 1 | | | 4 | | | 9 |
| | | | 5 | 9 | | 6 | | |

### सुडोकू -129 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 9 | 5 | 6 |
| 9 | 6 | 1 | 7 | 4 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 6 | 8 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 | 6 | 2 | 4 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 7 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 अप्रैल शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 07.45 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 03.40 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष** — आज घर में अकेलापन और बोरियत महसूस होगी। गर्मी से बचकर रहें और पानी भरपूर पियें। दूसरों पर ज्यादा दबाव डालने से आपको बचना चाहिए। शाम को कहीं घूमने जा सकते हैं। अपनी दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें। ज्यादा भागदौड़ के कारण पैरो में दर्द हो सकता है।

**वृष** — आज वैवाहिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। रियल एस्टेट से आपको धन लाभ होगा। कारोबार में अपेक्षा से अधिक लाभ होगा। आपके सभी काम समय पर पूर्ण होंगे। किसी बड़े प्रोजेक्ट्स पर आप धन निवेश कर सकते हैं।

**मिथुन** — आज योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित कर पायेंगे। दोस्तों की मदद करने से पीछे नहीं हटेंगे। अपनी कार्यशैली में बदलाव करने का प्रयास करेंगे। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। ससुराल में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क** — आज परिवार के साथ सुखद समय बितायेंगे। आप अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पायेंगे। अपनी सेहत का ध्यान रखें। आज आपको अपच की समस्या हो सकती है। सोशल मीडिया में आप काफी सक्रिय रहेंगे। विद्यार्थियों की नए विषयों के अध्ययन में रुचि होगी।

**सिंह** — आज कार्यक्षेत्र का तनाव आपके घर पर भी प्रभाव डाल सकता है। भरोसेमन्द लोग ही आपको धोखा दे सकते हैं। इसीलिए किसी पर ज्यादा विश्वास न करें। प्रेमी जन के साथ कहीं घूमने जाने का विचार बनायेंगे। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

**कन्या** — आज राजनीतिक लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। पति-पत्नी के बीच आपसी संबंध मधुर रहने वाले हैं। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। अपने मन की करें दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। नए मित्र बन सकते हैं।

**तुला** — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहने वाली है। पड़ोसियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। संतान की उन्नति से आपको प्रसन्नता होगी। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर चिन्तित रहेंगे। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज आप अपने घर पर आराम करने की योजना बना सकते हैं। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। व्यवसाय में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पैतृक सम्पत्ति प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। कमीशन से संबंधित कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा।

**धनु** — आज अति आत्मविश्वास के कारण आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। गलत खान पान के कारण सेहत खराब हो सकती है। किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। विदेश में रह रहे लोगों को वीजा आदि को लेकर कुछ समस्या होगी।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। जरूरतमन्द लोगों की सेवा में मन लगायेंगे। अटके हुए कार्यों को पूरा करने का तनाव हो सकता है। अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पायेंगे।

**कुंभ** — आज आपको पहले किए गए कठिन परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ायेंगे और किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे। संतान को करियर में अच्छी सफलता मिल सकती है। बहु प्रतीक्षित कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है।

**मीन** — आज बिना मांगे किसी को राय न दें। अधिकारी वर्ग के लोग आपके विचारों और भावों को काफी महत्व देंगे। जीवनसाथी को दिया हुआ वचन पूरा कर सकेंगे। पुराना लोन आज चुकाने की कोशिश करेंगे। आपका दृष्टिकोण काफी सकारात्मक रहेगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
इंसान — सुबह : 11.50
पार्टनर — शाम : 05.57

**Sony Pix**
द वॉटर हाउस — सुबह : 11.24
ज़ोम्बीलैंड — शाम : 06.26

**&pictures**
कूगल कुट्टप्पा — सुबह : 11.14
साइना — रात : 08.00

**Zee Cinema**
राम लखन — सुबह : 08.45
तैश — रात : 08.45

**Colors Cineplex**
सपने साजन के — सुबह : 11.00
देवदास — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर पर रात :08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पिता- बेटा जरा अपना मोबाइल देना।
बेटा- 1 मिनट ऑन करके देता हूं।
वीडियो डिलीट...फोटोज डिलीट... मैसेजेस डिलीट लीजिए पापा ऑन हो गया..
पापा- रहने दो, मुझे तो बस टाइम बता दे।
पापा की बात सुनकर सन्न रह गया बेटा।

कल तुम्हें फांसी होगी... बताओ तुम्हारी अंतिम इच्छा क्या है?
कैदी- मैं तरबूज खाना चाहता हूं.
जेलर- लेकिन ये तरबूज का मौसम नहीं है।
कैदी- कोई बात नहीं
कैदी- कोई बात नहीं, मैं इंतजार कर लूंगा।





## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 1000 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 900 **रामपुर :** शिवालिक-995 फ्लैग- 1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1160

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 1820, राज श्री 1300, फ़ॉर्चून कि. 1800, रविन्द्रा 1775, फॉर्चुन ली0 1650, जय जवान 1420, सचिन 1565, सूरज 1445, अवसर 1670, राग गोल्ड 1640, गृहणी 1565, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1565, चक्र टिन 1635, ब्लू 1685, आशीर्वाद मस्टर्ड 1700, स्वास्तिक 1790 ।किराना-( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 29000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 ।चावल-( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 ।दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7275-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500-11400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 7350, लाल हिंदुस्तान 7650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10400, मोटा हीरा 11800, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14400, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000-15400, अरहर कोरी छोटी 16500। चीनी- डालमियां 4140, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090 (नयी), बहेड़ी 4100 ( नयी )।

# भौगोलिक संकेत से सात और कृषि उत्पादों की पहचान हुई आसान

## बुंदेलखंड का कठिया गेहूं, जौनपुर की इमरती या बनारस की बर्फी को मिला जीआई टैग

**प्रशांत सक्सेना, लखनऊ**

**अमृत विचार:** बुंदेलखंड का कठिया गेहूं, जौनपुर की इमरती हो या बनारस की तिरंगी बर्फी, लाल भरुआ मिर्च, चिरई गांव का करौंदा, लाल पेड़ा व ठंडई की पहचान आसान हो गई है।

इन प्रसिद्ध कृषि उत्पादन वाले क्षेत्रों को भौगोलिक संकेत यानी जीआई से रजिस्ट्री मुख्यालय चेन्नई ने पंजीकृत किया है। ये उत्पाद जीआई टैग के लिए लंबे समय से प्रक्रिया में थे। जो पिछले माह कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के सहयोग से पंजीकृत हुए हैं। अब जीआई टैग लगाकर उत्पाद की बिक्री करने के लिए उपयोगकर्ता पंजीकृत किए जाएंगे। जिन्हें एक चिन्ह व कोड मिलेगा। इसी आधार पर उत्पाद की विशिष्ट पहचान यानी उत्पाद का स्थान और अधिकृत उपयोगकर्ता आदि की पूरी जानकारी होगी।




- कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के सहयोग से पंजीकृत हुए सभी उत्पाद

### इन उत्पादों को ये मिला कोड

बुंदेलखंड कठिया गेहूं 819, बनारस का लाल भरवा मिर्च 823 व इसी जिले का चिरई गांव करौंदा 833, लाल पेड़ा 853, ठंडई 1000, तिरंगी बर्फी 941, जौनपुर इमरती 999।

"पिछले माह सात और कृषि उत्पाद जीआई से पंजीकृत हुए हैं। अब संबंधित क्षेत्रों में जीआई टैग लेने के लिए उपयोगकर्ता का पंजीयन करा रहे हैं। इससे इनके प्रसिद्ध उत्पादों की पहचान होगी और कोई दूसरा इन नामों से बिक्री नहीं कर पाएगा।

**-डॉ. सुग्रीव शुक्ला,** उपनिदेशक, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय

**प्रदेश के 20 कृषि उत्पाद जीआई से पंजीकृत :** उत्तर प्रदेश में कुल 20 कृषि उत्पाद जीआई से पंजीकृत हुए हैं। इससे पहले पंजीकृत हुए 13 उत्पादों के 3035 उपयोगकर्ता बन चुके हैं और उत्पादन के साथ टैग लगाकर बिक्री की जा रही है। इनमें बनारस का लंगड़ा आम, प्रतापगढ़ ऑवला, आदमचीनी चावल, बनारस पान, रामनगर भांटा, मुज्जफरनगर गुड़ व हाथरस हींग है।

# वोडाफोन-आइडिया का राशि जुटाना कंपनी में जान फूंकने जैसा

**मुंबई।** आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने गुरुवार को कहा कि वोडाफोन-आइडिया का 18,000 करोड़ रुपये जुटाना कंपनी में नई जान फूंकने जैसा है। बिड़ला ने अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) के सूचीबद्ध कार्यक्रम में कहा कि कंपनी अपने नेटवर्क को बढ़ाने और चुनिंदा 5जी सेवाओं को पेश करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या पूंजी जुटाने से कंपनी की ज्यादातर समस्याएं सुलझ जाएंगी बिड़ला ने हां में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह कंपनी में एक तरह से नई जान फूंकने जैसा होगा।



# भारत के विकसित होने से खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या होगी कम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आरबीआई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत में उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या भविष्य में कम गंभीर होगी, क्योंकि विविध स्रोतों के साथ आधुनिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विशिष्ट खाद्य पदार्थों की कीमतों में अचानक बढ़ोतरी से निपटने में मदद कर सकती हैं।

भारत में घरेलू बजट में भोजन की हिस्सेदारी अधिक होने की बात पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि नीति के कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होने की जरूरत है, क्योंकि स्थिर कृषि कीमतें मुद्रास्फीति से परे वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं। जैसे-जैसे भारत विकसित होगा, इस समस्या उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की गंभीरता कई कारणों से कम होती जाएगी।



विविध स्रोतों वाली आधुनिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विशिष्ट वस्तुओं के दाम बढ़ने पर उनसे निपटने में मदद करेंगी। आंकड़ों के अनुसार, मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें कम होना रहा। खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति मार्च में 8.52 प्रतिशत रही, जो फरवरी में 8.66 थी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि मुद्रास्फीति 2024-25 में घटकर 4.5 प्रतिशत हो जाएगी। यह 2023-24 में 5.4 प्रतिशत और 2022-23 में 6.7 प्रतिशत थी।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 83500 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74150 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55250-55450 |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,000 |
| चांदी आभूषण | 82,300 |

### उत्पादन क्षमता वृद्धि को डिविज लैब करेगी 700 करोड़ निवेश

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी डिविस लैबोरेटरीज अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ने के लिए 700 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। वह एक ग्राहक के साथ दीर्घकालिक आपूर्ति समझौता करने की प्रक्रिया में है और 650 से 700 करोड़ तक का निवेश कर अपनी विनिर्माण इकाई की क्षमता बढ़ाने की योजना बना रही है।

# नेस्ले के शिशु आहार सेरेलैक के नमूने ले रहा एफएसएसएआई : सीईओ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने गुरुवार को कहा कि वह नेस्ले के शिशु आहार सेरेलैक के भारत से नमूने ले रहा है। हाल ही में रिपोर्ट में दावा किया गया था कि कंपनी उत्पाद में अधिक चीनी डाल रही है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जी. कमला वर्धन राव ने खाद्य सुदृढ़ीकरण पर एसोचैम के कार्यक्रम में कहा कि हम शिशु आहार के नमूने ले रहे हैं। प्रक्रिया पूरी होने में 15-20 दिन लगेंगे। एफएसएसएआई स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन वैधानिक निकाय है। स्विट्जरलैंड के गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क' ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि नेस्ले ने भारत सहित कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे।

### नेस्ले इंडिया का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 934 करोड़

**नई दिल्ली।** दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुएं (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी नेस्ले इंडिया का चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 934 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में शुद्ध मुनाफा 737 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन अवधि में परिचालन आय बढ़कर 5,267 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 4,830 करोड़ रुपये थी।

# एक लाख करोड़ डॉलर का वस्तु निर्यात पाने के लिए काम कर रहा मंत्रालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्य मंत्रालय ने बुनियादी ढांचे की जरूरतों, संभावित क्षेत्रों और संकुलों को चिह्नित करने के लिए काम शुरू किया है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इससे देश को 2030 तक एक लाख करोड़ डॉलर के वस्तु निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव अनंत स्वरूप ने कहा कि एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से अध्ययन करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने उद्योग मंडल सीआईआई के कार्यक्रम में कहा कि यदि देश 2030 तक एक लाख करोड़ डॉलर के निर्यात का लक्ष्य बना रहा है, तो 1.5 लाख करोड़ डॉलर के आयात की संभावना है। ऐसे में 2.5 लाख करोड़ डॉलर के निर्यात और आयात को पूरा करने के लिए क्या हमारे पास पर्याप्त क्षमता है। जो अधिक महत्वपूर्ण है वह यह है कि एक लाख करोड़ डॉलर का निर्यात कहां से आने वाला है, वे कौन से क्षेत्र और संकुल हैं जहां से एक लाख करोड़ डॉलर का निर्यात होने वाला है।

### मजबूत अर्थव्यवस्था, मूल्य स्थिरता से वृद्धि को मिल रहा समर्थनः वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** अनिश्चित वैश्विक परिस्थितियों के बीच मजबूत वृद्धि, मूल्य स्थिरता और बाहरी क्षेत्र के स्थिर दृष्टिकोण से भारत के आशाजनक आर्थिक प्रदर्शन को समर्थन मिलना जारी है। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में यह आकलन किया गया है। मंत्रालय ने मार्च महीने की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और रिजर्व बैंक ने भारत के लिए चालू वित्त वर्ष का वृद्धि संबंधी नजरिया सकारात्मक रखा हुआ है और भारत सबसे तेजी से बढ़ रही प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है।



## एक नजर

### पति का अपनी पत्नी के स्त्रीधन पर कोई अधिकार नहीं : उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि पति का अपनी पत्नी के स्त्रीधन पर कोई अधिकार नहीं होता और भले ही वह संकट के समय इसका उपयोग कर सकता है, लेकिन उसका नैतिक दायित्व है कि वह इसे लौटाए। कोर्ट ने महिला को उसका 25 लाख मूल्य के जेवर लौटाने के निर्देश भी उसके पति को दिया। महिला ने दावा किया था कि शादी के समय उसके परिवार ने 89 सोने के सिक्के उपहार में दिए थे। उसके पिता ने पति को दो लाख का चेक भी दिया था। शादी की पहली रात पति ने उसके आभूषण ले लिए और सुरक्षित रखने के बहाने अपनी मां को दे दिए। पति और उसकी मां ने कर्ज चुकाने में उसके सारे जेवर का दुरुपयोग किया। कुटुम्ब अदालत ने 2011 में कहा था कि पति और उसकी मां ने महिला के आभूषण का दुरुपयोग किया और इसलिए वह इसकी भरपाई करें। केरल हाईकोर्ट ने कुटुम्ब अदालत के आदेश को रद करते हुए कहा कि महिला आभूषणों की हेराफेरी को साबित नहीं कर पाई। तब महिला ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने कहा कि स्त्रीधन पत्नी और पति की संयुक्त संपत्ति नहीं है और पति के पास इस पर अधिकार या प्रभुत्व का अधिकार नहीं है।

### धनखड़ ने दिलाई नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को सदन के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी। राज्यसभा सचिवालय ने बताया कि धनखड़ ने नवनिर्वाचित देवेंद्र प्रताप सिंह, तेजवीर सिंह और महेंद्र भट्ट को सदन की सदस्यता की शपथ दिलायी। नवनिर्वाचित सदस्यों को संसद भवन में सभापति के कक्ष में शपथ दिलायी गयी।

### बलिया में कार पलटने से चार की मौत

**बलिया।** उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के फेफना क्षेत्र में एसयूवी के पलटने से उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि जिले चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के बढ़वलिया गांव के कमलेश यादव (36), राजू यादव (30), छोटू यादव (30), फेफना थाना क्षेत्र के तीखा निवासी रितेश गोंड (32) और गाजीपुर जिला के सत्येंद्र यादव (40) बुधवार देर रात टाटा सफारी कार लेकर फेफना से चितबड़ागांव जा रहे थे कि तभी फेफना-बक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर निजी ढाबे के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई तथा खेत में पलट गई। वहीं कार सवार सतेन्द्र, राजू और कमलेश की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों मृतकों व दो घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने घायलों को वाराणसी रेफर कर दिया गया। मऊ ले जाते समय रास्ते में रीतेश की मौत हो गई। छोटू यादव को वाराणसी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### स्कूल को मधुशाला बनाने वाला शिक्षक निलंबित

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में बीते रोज सराज के सोबली में शराब पीकर स्कूल पहुंचे जेबीटी अध्यापक के खिलाफ शिक्षा विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे निलंबित कर दिया गया है। जांच में सामने आया कि यह शिक्षक पहले भी नशे में धुत होकर स्कूल आता रहा है। जिस पर एसएमसी ने शिक्षक पर कार्रवाई की। शिक्षक ने इसके लिए माफी भी मांगी थी। प्राम्भिक शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि मामला सामने आने के बाद विभाग ने संबंधित शिक्षा खंड बगस्याड़ से रिपोर्ट लेकर कार्रवाई शुरू कर दी थी।

### दुर्घटनावश गोली चलने से जवान की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में गश्त के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से सुरक्षाबल के एक जवान की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिले के सीमावर्ती इलाके में गश्त के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) दंतेवाड़ा के जवान जोगराज कर्मा की मौत हो गई तथा आरक्षक परसूराम अलामी घायल हो गए। दंतेवाड़ा के बारसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हांदावाडा और हितावड़ा क्षेत्र में माओवादियों की सूचना पर बुधवार को दल को गश्त पर रवाना किया गया था।

# आबकारी घोटाले से संबंधित आय की मुख्य लाभार्थी आप : ईडी

## निदेशालय ने कोर्ट से कहा- केजरीवाल के जरिए किया गया धनशोधन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली की कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित उत्पन्न अपराध की आय की प्रमुख लाभार्थी है और उसने अपने राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के जरिए धनशोधन किया है।

ईडी ने दावा किया कि अब तक हुई जांच से पता चला है कि अपराध की आय का एक हिस्सा लगभग 45 करोड़ रुपये नकद का उपयोग 2022 में आप के गोवा विधानसभा चुनाव में किया गया था। कोर्ट में दायर ईडी के हलफनामे पर आप ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसी झूठ बोलने वाली मशीन बन गई है। घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर उच्चतम न्यायालय में दायर हलफनामे में ईडी ने दावा किया कि गोवा में आप के अभियान में शामिल विभिन्न व्यक्तियों के बयानों से पता चला है कि सर्वेक्षण कार्यकर्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक, विधानसभा प्रबंधक आदि के रूप में उनके द्वारा किए गए काम के लिए उन्हें नकद भुगतान किया गया था।

एजेंसी ने कहा कि आप ने अरविंद केजरीवाल के जरिए धनशोधन का अपराध किया है और इस प्रकार के अपराध पीएमएलए 2002 के धारा 70 के तहत आते हैं। धनशोधन रोकथाम कानून, 2002 की धारा 70 कंपनियों द्वारा किए गए अपराधों से संबंधित है। पार्टी जन प्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 29-ए के तहत पंजीकृत राजनीतिक दल है। आप के राष्ट्रीय संयोजक और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के तौर पर केजरीवाल चुनाव में इस्तेमाल होने वाले धन के लिए जिम्मेदार थे। न सिर्फ पार्टी के पीछे केजरीवाल का दिमाग है बल्कि प्रमुख गतिविधियों को भी वही नियंत्रित करते हैं।

**आबकारी नीति घोटाला**



### आरोप निर्धारण के विरूद्ध उच्च न्यायालय गए अरूण पिल्लै

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में आरोपी हैदराबाद के व्यापारी अरूण रामचंद्र पिल्लै ने गुरुवार को एक अधीनस्थ अदालत के उस आदेश को चुनौती दी, जिसमें सीबीआई की जांच पूरी होने तक बहस शुरू नहीं करने की उनकी अर्जी खारिज कर दी गई थी। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने इस याचिका पर सीबीआई से उसका रूख जानना चाहा और इसे अगली सुनवाई के वास्ते तीन मई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

# संदेशखालि मामले में सीबीआई ने दर्ज की पहली प्राथमिकी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने प. बंगाल के संदेशखालि में पांच प्रभावशाली लोगों के खिलाफ जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध पहला मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यह मामला भूमि हड़पने का है जहां पीड़ित परिवार की महिलाओं को प्रभावशाली लोगों से यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। सीबीआई ने पांच आरोपियों और पीड़ितों की पहचान अब तक उजागर नहीं की है।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच का आदेश दिया था और कहा था कि न्याय के हित में निष्पक्ष जांच जरूरी है। सीबीआई ने शिकायत के लिए ईमेल आईडी जारी की थी, जिसमें बड़ी संख्या में शिकायतें मिलीं। एजेंसी ने आरोपों का पता लगाने और उन मामलों को दर्ज करने के लिए संदेशखालि में एक टीम भेजी थी, जहां आरोपों को प्रथम दृष्टया सत्यापित किया जा सके।

# पटना के होटल में लगी आग छह की मौत, दो लोग गंभीर

**पटना, एजेंसी**

बिहार की राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन के समीप होटल में गुरुवार को भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई जबकि दो की हालात गंभीर है।

पुलिस अधीक्षक (पटना सेंट्रल) चंद्र प्रकाश ने बताया कि अब तक छह लोगों की मौत हुई है, जिनमें तीन महिलाएं हैं। दो अन्य व्यक्तियों की हालत है जबकि बाकी घायल खतरे से बाहर हैं। एसपी ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच के लिए विशेष टीम बुलाई गई है।

एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थित बहुमंजिला इमारत से अग्निशमन कर्मियों द्वारा 20 से अधिक लोगों को बचाया गया है। अग्निशमन दस्ते ने आग पर काबू पा लिया है। अग्निशमन दस्ते का नेतृत्व कर रहे उपमहानिरीक्षक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों ने रसोई गैस सिलेंडर से आग लगने की बात बताई है पर आग कैसे लगी, इस बारे में पता नहीं लग पाया है। जांच के बाद ही कारण की जानकारी हो सकेगी। पटना डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने पटना मेडिकल कालेज अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की। उन्होंने अस्पताल अधीक्षक को भर्ती घायलों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। डीएम ने बताया कि सभी होटल और अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में अग्निशमन की तैयारियों का ऑडिट कराने का आदेश दिया गया है।



- मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल जांच के लिए बुलाई गई विशेष टीम

# मुसलमानों को आरक्षण पर कर्नाटक के मुख्य सचिव को तलब करेगा एनसीबीसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आयोग ने पिछड़ी जाति की श्रेणी में डालने पर सरकार के फैसले की आलोचना की
- इस तरह का वर्गीकरण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करता है : आयोग अध्यक्ष

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) कर्नाटक में मुस्लिम समुदाय को दिए आरक्षण पर राज्य के मुख्य सचिव को तलब करेगा। आयोग अध्यक्ष हंसराज अहीर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एनसीबीसी ने मुस्लिम समुदाय को पिछड़ी जाति की श्रेणी में डालने के कर्नाटक सरकार के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह का वर्गीकरण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करता है।

एनसीबीसी अध्यक्ष अहीर ने कहा कि कर्नाटक में मुस्लिम धर्म की जातियों को सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ा वर्ग माना जा रहा है और उन्हें पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी द्वितीय (बी) के तहत अलग से सूचीबद्ध किया गया है। यह उन्हें संविधान के अनुच्छेद 15(4) और 16(4) के अनुसार शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश और राज्य की सेवाओं में पदों और रिक्तियों पर आरक्षण प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। एनसीबीसी ने इस पर बल दिया कि वास्तव में मुस्लिम समुदाय में कुछ वर्ग ऐसे हैं जो वंचित हैं और ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर हैं, लेकिन पूरे धर्म को पिछड़ा मानने से मुस्लिम समाज के भीतर विविधता और जटिलताओं की अनदेखी होती है। इस मामले पर राज्य सरकार से मिली प्रतिक्रिया संतोषजनक नहीं है और वह इस कदम पर स्पष्टीकरण देने के लिए कर्नाटक के मुख्य सचिव को बुलाएंगे।

कर्नाटक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार मुस्लिम धर्म के भीतर सभी जातियों को पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी द्वितीय(बी) के तहत सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। आयोग ने पिछले साल शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में ओबीसी के लिए कर्नाटक की आरक्षण नीति की समीक्षा की थी। सरकार स्थानीय निकाय चुनावों में मुस्लिमों सहित पिछड़े वर्गों को 32 प्रतिशत आरक्षण देता है, एनसीबीसी ने ऐसा दृष्टिकोण पर जोर दिया जो इन समुदायों में विविधता को ध्यान में रखे।

# अधिकारी बन एमएनसी की पूर्व निदेशक से 25 करोड़ ठगे

**मुंबई, एजेंसी**

- पीड़िता ने अपनी और अपने मां के शेयर बेचे, म्यूचअल फंड से राशि निकाली और गोल्ड लोन लेकर ठगों के बताए खाते में डाला

महाराष्ट्र में एमएनसी की पूर्व निदेशक से साइबर धोखेबाजों ने 25 करोड़ ठग लिए। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि मुंबई की महिला को धोखेबाजों ने पुलिस और सीबीआई अधिकारी बताकर कहा कि धन शोधन के मामले में उसके खिलाफ जांच चल रही है। यह मामला हाल के समय में लोगों को निशाना बनाकर की गई सबसे बड़ी साइबर धोखाधड़ी में से एक है।

पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने जालसाजों को पैसे चुकाने के लिए अपनी और अपने मां के शेयर बेच दिए, म्यूचअल फंड में निवेश राशि निकाली और गोल्ड लोन भी लिया। यह घटनाक्रम छह फरवरी से शुरू होकर दो महीने के दौरान हुआ। पश्चिम मुंबई की शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप पर कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को दूरसंचार विभाग का अधिकारी बताते हुए महिला से कहा कि उसके तीन नंबर बंद कर दिए जाएंगे। पीड़िता ने कारण पूछा तो बताया कि वह पुलिस से उनकी बात करा रहा है। दूसरे व्यक्ति ने पुलिस बनकर कहा उन्हें धन शोधन की शिकायत मिली और पीड़िता का मोबाइल नंबर व आधार कार्ड मामले से संबद्ध है। इसके बाद आरोपी ने दूसरे को कॉल ट्रांसफर की, जिसने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया और कहा कि अगर वह मामले से बाहर निकलना चाहती हैं तो उसे उनके बताये बैंक खाते में पैसे जमा कराने होंगे। जालसाजों ने पीड़िता के नाम पर चालू खाता भी खुलवाया और महिला से उसमें पैसे जमा कराए। पुलिस ने बताया कि महिला ने खाते में 25 करोड़ हस्तांतरित किए। पीड़िता ने मुंबई पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। साइबर थाने ने जांच शुरू की और 31 बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं।

# सट्टेबाजी एप पर आईपीएल प्रसारण में पुलिस ने तमन्ना को किया तलब

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ ने महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी एप्लिकेशन के सहायक एप पर आईपीएल मैच देखने के कथित प्रचार करने के संबंध में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को समन किया है।



वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभिनेत्री तमन्ना को 29 अप्रैल को साइबर प्रकोष्ठ के अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। फेयरप्ले सट्टेबाजी एप पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच को देखने के लिए किए गए प्रचार के संबंध में तमन्ना को तलब किया गया है। अधिकारियों ने इस संबंध में दर्ज कराई गई शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि 2023 में फेयरप्ले सट्टेबाजी एप पर कुछ आईपीएल मैचों का अवैध रूप से प्रसारण किया गया था।

# बिहार : पटना में जदयू नेता की गोली मारकर हत्या

**पटना।** जिले के पुनपुन इलाके में बाइक सवार हमलावरों ने जनता दल(यू) के नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। मसौढ़ी अनुमंडल के पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) कन्हैया सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान सौरव कुमार के रूप में की गई है। उनके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति मुनमुन कुमार घायल हो गए हैं। यह घटना गुरुवार की रात 12 बज कर 15 मिनट पर हुई जब सौरव, मुनमुन के साथ पुनपुन क्षेत्र के परसा बाजार में शादी समारोह से लौट रहे थे। तभी हमलावर आये और उनपर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी।



## आज का मुकाबला

कोलकाता नाइटराइडर्स
बनाम
पंजाब किंग्स
समय : शाम 7 : 30 बजे

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 09 | 430 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (सीएसके) | 08 | 349 |
| ऋषभ पंत (दिल्ली कैपिटल) | 09 | 342 |

### पर्पल कैप


| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 08 | 13 |

# केकेआर के गेंदबाजों पर रहेंगी नजरें

कोलकाता, एजेंसी

खराब फॉर्म से जूझ रही पंजाब किंग्स के सामने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों खासकर 30 लाख डॉलर में खरीदे गए मिचेल स्टार्क पर प्रदर्शन में सुधार का दबाव रहेगा। केकेआर दस अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है जबकि राजस्थान रॉयल्स 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है। केकेआर को अब तक सफलता उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के दम पर मिली है।

पंजाब किंग्स के रूप में उसके सामने अब कमजोर प्रतिद्वंद्वी है जो शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा के बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद अच्छा नहीं खेल सकी है। प्लेआफ की दौड़ से पंजाब लगभग बाहर ही है। केकेआर के लिए शीर्षक्रम पर सुनील नारायण (176.54 की स्ट्राइक रेट से 286 रन) और फिल साल्ट (169.38 की औसत से 249 रन) ने शानदार प्रदर्शन किया है। आंद्रे रसेल (184.52 की स्ट्राइक रेट से 155 रन) और कप्तान श्रेयस अय्यर (126 की स्ट्राइक रेट से 190 रन) ने भी रन बनाए हैं। रिंकू सिंह ने टूर्नामेंट में सात मैचों में 67 गेंदें ही खेली है और 160 के करीब रन बना लिए हैं।





• खराब फॉर्म से जूझ रही है पंजाब किंग्स, अब तक बल्लेबाजी के दम पर जीत रही है केकेआर की टीम

वहीं, दूसरी ओर स्टार्क 11.48 की इकॉनॉमी रेट से रन लुटा रहे हैं और उन्हें छह ही विकेट मिल सके हैं। उन्हें 24 करोड़ 75 लाख रूपये में खरीदा गया था और अब उन पर इस रकम के साथ न्याय करने का दबाव होगा। स्टार्क का भरोसा अपनी रफ्तार पर रहा है और वह धीमी गेंद डालने को तैयार नहीं है जिससे बल्लेबाज डैथ ओवरों में उन्हें आसानी से खेल पा रहे हैं।


अगर, पंजाब को जीत की राह पर लौटना है तो केकेआर की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाना होगा। पंजाब के शीर्षक्रम के बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, रिली रोसोयू और बेयरस्टो फॉर्म में नहीं हैं। आशुतोष और शशांक के बल्ले से ही रन निकल रहे हैं। पंजाब खेमा उम्मीद कर रहा होगा कि शिखर धवन कंधे की चोट से उबरकर जल्दी वापसी करें।

# विशी सर नहीं होते तो आज यहां नहीं होता : गुकेश

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय शतरंज स्टार डी गुकेश ने उनके कैरियर को निखारने में अहम भूमिका निभाने वाले महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को धन्यवाद देते हुए गुरुवार को कहा कि अगर आनंद नहीं होते तो वह आज जिस मुकाम पर हैं, उसके करीब भी नहीं होते।

17 बरस के गुकेश ने टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैम्पियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा। वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे। आनंद के बाद कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले गुकेश ने स्वदेश लौटने के बाद कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है। विश्वनाथन आनंद मेरे प्रेरणास्रोत हैं और उनकी अकादमी से काफी फायदा मिला। उन्होंने मेरे कैरियर में अहम भूमिका निभाई और आज मैं जिस मुकाम पर हूं उसके करीब भी नहीं होता अगर वह नहीं होते। गुकेश ने 2020 में स्थापित वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में अभ्यास किया है। लिरेन के खिलाफ मुकाबले के बारे में उन्होंने कहा सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि मैं तैयारी कैसे करता हूं। मुझे सही मानसिक तैयारी के साथ उतरना होगा क्योंकि यह बड़ा मैच है। काफी अपेक्षाएं हैं और बहुत कुछ दाव पर है। मुझे खुद पर पूरा भरोसा है और मैं इसी रणनीति के साथ खेलूंगा। उम्मीद है कि यह कारगर साबित होगी।



स्वदेश लौटने पर परिवार से मिलते डी गुकेश। ● एजेंसी

• टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर रचा था इतिहास

• साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को देंगे चुनौती

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 | +0.698 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.577 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.148 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.415 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.386 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.974 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.227 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.292 |
| बेंगलुरु | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.721 |

## इंपैक्ट खिलाड़ी नियम से हरफनमौला की भूमिका खतरे में : अक्षर

**नई दिल्ली।** बायें हाथ के बेहतरीन स्पिनर होने के साथ सक्षम बल्लेबाज अक्षर पटेल का मानना है कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ अक्षर ने 43 गेंद में 66 रन बनाए और कप्तान ऋषभ पंत के साथ दिल्ली कैपिटल्स को संकट से निकालकर चार विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया। दिल्ली ने यह मैच चार रन से जीता। अक्षर ने कहा एक हरफनमौला होने के नाते मेरा मानना है कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। हर टीम इंपैक्ट खिलाड़ी के तौर पर विशुद्ध बल्लेबाज या गेंदबाज चाहती है। हरफनमौलाओं का इस्तेमाल नहीं हो रहा है।



# हैदराबाद के घर में जीती आरसीबी

## स्पिनरों के दम पर 35 रनों से मैच जीतकर बेंगलुरू ने बरकरार रखी प्लेऑफ की उम्मीद

हैदराबाद, एजेंसी

विराट (51), रजत पाटीदार (50) और कैमरन ग्रीन (37) की आतिशी पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 41वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 35 रनों हरा दिया है। इस जीत के साथ ही आरसीबी ने शीर्ष चार में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है।

207 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में ट्रैविस हेड (1) का विकेट गवां दिया। उसके बाद चौथे ओवर में अभिषेक शर्मा 13 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 31 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। एडन मारक्रम (7), नितीश कुमार रेड्डी (13), हाइनरिक क्लासन (7), अब्दुल समद (10), भुवनेश्वर कुमार (13) रन बनाकर आउट हुए। हैदराबाद के बल्लेबाजों विकेट गिरने के बावजूद 10 रनों की औसत को बनाये रखा। लेकिन लगातार गिरते विकेटों के कारण वे आखिरी ओवरों में 10 रनों की औसत काम कामय नहीं रख सके। कप्तान पैट कमिंस ने 15 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुये 31 रन बनाए। शाहबाज अहमद 37 गेंदों में 40 रन और जयदेव उनादकट आठ रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 171 रन ही बना सकी और मुकाबला 35 रनों से हार गई। बेंगलुरु की ओर से कैमरन ग्रीन, स्वप्निल सिंह और कर्ण शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। यश दयाल और विल जैक्स ने एक-एक बल्लेबाज को किया आउट।

इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 207 रनों का लक्ष्य दिया था। राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। विराट कोहली और फाफ डुप्लेसी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। थंगारसु नटराजन ने डुप्लेसी को आउट कर हैदराबाद को पहली सफलता दिलाई। डुप्लेसी ने 12 गेंदों में 25 रनों की पारी खेली। सातवें ओवर में मयंक मार्कंडेय ने विल जैक्स (6) पर बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। 13वें ओवर में उनादकट ने रजत पाटीदार को आउट कर दिया। रजत ने 20 गेंदों में 50 रन बनाए। महिपाल लोमरोर (7), दिनेश कार्तिक (11) बनाकर आउट हुए। स्वप्निल सिंह नाबाद 12 रन और कैमरन ग्रीन ने 20 गेंदों में पांच चौकों की मदद से नाबाद 37 रन बनाए।



लीग मैचों में अब तक मिली दूसरी जीत का जश्न मनाते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**6** लगातार हार के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को हासिल हुई जीत, अंकतालिका में अंतिम पायदान पर है बेंगलुरू की टीम

**बेंगलुरु 206/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कैच समद बोल्ड उनादकट | 51 | 43 | 4/1 |
| डुप्लेसी कैच मारक्रम बोल्ड नटराजन | 25 | 12 | 3/1 |
| विल जैक्स बोल्ड मार्कंडेय | 6 | 9 | 0/0 |
| पाटीदार कैच समद बोल्ड उनादकट | 50 | 20 | 2/5 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 37 | 20 | 5/0 |
| लोमरोर कैच कमिंस बोल्ड उनादकट | 7 | 4 | 1/0 |
| दिनेश कार्तिक कैच समद बोल्ड कमिंस | 11 | 6 | 2/0 |
| स्वप्निल कैच अभिषेक बोल्ड नटराजन | 12 | 6 | 1/1 |

**गेंदबाजी :** अभिषेक 1-0-10-0, भुवनेश्वर 1-0-14-0, कमिंस 4-0-55-1, नटराजन 4-0-39-2, शाहबाज 3-0-14-0, मयंक 3-0-42-1, उनादकट 4-0-30-3

**हैदराबाद 171/8** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक कैच कार्तिक बोल्ड दयाल | 31 | 13 | 3/2 |
| ट्रैविस हेड कैच कर्ण बोल्ड जैक्स | 1 | 3 | 0/0 |
| एडन मारक्रम पगबाधा स्वप्निल | 7 | 8 | 1/0 |
| नितीश कुमार रेड्डी बोल्ड कर्ण | 13 | 13 | 0/1 |
| क्लासन कैच ग्रीन बोल्ड स्वप्निल | 7 | 3 | 0/1 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 40 | 37 | 1/1 |
| अब्दुल समद कैच आउट कर्ण | 10 | 6 | 0/1 |
| कमिंस कैच सिराज बोल्ड ग्रीन | 31 | 15 | 1/3 |
| भुवनेश्वर कैच सिराज बोल्ड ग्रीन | 13 | 13 | 3/0 |
| जयदेव उनादकट नाबाद | 8 | 10 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** सिराज 4-0-20-0, यश दयाल 3-0-18-1, स्वप्निल सिंह 3-0-40-2, कर्ण 4-0-29-2 फर्ग्युसन 2-0-28-0, कैमरन ग्रीन 2-0-12-2

## खेल डायरी

### एवर्टन से 2-0 से हार के बाद लिवरपूल की प्रीमियर लीग खिताब जीतने की उम्मीद को लगा झटका

**लिवरपूल।** एवर्टन से 2-0 से हारने के बाद लिवरपूल की प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब जीतकर जर्गेन क्लोप को शानदार विदाई देने की उम्मीदों को करारा झटका लगा। एवर्टन के लिए जाराड ब्रांथवेट और डोमिनिक कालवर्ट लिविन ने गोल दागे। हार के बाद क्लोप ने कहा मैं इस हार के लिए माफी ही मांग सकता हूं। हम बेहतर खेल सकते थे लेकिन नहीं खेले और यही वजह है कि हार गए। इस हार से लिवरपूल अब शीर्ष पर काबिज आर्सनल से तीन अंक पीछे दूसरे स्थान पर है। मौजूदा चैंपियन मैनचेस्टर सिटी उससे एक ही अंक पीछे है। वहीं एक अन्य मैच में मैनचेस्टर युनाइटेड ने शेफील्ड युनाइटेड को 4-2 से हराया। युनाइटेड अब तालिका में छठे स्थान पर है। बोर्नमाउथ ने वोल्व्स को 1-0 से मात दी।

### दिल्ली के गेंदबाज रसिख सलाम को फटकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम दर को गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में एक विकेट लेने के बाद आक्रामक जश्न मनाने के लिए फटकार लगाई गई है। बुधवार को अरूण जेटली स्टेडियम पर खेला गया मैच दिल्ली ने चार रन से जीता। इस दौरान रसिख को आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.5 के लेवल एक के अपराध का दोषी पाया गया जो ऐसी भाषा के इस्तेमाल या हरकत या भाव भंगिमा से संबंधित है जिससे दूसरे खिलाड़ी को उकसाया जा सकता है।

### ओसाका मटुआ मैड्रिड ओपन के अगले दौर में

**मैड्रिड।** जापान की स्टार टेनिस खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने विजयी वापसी करते हुए बेल्जियम के टेनिस खिलाड़ी ग्रीट मिन्नेन को हराकर मटुआ मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में दूसरे दौर में पहुंच गई है। अरांटेक्सा सांचेज स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मैच में पूर्व विश्व नंबर वन खिलाड़ी ओसाका ने 79 मिनट तक चले मुकाबले में बेल्जियम की ग्रीट को 6-4, 6-1 से हराया। उल्लेखनीय है कि ओसाका बेटी शाई को जन्म देने के कारण पिछले सत्र में नहीं खेल पायी थी।

### बिस्माह मारूफ ने क्रिकेट से लिया संन्यास



**कराची।** पाकिस्तान महिला टीम की पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने तत्काल प्रभाव से क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। मारूफ ने कहा मैंने उस खेल से संन्यास लेने का फैसला किया है जो मुझे सबसे अधिक पसंद है। यह चुनौतियों, जीत और अविस्मरणीय यादों से भरी एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। मैं अपने परिवार के प्रति आभार व्यक्त करना चाहती हूं, जिन्होंने शुरू से लेकर अब तक मेरी क्रिकेट यात्रा में मेरा समर्थन किया है। उन्होंने कहा मैं मुझ पर विश्वास करने और मेरी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भी धन्यवाद देना चाहती हूं।

### रिजवान और नियाजी टी-20 शृंखला से बाहर

**कराची।** चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और इरफान खान नियाजी न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टी-20 शृंखला के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। पीसीबी ने कहा है कि उन्हें दोनों की रेडियोलॉजी रिपोर्ट्स मिली हैं और दोनों को टी-20 शृंखला से बाहर करने का फैसला किया है। नियाजी को उस मैच में किसी तरह की तकलीफ में नहीं देखा गया था, लेकिन पता चला है कि उनकी भी मांसपेशियों में खिंचाव है।

### विवाद सुलझाएं या फिर निलंबन झेले पाकिस्तान

**कराची।** अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने पाकिस्तान सरकार और खेल की कमान के लिए लड़ रहे दो महासंघों से गुरुवार तक विवाद सुलझाने या निलंबन का सामना करने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है। पीएचएफ अधिकारी ने बताया कि एफआईएच ने साफ तौर पर कहा है विवाद सरकार की मदद से खत्म हो जाना चाहिए वरना पाकिस्तान को निलंबन का सामना करना पड़ सकता है।

## महिला फुटबॉल खिलाड़ियों के पंजीकरण में बढ़ोतरी : एआईएफएफ

नई दिल्ली, एजेंसी



पिछले दो वर्षों में भारतीय फुटबॉल में महिला खिलाड़ियों के पंजीकरण में 138 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है जो इस खेल की लोकप्रियता में वृद्धि का संकेत है, साथ ही इससे पता चलता है कि फुटबॉल को पेशेवर रूप से चुनने वाली युवा महिला खिलाड़ियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की केंद्रीय पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) के आंकड़ों के अनुसार मार्च 2024 तक भारत में पंजीकृत महिला फुटबॉलरों की संख्या 27,936 हो चुकी है। वहीं जून 2022 में पंजीकृत महिला फुटबॉलरों की संख्या 11,724 थी। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा कि भारत में यह एक बहुत ही सकारात्मक चीज हुई है। हमारे फुटबॉल तंत्र में 16,212 महिला खिलाड़ियों का बढ़ना बहुत ही उत्साहजनक संकेत है।

# तीरंदाजी विश्व कप : रिकर्व पुरूष टीम फाइनल में

शंघाई, एजेंसी

भारत के तरूणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा और प्रवीण जाधव ने तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में पुरूषों के रिकर्व फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया। फाइनल में उनका सामना ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया से होगा। भारत ने महिला कंपाउंड वर्ग में भी पदक पक्का कर लिया। भारतीय पुरूष रिकर्व टीम ने इटली को 5.1 से हराया। अब उसका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से होगा।

कोरियाई टीम में तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन, ली वू सियोक और किम जि डियोक हैं। कोरिया ने चीनी ताइपै के तान चिह चुन, लिन जिह सियांग और ताइ यू सुआन को 6.0 से हराया। कंपाउंड वर्ग में पूर्व विश्व चैंपियन प्रियांश और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम व्यक्तिगत सेमीफाइनल में पहुंच गए। भारतीय पुरूष रिकर्व टीम को पहले दौर में बाय मिला था जिसके बाद उसने 15वीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया को 5.3 से मात दी। अगले मैच में स्पेन को 5.1 से हराया।



• महिला कंपाउंड वर्ग में भी पदक पक्का, ज्योति और प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचीं

पहले दौर में बाय मिलने के बाद अगले मैच में भारतीयों ने दूसरे सेट में 3.1 की बढत बनाने के बाद मुकाबला गंवा दिया। बाद में विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता ज्योति ने हमवतन अवनीत कौर को 143-142 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना एस्तोनिया की मीरी मार्शिया पास से होगा। भारत की मौजूदा विश्व चैंपियन अदिति स्वामी को मैक्सिको की शीर्ष वरीयता प्राप्त आंद्रिया बेसेरा ने 144-142 से हराया। 14वीं वरीयता प्राप्त प्रियांश ने तुर्की के बी अकाओग्लू को शूटआफ में मात दी। अब उनका सामना अमेरिका के निक कैपर्स से होगा।

# राहुल बनाम संजू, हार्दिक का फॉर्म चिंता का सबब

नई दिल्ली, एजेंसी

**टी20 विश्व कप**

जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जा सकता है लेकिन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या का खराब फॉर्म चिंता का सबब बना हुआ है जबकि दूसरे विकेटकीपर की जगह के लिये संजू सैमसन से केएल राहुल आगे चल रहे हैं।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिए टीम चुनते समय दुविधा अतिरिक्त गेंदबाज की भी होगी। यह देखना होगा कि तेज गेंदबाज आवेश खान को चुना जाता है या वेस्टइंडीज की धीमी पिचों को देखते हुए लेग स्पिनर रवि बिश्नोई या हरफनमौला अक्षर पटेल को। समझा जाता है कि कप्तान रोहित शर्मा चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर से मुलाकात कर सकते हैं। आईसीसी ने टीम चुनने के लिए एक मई की समय सीमा दी है। बीसीसीआई इस सप्ताह के आखिर में या अगले सप्ताह की शुरूआत में टीम का ऐलान कर सकता है।

केटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपनी जगह पक्की कर ली है। दूसरे विकेटकीपर के लिए केएल राहुल और संजू सैमसन के बीच मुकाबला है। गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव की जगह लगभग पक्की है। राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश, दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर अक्षर और



## युगांडा के खिलाड़ी सबसे बड़े मौके के लिए तैयार : रमजानी

**मुंबई।** बल्लेबाजी आल राउंडर अल्पेश रमजानी का मानना है कि युगांडा के आत्मविश्वास से भरे क्रिकेटर आगामी टी20 विश्व कप के दौरान जिंदगी के सबसे बड़े मौके का फायदा उठाने के लिये तैयार हैं। पिछले साल नवंबर में युगांडा ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप अफ्रीका क्षेत्र के क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन करके नामीबिया के बाद दूसरे स्थान पर रहकर पहली दफा इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। इस दौरान युगांडा ने मजबूत क्षेत्रीय टीम जिम्बाब्वे को भी पराजित किया।

रमजानी ने गुरुवार को वानखेडे स्टेडियम में मीडिया से कहा यह बहुत ही बड़ा अनुभव होने वाला है। लेकिन साथ ही यह जिंदगी का सबसे बड़ा मौका भी होगा जब आप ऐसे खिलाड़ियों के खिलाफ खेलोगे जिनकी तरह आप बनने की ख्वाहिश रखते हो। हमारे लिए यह बहुत ही बड़ा मौका है क्यों कि हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ लीग में खेलने की तमन्ना रखते हैं, साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली और रेलवे के पूर्व क्रिकेटर अभय शर्मा को राष्ट्रीय टीम का कोच नियुक्त करने से युगांडा के खिलाड़ियों काफी फायदा मिलेगा। टीम के लिए एक एशियाई कोच लाना शानदार होगा।

## बॉलीवुड हलचल

### पुष्पा द रूल का प्रोमो गाना रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म 'पुष्पा द रूल' का प्रोमो गाना रिलीज हो गया है। फिल्म 'पुष्पा : द राइज' ने बॉक्स-ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। अब इस फिल्म का सीक्वल पुष्पा : द रूल बनाया जा रहा है। पुष्पा : द रूल का प्रोमो गाना रिलीज कर दिया गया है। यह गाना देवी श्री प्रसाद उर्फ रॉकस्टार डीएसपी द्वारा कंपोज किया गया है। सोशल मीडिया पर निर्माताओं ने कैप्शन दिया, # पुष्पा 2 फर्स्टसिंगल पुष्पा पुष्पा 1 मई को 11 :07 बजे रिलीज होगा।





### मैं कौन हूं में नजर आएंगी काजल

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री काजल राघवानी फिल्म मैं कौन हूं में काम करती नजर आएंगी। मृत्युंजय श्रीवास्तव निर्देशित फिल्म मैं कौन हूं की शूटिंग उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर, विंध्याचल और बस्ती में पूरी हो चुकी है। मैं कौन हूं में काजल राघवानी और संजय पांडेय अहम किरदार में हैं। फिल्म निर्माता हैं देवांश इंटरप्राइज और सिनेमेटोग्राफर नित्यानंद त्रिपाठी (नीरज), वहीं नृत्य निर्देशन संजय कोर्बे और उधारी यादव ने किया है। मारधाड़ आरके श्री का है, वहीं संगीत एस कुमार ने दिया है। मैं कौन हूं में काजल राघवानी, आनंद चतुर्वेदी, संजय पाण्डेय आदि होंगे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, **कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# विधेयक मंजूर होने के बाद पांच हजार भारतीयों को रवांडा भेजने का फरमान

## अवैध तरीके से ब्रिटेन पहुंचे थे भारतीय शरणार्थी, जून से अफ्रीकी देश रवांडा भेजा जाएगा

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन की संसद में रवांडा विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद शरणार्थियों की मुश्किलें बढ़ना शुरू हो गई है। पीएम ऋषि सुनक ने शरणार्थी का दर्जा पाने के लिए कतार में लगे लगभग 5 हजार अवैध भारतीयों को अफ्रीका भेजने का फरमान जारी किया है। इन्हें जून से अफ्रीकी देश रवांडा भेजा जाएगा।

5 हजार भारतीयों में ऐसे लोग भी शामिल हैं जो वैध रूप से ब्रिटेन आए थे और फिर शरणार्थी का दर्जा पाने के लिए आवेदन किया था। इनमें ऐसे भारतीय भी हैं जो 1 जनवरी, 2022 के बाद इंग्लिश चैनल पार कर अवैध रूप ब्रिटेन घुसे थे। फिलहाल, यूके के डिटेंशन सेंटरों में रह रहे इन भारतीयों पर अनिश्चित भविष्य का खतरा मंडरा रहा है। सुनक ने इन 5 हजार भारतीयों की शरणार्थी के दर्जे की अर्जी खारिज कर दी है। गौरतलब है कि, ब्रिटेन में शरणार्थी का दर्जा मांगने वाले 5 हजार भारतीयों में से 60 फीसदी की उम्र 18 से 29 साल है।

इनमें से 1200 ने ब्रिटेन में आने के लिए 2023 में जोखिम भरे इंग्लिश चैनल को नावों से पार किया था। इंग्लिश चैनल के मार्ग से अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचने वाले भारतीयों की संख्या साल दर साल बढ़ रही है। इस मार्ग से 2022 में 849 भारतीय अवैध रूप से ब्रिटेन में पहुंचे थे।

ब्रिटेन के गृह मंत्रालय के अनुसार 2024 में लगभग 2 हजार भारतीयों के इंग्लिश चैनल रूट से ब्रिटेन आने की आशंका है। बता दें, रवांडा में कभी भी ब्रिटेन का राज नहीं रहा, लेकिन 2009 में ये राष्ट्रमंडल में शामिल हुआ। रवांडा ब्रिटेन से सालाना 5 हजार करोड़ रुपये का ग्रांट लेता है।



### शरणार्थी कभी भी नहीं लौट पाएंगे ब्रिटेन

रवांडा में पांच साल का एग्रीमेंट होगा। किसी आवेदक को शरणार्थी का दर्जा मिलने पर दो विकल्प होंगे। पहला आगे की जिंदगी रवांडा में ही गुजराना, दूसरा- किसी भी दूसरे देश में शरण मांगनी पड़ेगी। सुनक ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सूरत में कोई भी शरणार्थी ब्रिटेन लौट नहीं पाएगा। बता दें, हर शरणार्थी के लिए रवांडा को 63 लाख रुपये मिलेंगे। सभी देशों के शरणार्थियों के लिए 18,900 करोड़ मिलेंगे।

### क्या है रवांडा शरणार्थी विधेयक और क्यों हो रहा था इसका विरोध

ब्रिटेन में अवैध रूप से आने वाले शरणार्थियों खासकर आपराधिक गैंग्स द्वारा छोटी नौकाओं में जिन लोगों को ब्रिटेन भेजा जाता था, उन्हें रोकने के लिए रवांडा शरणार्थी विधेयक लाया गया था। इस विधेयक के तहत अवैध रूप से ब्रिटेन आने वाले शरणार्थियों को ब्रिटेन की सरकार अफ्रीकी देश रवांडा भेजेगी। रवांडा ये शरणार्थी ब्रिटेन की नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे। जिन लोगों के आवेदन स्वीकार हो जाएंगे, उन्हें ब्रिटेन बुलाकर नागरिकता दे दी जाएगी। वहीं जिन लोगों को आवेदन स्वीकार नहीं होंगे, वे या तो रवांडा में ही बसने के लिए आवेदन कर सकेंगे या फिर किसी तीसरे देश में शरण मांग सकेंगे। नीति के तहत 1 जनवरी 2022 से अवैध रूप से ब्रिटेन आने वाले लोगों को रवांडा भेजा जाना शुरू किया जाना था। हालांकि अभी तक इसकी शुरुआत नहीं हो सकी है। अब जब कानून संसद से पारित हो गया है तो माना जा रहा है कि जल्द ही रवांडा के लिए पहली उड़ान शुरू हो जाएगी। रवांडा बिल के तहत ब्रिटेन की सरकार ने रवांडा की सरकार के साथ प्रवासन संधि पर हस्ताक्षर किए हैं।



## प्रशिक्षण के दौरान वायुसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त

**जैसलमेर।** राजस्थान के जैसलमेर में भारतीय वायुसेना का एक टोही विमान पिथला गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भारतीय वायुसेना ने कहा कि किसी भी जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। आईएएफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय वायु सेना का एक रिमोट संचालित विमान आज नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान जैसलमेर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायुसेना ने आगे कहा कि किसी भी कर्मी या संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का निर्देश दिया गया है।

## यमन की जेल में 11 साल से हत्या के मामले में मौत की सजा काट रही बेटी से मिलने पहुंची भारतीय मां

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** यमन जेल में 11 सालों से बंद अपनी बेटी से मिलने भारत से उनकी मां मिलने पहुंची। दोनों बहुत देर तक एक दूसरे को गले से लगाकर रोते रहे। जेल में उपस्थित अन्य लोग भी उनको देख भावुक हो उठे, अपनी बेटी से मिलने के बाद मां ने एक वीडियो जारी कर बताया कि उन्हें नहीं लगा था कि वह कभी उसे देख पाएंगी। बेटी हत्या के आरोप में यमन जेल में मौत की सजा काट रही है। बुधवार का दिन यमन जेल में 11 साल बाद एक मां-बेटी के मिलन का गवाह बना। यमन जेल में पिछले 11 साल से निमिषा प्रिया एक यमन नागरिक की हत्या के आरोप में सजा काट रही हैं। उनकी मां जो कि भारत में रहती हैं, वे कई सालों उससे मिलने के लिए प्रयास कर रहीं थी। पिछले साल दिसंबर में उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर यमन जाने की अनुमति मांगी थी, ताकि वे अपनी बेटी की मौत की सजा माफ करवा सकें। अनुमति मिलने के बाद वह भारत से यमन गईं। उन्होंने अपनी बेटी से मिलने की अनुमति मांगी थी। अपनी बेटी से मिलकर जेल से लौटी निमिषा प्रिया की मां प्रेमा कुमारी ने एक वीडियो के जरिए अपनी भावना बयां करते हुए भारत और यमन सरकार को शुक्रिया भी कहा है।

# भारत से व्यापार शुरू करे पाकिस्तान, उद्यमियों की मांग

इस्लामाबाद, एजेंसी

- आर्थिक संकट से जूझ रहे पड़ोसी देश के कारोबारियों ने शहबाज से व्यापार वार्ता का किया आग्रह



प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ बैठक के दौरान पाकिस्तान कारोबारी नेताओं ने व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने का आग्रह किया। नेताओं ने कहा कि इस कदम से नकदी संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा।

कराची के व्यापारिक समुदाय ने आर्थिक मुद्दों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की सराहना की, लेकिन उन्हें अर्थव्यवस्था का कायापलट करने के लिए राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान केंद्रित करने की भी सलाह दी।

बता दें, प्रधानमंत्री अर्थव्यवस्था में सुधार के तरीके खोजने के लिए व्यापारिक समुदाय के साथ बैठक कर रहे थे। उद्यमी आरिफ हबीब ने कहा कि कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ हाथ मिलाए हैं, जिनके अच्छे परिणाम सामने हैं।

आइएमएफ सौदे पर प्रगति उनमें से एक है। मेरा सुझाव है कि आप कुछ और हाथ मिलाएं। बैठक समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री ने आर्थिक पुनरुद्धार के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण का संकेत देते हुए, देश भर के हितधारकों के साथ जुड़ने का अपना संकल्प दोहराया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने वादा किया कि वो जल्द ही देश भर के व्यापारियों को इस्लामाबाद में आमंत्रित करेंगे और उनके साथ तब तक बैठेंगे जब तक कि सभी मुद्दे हल नहीं हो जाते।

उद्यमी आरिफ हबीब ने कहा कि, मेरा सुझाव है कि आप कुछ और समझौते करें। उनमें से एक भारत के साथ व्यापार को लेकर है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। दूसरा आपको अदियाला जेल में रह रहे (पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ़ के नेता इमरान खान) के साथ भी (हाथ मिलाना ) करना चाहिए। उस स्तर पर भी चीजों को ठीक करने का प्रयास करें और मुझे विश्वास है कि आप यह कर सकते हैं।

## एक नजर

### दिल्ली: पैसे के विवाद में युवक को आठवीं मंजिल से फेंका, मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली में पैसों के विवाद को लेकर एक व्यक्ति का अपहरण कर उसे इमारत की आठवीं मंजिल से फेंककर उसकी हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी अहमद सलमान और धर्मेश मलिक को गिरफ्तार कर लिया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय भाटिया ने कहा, हमें पता चला कि पीड़ित चंदन ने मलिक से उच्च ब्याज पर 9 लाख रु. लिए थे, लेकिन वह वापस नहीं कर सका, जिसके कारण मलिक और उसके सहयोगी उस पर दबाव डाल रहे थे। नाराज आरोपियों ने मृतक चंदन को 20 अप्रैल को अगवा कर गुरुवार को बहुमंजिला इमारत से फेंक दिया, जिससे उसकी हत्या हो गई, पुलिस ने मामले दो आरोपियों को हिरासत में लिया है, और आगे की कार्रवाई कर रही है।

### नाइजीरिया की एक जेल से 100 से अधिक कैदी फरार, 10 को पकड़ा

**अबुजा।** नाइजीरिया की राजधानी अबुजा में रात भर हुई भारी बारिश के बाद एक जेल का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिसमें जगह बनाकर 100 से अधिक कैदी फरार हो गए। जेल अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियां फरार कैदियों की तलाश में जुटी हुई हैं। जेल के प्रवक्ता एडमू दुजा के अनुसार, बुधवार रात कई घंटों तक हुई भारी बारिश जेल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया जिसके परिणामस्वरूप कुल 118 कैदी फरार हो गए। दुजा ने कहा कि 10 कैदियों को फिर पकड़ लिया गया है और शेष कैदियों की तलाश जारी है।

### लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के हाथ एक बड़ी सफलता लगी है। एजेंसी ने पिछले साल मार्च में लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले से संबंधित एक मामले में गुरुवार को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। जारी बयान में कहा गया कि ब्रिटेन के हाउंस्लो निवासी इंद्रपाल सिंह गाबा को गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दरअसल, पिछले साल 22 मार्च लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन हुए थे। मामले में एनआईए की अब तक की जांच से पता चला है कि पिछले साल 19 और 22 मार्च को लंदन में हुई घटनाएं भारतीय मिशनों और उसके अधिकारियों पर हमला करने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थीं। इसमें कहा गया कि मार्च 2023 में लंदन में हुए हमले खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस की गई कार्रवाई का बदला थे।

## हेल्थ सर्जरी के दौरान युवक की मौत, जांच का आदेश

**चेन्नई।** हेल्थ सर्जरी के दौरान पैदा हुई कथित जटिलताओं के कारण पुडुचेरी के एक युवक की निजी अस्पताल में मौत हो गई, जिसके बाद तमिलनाडु के स्वास्थ्य विभाग ने जांच का आदेश दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को कहा है कि, मुथियालपेट निवासी 26 वर्षीय युवक का वजन 150 किलो था और उसे 21 अप्रैल को पम्माल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। युवक के पिता सेल्वानाथन ने बताया कि बेटे को मेटाबोलिक और बैरियेट्रिक सर्जरी के लिए ऑपरेशन थियेटर में ले जाया गया। उन्होंने शिकायत में कहा कि सर्जरी शुरू होने के कुछ मिनट बाद शरीर में जटिलताएं पैदा होने के बाद दूसरे निजी अस्पताल भर्ती किया गया। जहां उकी मृत्यु हो गई। मामले की गंभीरता को देखकर स्वास्थ्य विभाग ने जांच के आदेश दिए हैं।

# अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की तैनाती के खिलाफ प्रस्ताव पर रूस का वीटो

वाशिंगटन, एजेंसी

- रूस के रवैय से बौखलाया अमेरिका, कहा सैटेलाइट ले जाने वाले हथियार विकसित कर रहा है रूस



रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में बाहरी अंतरिक्ष संधि के प्रस्ताव को वीटो लगाकर रोक दिया। इससे अमेरिका नाराज हो गया है। अमेरिका ने रूस पर आरोप लगाया है कि रूस सैटेलाइट ले जाने वाले परमाणु हथियार को विकसित कर रहा है और इसी वजह से उन्होंने इस प्रस्ताव को वीटो किया।

बाहरी अंतरिक्ष संधि के तहत अंतरिक्ष में खतरनाक हथियारों जिनमें परमाणु हथियार भी शामिल हैं, उनकी तैनाती पर रोक लगाने की तैयारी थी। हालांकि रूस के वीटो के कारण अमेरिका की यह मंशा पूरी नहीं हो सकी। बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने एक बयान में कहा कि 'जैसा कि हमने पहले भी नोटिस किया है, रूस, सैटेलाइट ले जाने वाले परमाणु हथियारों को विकसित कर रहा है। हमने सुना है कि राष्ट्रपति पुतिन ने सार्वजनिक तौर पर कहा कि रूस के अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों को तैनात करने की कोई योजना नहीं है। अगर ऐसा है तो रूस ने इस प्रस्ताव के खिलाफ वीटो क्यों किया।' सुलिवन ने कहा कि 'अमेरिका और जापान द्वारा संयुक्त रूप से लाए गए प्रस्ताव से यह तय हो जाता कि अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की तैनाती मौलिक दायित्वों के खिलाफ है। प्रस्ताव में सदस्य देशों से पृथ्वी की कक्षा में तैनात किए जा सकने वाले परमाणु हथियार न बनाने की भी मांग की गई थी। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि 'पृथ्वी की कक्षा में परमाणु हथियारों की तैनाती से संचार, वैज्ञानिक, मौसमी, कृषि, व्यवसायिक और राष्ट्रीय सुरक्षा सेवाओं के बाधित होने का खतरा है।

## सलमान के आवास के बाहर गोलीबारी मामले में 2 और आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर हाल ही में हुई गोलीबारी के मामले में मुंबई पुलिस ने गुरुवार को पंजाब से दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी सुभाष चंद्र और अनुज थापन ने हमलावरों को हथियार मुहैया कराए थे। उन्होंने कहा कि, दोनों को अपराध शाखा की एक टीम पंजाब से मुंबई ला रही है। शुक्रवार को दोनों को कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस ने कहा- चंद्र और थापन 15 मार्च को दो देशी पिस्तौल और 38 कारतूस सौंपने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, दो अन्य गिरफ्तार आरोपियों की मुंबई की एक अदालत पुलिस हिरासत 29 अप्रैल तक बढ़ा दी है। दोनों आरोपियों को 16 अप्रैल को गुजरात के कच्छ जिले के माता नो मध गांव से हिरासत में लिया था।

# इनहेरिटेंस टैक्स... आइए जानें क्या है विरासत कर

*इनहेरिटेंस टैक्स पर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान के बाद भाजपा हमलावर है, तो कांग्रेस बैकफुट पर है। आइए जानते हैं कि इनहेरिटेंस टैक्स या विरासत कर क्या है? क्या भारत में इसे लेकर कोई प्रावधान है, दुनिया में इसे लेकर क्या नियम हैं...*




### किन-किन देशों में कानून निरस्त हुआ

भारत के अलावा, मैक्सिको ने 1961, कनाडा ने 1972, ऑस्ट्रेलिया ने 1979, इजराइल ने 1980, न्यूजीलैंड ने 1992, स्लोवाक रिपब्लिक व स्वीडन ने 2004, ऑस्ट्रिया ने 2008 और चेक गणराज्य और नॉर्वे ने 2014 में इस कानून को खत्म किया।

### क्या है इनहेरिटेंस टैक्स

यह विरासत में मिलने वाली संपत्ति पर लगने वाला कर है। यह टैक्स किसी व्यक्ति के निधन के बाद उसकी संपत्ति के बंटवारे पर लगता है। दुनियाभर के देशों में इसको लेकर अलग-अलग कानून और अलग-अलग टैक्स स्लैब हैं।

### भारत में क्या है इसका प्रावधान-

करीब चार दशक पहले भारत में भी इनहेरिटेंस टैक्स था। इसे संपत्ति शुल्क या 'डेथ टैक्स' के रूप में जाना जाता था।



यह कानून 1953 में राजस्व बढ़ाने और आर्थिक असमानता कम करने के लिए लाया गया था। हालांकि इसके लागू होने के बाद इसकी तीखी आलोचना हुई। परिवार के मुखिया की मौत होने पर कानूनी उत्तराधिकारी को संपत्ति हस्तांतरित होने पर यह टैक्स लगता था। चाहे वे बेटे-बेटियां हों या पोते-पोतियां। संपत्ति शुल्क अधिनियम 1953 के अनुसार विरासत में मिली संपत्ति अगर 20 लाख से ज्यादा होती थी, तब 85% कर देना पड़ता था। इसके तहत 1984 में 20 करोड़ का टैक्स कलेक्ट हुआ था। 1985 में राजीव गांधी ने इस कानून को खत्म कर दिया था।

### अमेरिका में क्या है प्रावधान

अमेरिका के 6 राज्यों न्यू जर्सी, पेन्सिल्वेनिया, आयोवा, केंटकी, मैरीलैंड और नेब्रास्का में इनहेरिटेंस टैक्स लगता है। हर राज्य में टैक्स की दरें और कानून अलग हैं। न्यूजर्सी में 11% से 16% तक टैक्स है। बाकी 5 राज्यों में 1% से 16% तक टैक्स है। हालांकि लगभग सभी जगह पति-पत्नी, बच्चों, माता-पिता, दादा-दादी, पोते-पोतियों को विरासत में मिलने वाली संपत्ति पर टैक्स में छूट है।

### किन देशों में है यह टैक्स

फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, हंगरी, आइसलैंड, आयरलैंड, इटली, जापान, बेल्जियम (ब्रुसेल्स-राजधानी क्षेत्र), चिली, लिथुआनिया, लक्जम्बर्ग, नीदरलैंड्स, पोलैंड, पुर्तगाल, स्लोवेनिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड और तुर्की में भी इस तरह के टैक्स का प्रावधान है। इन देशों में विरासत के अलावा गिफ्ट में मिलने वाली संपत्ति पर भी टैक्स लगता है।

### देश की सियासी पार्टियों की इस पर क्या है राय

टैक्स वापस लागू करने का विचार दो दशक में कई बार चर्चा में आया। पहली बार 2011 में तत्कालीन गृहमंत्री पी. चिदंबरम ने इस पर सुझाव दिया था। वर्ष 2014 में भाजपा सरकार में वित्त राज्य मंत्री जयंत सिन्हा ने इसे लागू करने की वकालत की। तब उन्होंने कहा था कि यह कर लगने से वंशवादी व्यवसायियों को मिलने वाले फायदे खत्म हो जाएंगे।

## 5 माह बाद खुला रास्ता




**लेह:** भारी बर्फबारी के बाद 21 नवंबर 2023 को बंद हुआ 428 किमी लंबा लेह-मनाली नेशनल हाईवे खुल गया है। इससे सड़क मार्ग से मनाली होकर लद्दाख जा सकेंगे। बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन (बीआरओ) ने रास्ता खोल दिया है। हाईवे पर 15 हजार से 17 हजार फीट ऊंचाई वाले बारालाचा, नाकी, लाचुंग, टेंगलेंग जैसे पास आते हैं, जहां बर्फ हटाना बेहद मुश्किल होता है। यहां 40 से 50 फीट तक बर्फ रहती है। अभी इसे सेना के लिए खोला गया है। पूरे मार्ग का निरीक्षण होने के बाद इसे पर्यटकों के लिए खोला जाएगा। ● एजेंसी

# 19 हजार शिक्षक पात्र, 5 हजार नियुक्तियां संदिग्ध : आयोग

कोलकाता, एजेंसी।

- प. बंगाल स्कूल शिक्षा आयोग ने भर्ती रद होने के बाद कलकत्ता हाईकोर्ट में दी सफाई

पश्चिम बंगाल के हजारों स्कूल शिक्षकों के भविष्य पर तलवार लटक रही है। कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले के बाद 25,700 से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति रद कर दीं हैं। हालांकि, पश्चिम बंगाल स्कूल शिक्षा आयोग ने हाईकोर्ट में कहा है कि केवल 5300 शिक्षकों की नियुक्तियां संदिग्ध हैं। आयोग ने कहा है कि 19,000 शिक्षकों की नियुक्तियां वैध होने की संभावना है। आयोग ने हाईकोर्ट को बताया कि 22 अप्रैल को पारित आदेश के बाद लगभग 19,000 शिक्षकों की भर्ती रद हो सकती है, लेकिन आयोग की तरफ से तय किए गए नियम और शर्तों के मुताबिक इन शिक्षकों की नियुक्तियां वैध हो सकती हैं।

बता दें कि कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक 2016 में हुई शिक्षकों की भर्तियों को रद्द किया जाना है। अदालत का आदेश बरकरार रहने की सूरत में 25,753 शिक्षकों को नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है। हाईकोर्ट ने अपने सख्त आदेश में कहा है कि अवैध नियुक्ति से लाभ पाने वाले शिक्षकों को अपने वेतन भी लौटाने होंगे। फिलहाल, पश्चिम बंगाल सरकार ने इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

**विज्ञान** | स्विट्जरलैंड-बेल्जियम के वैज्ञानिकों ने किया खुलासा, अंटार्कटिक में तीन चौथाई नुकसान की जताई संभावना

# कुछ सालों में सागर में समा जाएंगे लाखों उल्कापिंड

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** अंटार्कटिक की तेजी से पिघलती बर्फ वैज्ञानिकों समेत दुनिया को दोहरा झटका दे रही है। यह जानकारी आ रही है कि बर्फ में जमा उल्कापिंड पिघलती बर्फ में डूब रहे हैं। अगले कुछ वर्षों में लाखों उल्कापिंड बर्फ के साथ सागर में समा जाएंगे।

यह उल्कापिंड खगोलीय अध्ययन में बड़ी भूमिका निभाते आ रहे हैं। पृथ्वी पर लगभग 60 प्रतिशत उल्कापिंड अंटार्कटिका में पाए जाते हैं। ये उल्कापिंड पृथ्वी पर जीवन कैसे उत्पन्न हुआ और अन्य मूलभूत प्रश्नों के बारे में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। मगर अब अंटार्कटिका गर्म हो रहा है और इसकी बर्फ पिघल रही है।

बड़ी चिंता की बात है कि लगभग 5 हजार उल्कापिंड अब सालाना दर से नष्ट हो रहे हैं। इस सदी के अंत तक अंटार्कटिक उल्कापिंडों के तीन चौथाई संभावित नुकसान की संभावना वैज्ञानिक जता रहे हैं। अंटार्कटिक उल्कापिंडों का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिक बर्फ के नीचे गायब होने से पहले अधिक से अधिक उल्कापिंडों को एकत्र करने की योजना बना रहे हैं। इस योजना में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग की जरूरत होगी। वैज्ञानिकों के अनुसार सफेद बर्फ की चादर के ऊपर गहरे रंग के उल्काओं को ढूंढना आसान होता है।

स्विट्जरलैंड और बेल्जियम के वैज्ञानिकों के शोध से यह जानकारी सामने आई है। शोध में कहा गया है कि 2050 तक अंटार्कटिका में अनुमानित 300,000 से 800,000 उल्कापिंड नष्ट हो जायेंगे। पृथ्वी पर जीवन कैसे उत्पन्न हुआ और हमारे चंद्रमा का निर्माण कैसे हुआ। इस खोज में अंटार्कटिक के उल्कापिंडों की बड़ी भूमिका रही है।



अंटार्कटिका।

### अध्ययन में अंटार्कटिक की सबसे बड़ी भूमिका

अंटार्कटिक पृथ्वी का एकमात्र स्थान है, जो विभिन्न अध्ययनों में सहयोग करता है। पृथ्वी की प्रदूषण व शुद्धता का मापन अंटार्कटिक से होता हैं। समुद्र के तापमान व जलस्तर का अध्ययन में भी सहायक है। इनके अलावा बर्फ के ऊपर जमा उल्काओं की मदद से ग्रहों की उत्पत्ति का अध्ययन किया जाता है। यदि इस ध्रुव की बर्फ पिघल गई तो कई बड़े नुकसान हमे भुगतने होंगे।

## नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों को अप्रैल का वेतन देंगी ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुवार को कहा कि वह राज्य सरकार द्वारा संचालित और सहायता प्राप्त स्कूलों के 25 हजार शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को अप्रैल के वेतन का भुगतान करेगी, जिनकी नियुक्तियों को कलकत्ता हाईकोर्ट के एक आदेश में रद कर दिया है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है और फैसला आने तक शिक्षकों वेतन देने का निर्णय लिया गया है। बता दें, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा संचालित और उससे सहायता प्राप्त विद्यालयों में, राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया के जरिए 25,753 शिक्षकों की नियुक्तियों को रद करने का आदेश दिया था।

# कश्मीर मुद्दे का जिक्र करने पर ईरान से की बात : रणधीर

नई दिल्ली, एजेंसी

- पाकिस्तान यात्रा पर आए रईसी ने कहा था, कश्मीर के लोगों की इच्छा के आधार पर मुद्दा सुलझाएं

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की पाकिस्तान यात्रा संपन्न होने पर जारी संयुक्त बयान में कश्मीर का जिक्र होने पर भारत ने गुरुवार को ईरानी अधिकारियों के समक्ष उठाया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, उन्होंने इस मामले को ईरानी अधिकारियों के सामने उठाया है।

पड़ोसी देश के निमंत्रण पर आए राईसी ने संयुक्त बयान में कहा कि कश्मीर मुद्दे को क्षेत्र के लोगों की इच्छा के आधार पर शांतिपूर्ण तरीकों से हल किया जाना चाहिए। ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की पहली पाकिस्तान यात्रा के बाद यह बयान जारी किया गया। रईसी की भारत यात्रा पर रणधीर ने कहा-ईरानी राष्ट्रपति की यात्रा के बारे में उचित समय पर सूचित किया जाएगा।

### शर्तें पूरी होने के बाद स्वदेश लौटेंगे 17 भारतीय

ईरान से जुड़े एक अन्य अहम घटनाक्रम के बारे में सवाल पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि इजराइल से संपर्क होने कारण ईरान ने जिस जहाज को पकड़ा है उस पर सवार 17 भारतीयों में से एक महिला सुरक्षित स्वदेश लौट चुकी है। जहाज पर सवार अन्य सदस्य सुरक्षित हैं। इन सभी को कॉन्ट्रैक्ट की शर्तें पूरी होने के बाद भेज दिया जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, अन्य 16 लोगों तक कॉन्सुलर एक्सेस की मांग की थी। मंजूरी के बाद हमारे अधिकारियों ने उनसे मुलाकात की है। उनकी सेहत ठीक है और जहाज पर उन्हें कोई परेशानी नहीं है।

## मानवाधिकार उल्लंघन का अमेरिकी आरोप वास्तविकता से दूर

**नई दिल्ली।** भारत में मानवाधिकार उल्लंघन के कथित मामलों को लेकर अमेरिकी रिपोर्ट पूर्वाग्रह से ग्रसित है। विदेश मंत्रालय ने रिपोर्ट को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह रिपोर्ट भारत की सही तस्वीर पेश नहीं करती और वास्तविकता से कोसों दूर है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि भारत ऐसी रिपोर्ट को महत्व नहीं देता, जिसमें भारत की सटीक तस्वीर पेश नहीं की गई हो। उन्होंने कहा कि सरकार की नजर में इसका कोई महत्व नहीं है। बता दें कि अमेरिकी रिपोर्ट में मणिपुर में मई, 2023 में हुए जातीय संघर्ष के बाद मणिपुर में कथित मानवाधिकारों के हनन की घटनाओं का जिक्र किया गया है। पलटवार करते हुए जायसवाल ने कहा यह रिपोर्ट बेहद पक्षपातपूर्ण है और भारत के बारे में खराब समझ को दिखाती है।